डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹77,930 10 ग्राम
₹91,080 01 किलो
सेंसेक्स 79,117.11 +1,961.32
डॉलर 84.426 -0.066

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 25 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-41, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 यशस्वी ने जड़ा ऐतिहासिक...

# हेमंत ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, 28 को लेंगे शपथ

- दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य में पहली बार कोई सरकार बनने जा रही है
- चौथी बार हेमंत झारखंड के सीएम के रूप में शपथ लेने वाले पहले नेता होंगे
- तीन-तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं शिबू सोरेन और अर्जुन मुंडा
- पांच वर्ष का कार्यकाल अब तक सिर्फ पूर्व सीएम रघुवर दास ही पूरा कर पाये हैं






नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में 'इंडिया' ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायकों ने रविवार को एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन को नेता चुन लिया है। इसके बाद उन्होंने गठबंधन के नेताओं के साथ राजभवन पहुंचकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का दायित्व सौंपा है। हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को 'इंडिया' ब्लॉक के नवनिर्वाचित 56 विधायकों की सूची सौंपी। हेमंत नए सीएम के रूप में 28 नवंबर को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में आइएनडीआइए के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव भाग ले सकते हैं। इसके पहले कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर गठबंधन के चार दलों झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा (माले) के विधायकों और नेताओं की बैठक हुई। इसमें नई सरकार की रूपरेखा और शपथ ग्रहण समारोह की तारीख, स्थान और इस मौके पर अतिथियों के निमंत्रण आदि पर विचार-विमर्श हुआ।

## 5 विधायकों पर एक मंत्री पद जेएमएम को सीएम और 6 मंत्री पद

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 2019 के चुनाव परिणाम के बाद गठबंधन में शामिल दलों के बीच चार विधायकों पर एक मंत्री पद देने का फॉमूर्ला तय किया गया था, लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन को पिछले चुनाव से अधिक सीटें मिली है। ऐसे में 5 विधायक पर एक मंत्री पद दिया जा सकता है। चुनाव में इंडिया गठबंधन को 56 सीटें मिली हैं। इसमें जेएमएम के 34, कांग्रेस के 16, आरजेडी के 4 और भाकपा-माले को 2 सीटें मिली हैं। ऐसे में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण जेएमएम के खाते में मुख्यमंत्री पद के अलावा 6 मंत्री पद जा सकते हैं। वहीं कांग्रेस को नई सरकार 3या 4 मंत्री पद मिल सकता है। जबकि गठबंधन में शामिल आरजेडी और भाकपा-माले को भी एक-एक मंत्री पद दिया जा सकता है। चर्चा यह है कि माले को एडजस्ट करने के लिए जेएमएम कांग्रेस को डिप्टी स्पीकर का पद दे सकती है, पिछली बार यह पद रिक्त रह गया था। माले अगर कैबिनेट में शामिल नहीं होती है तो कांग्रेस को पूरे 4 पद पिछली बार की तरह ही मिल सकते हैं।




**नए चेहरे होंगे शामिल होंगे :** हेमंत सोरेन सरकार के चार मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम, बेबी देवी और बन्ना गुप्ता चुनाव हार गए हैं। मिथिलेश, बैद्यनाथ और बेबी देवी जेएमएम कोटे से मंत्री बने थे, तो बन्ना कांग्रेस कोटे से। वहीं आरजेडी कोटे से मंत्री रहे सत्यानंद भोगता इस बार चुनाव से ही दूर रहे। ऐसे में कहा जा रहा है कि आरजेडी कोटे से किसी नए चेहरे को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। आरजेडी सिंबल पर दो यादव, एक दलित और एक सवर्ण चेहरा जीतकर इस बार सदन पहुंचे हैं। जेएमएम कोटे से जिन मंत्रियों की हार हुई है, उनकी जगह उन्हीं के बिरादरी के किसी नेता को जगह मिलने की बात कही जा रही है। मसलन कुड़मी समुदाय से आने वाली बेबी देवी की हार हो गईं, उनकी जगह इसी समुदाय के किसी नेता को मंत्री बनाया जा सकता है। बैद्यनाथ राम दलित बिरादरी से आते हैं, राम की जगह दलित समुदाय के किसी विधायक के मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। इसी तरह मिथिलेश ठाकुर की जगह किसी सवर्ण समुदाय के नेता को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है।

**कांग्रेस को डिप्टी सीएम नहीं मिलेगा :** जीत से गदगद कांग्रेस झारखंड में डिप्टी सीएम का पद चाह रही थी, लेकिन हेमंत सोरेन ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। कहा जा रहा है कि डिप्टी सीएम की मांग कांग्रेस के नेता सुबोध कांत सहाय के जरिए पार्टी ने की थी, लेकिन हेमंत ने कहा कि जो व्यवस्था है, उसे ही रहने दीजिए। यानी कांग्रेस कोटे से जो भी शामिल होंगे, वो सिर्फ कैबिनेट मंत्री के हैसियत से शामिल होंगे। इस बार यह भी देखना है कि वित्त, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण जैसे विभाग कांग्रेस को मिलते हैं या नहीं?

**महिला और युवा चेहरे को तरजीह :** हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में सिर्फ 2 महिला मंत्री थीं, कहा जा रहा है कि इस बार इसमें बढ़ोतरी हो सकती है। महागठबंधन की तरफ से 8 महिला विधायक चुनी गई हैं। सरकार में युवाओं को भी इस बार तरजीह मिलने की बात कही जा रही है। 2019 में जब हेमंत कैबिनेट का गठन हुआ था, तो सिर्फ बादल पत्रलेख युवा मंत्री थे, कहा जा रहा है कि इस संख्या में इस बार बढ़ोतरी होगी।

**क्षेत्रीय समीकरण साधने पर भी जोर :** हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में कोल्हान से 3 मंत्री थे। चंपई के इस्तीफा के बाद भी हेमंत ने इस फॉमूर्ले को बरकरार रखा। कोल्हान में इस बार इंडिया गठबंधन की सीटें जरूर कम आई है, लेकिन दबदबा अभी भी कायम है। ऐसे में कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन सरकार में कोल्हान से फिर 3 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसी तरह सरकार में संथाल से 3 और पलामू से एक मंत्री थे। दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर से 4 मंत्री बनाए गए थे। इसे भी बरकरार रखने की बात कही जा रही है। हेमंत कैबिनेट में कांग्रेस ने एक अल्पसंख्यक, एक आदिवासी, एक सवर्ण और एक ओबीसी को मंत्री बनाया था। हेमंत की पार्टी ने 3 आदिवासी, एक दलित, एक सवर्ण और एक ओबीसी को कैबिनेट में जगह दी थी। आरजेडी कोटे से एक दलित को कैबिनेट में जगह मिली थी।

### सोरेन परिवार के हाथ सातवीं बार राज्य की कमान


हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले पहले नेता होंगे। इसके पहले उन्होंने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसम्बर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसम्बर 2019 में शपथ ली थी और 31 जनवरी 2024 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद इस्तीफा दे दिया था। जमानत पर बाहर आने के बाद 4 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन के पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भाजपा के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

### यह राज्य की जनता के साथ एक-एक कार्यकर्ता की जीत : हेमंत

हेमंत सोरेन ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह राज्य की जनता के साथ-साथ गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। हमें अपने वायदे पर कायम रहते हुए राज्य को विकास के मार्ग पर ले जाना है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

# बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने के लिए आगे आ रहे हैं युवा

- मन की बात के 116वें एपिसोड में बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 116वें एपिसोड में निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम कर रहे युवाओं की सराहना की। पीएम मोदी ने बताया कि ऐसे कई युवा समूह बनाकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान निकालने में जुटे हैं। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा, ऐसे कितने ही युवा हैं जो लोगों की समस्याओं का समाधान निकालने में जुटे हैं। हम अपने आस-पास देखें तो बहुत से लोगों ऐसे हैं, जिन्हें किसी ना किसी तरह की मदद चाहिए, कोई जानकारी चाहिए। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि कुछ युवाओं ने समूह बनाकर इस तरह की बात के समाधान पर ध्यान दिया है। पीएम मोदी ने लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र का उदाहरण दिया जो बुजुर्गों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के काम में मदद करते हैं। पीएम मोदी ने कहा, आप जानते हैं कि नियमों के मुताबिक सभी पेशनरों को साल में एक बार लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। 2014 तक इसकी प्रक्रिया यह थी इसे बैंकों में जाकर बुजुर्ग को खुद जमा करना पड़ता था। आप कल्पना कर सकते हैं कि इससे हमारे बुजुर्गों को कितनी असुविधा होती थी। अब ये व्यवस्था बदल चुकी है। अब डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट देने से चीजें बहुत ही सरल हो गई हैं, बुजुर्गों को बैंक नहीं जाना पड़ता। पीएम मोदी ने आगे कहा, बुजुर्गों को तकनीक की वजह से कोई दिक्कत ना आए, इसमें, वीरेंद्र जैसे युवाओं की बड़ी भूमिका है। वह अपने क्षेत्र के बुजुर्गों को इसके बारे में जागरूक करते रहते हैं। इतना ही नहीं वह बुजुर्गों को टेक सेवी भी बना रहे हैं। ऐसे ही प्रयासों से आज डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट पाने वालों की संख्या 80 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। इनमें से दो लाख से ज्यादा ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनकी आयु 80 के भी पार हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, कई शहरों में युवा बुजुर्गों को डिजिटल क्रांति में भागीदार बनाने के लिए भी आगे आ रहे हैं। भोपाल के महेश ने अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्ट फोन तो था, लेकिन, उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था। बुजुर्गों को डिटिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने के लिए भी युवा आगे आए हैं। पीएम मोदी ने आगे बताया, ऐसे ही अहमदाबाद के राजीव, लोगों को डिटिटल अरेस्ट के खतरे से आगाह करते हैं। मैंने मन की बात के पिछले एपिसोड में डिटिटल अरेस्ट की चर्चा की थी।

## सुदेश के लिए सीट खाली करने को तैयार हैं निर्मल महतो



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पूरे झारखंड में आजसू का झंडा मांडू विधानसभा सीट से निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने फहराया है। वे इकलौते विधायक वर्तमान समय में रहेंगे जो विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। शपथ लेने से पहले ही निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने रविवार को एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के लिए अपनी सीट खाली करने का फैसला किया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो को एक पत्र लिखा और कहा है कि वे उनके लिए मांडू विधानसभा सीट खाली करेंगे। साथ ही उन्हें जिताकर विधानसभा भेजेंगे। इस पर अब आखिरी फैसला सुदेश महतो लेंगे।

आज से शुरू हो रहा संसद का शीतकालीन सत्र

## अडानी, मणिपुर व वक्फ मुद्दे को लेकर होगा हंगामेदार

- सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक सूचीबद्ध

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (25 नवंबर) से शुरू हो रहा है। इस सत्र में दोनों सदनों की 19- 9 बैठकें होनी हैं। अडानी, मणिपुर व वक्फ मुद्दे को लेकर इस सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है। बैठक के मद्देनजर रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। सर्वदलीय बैठक के दौरान कांग्रेस ने केंद्र सरकार से कुछ मुद्दों पर चर्चा की मांग की है। इनमें अडानी, मणिपुर व बढ़ रहा प्रदूषण भी शामिल है। इस बारे में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस ने सरकार से आग्रह किया है कि न्यूयॉर्क में अमेरिकी न्याय विभाग ने इस बात का संज्ञान लिया है कि यहां का एक प्रमुख औद्योगिक घराना (अडानी समूह ) न केवल उद्योग बल्कि सरकार पर भी पकड़ नियंत्रित कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अडानी समूह ने सौर ऊर्जा से जुड़े विभिन्न उद्योगों के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं और अधिकारियों को लगभग 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी है। प्रमोद तिवारी ने मणिपुर का जिक्र करते हुए कहा, हमने मणिपुर मुद्दा उठाने को कहा है। बलात्कार, हत्याएं हो रही हैं और मणिपुर में कोई कानून व्यवस्था नहीं है। देश में बेरोजगारी के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। सेनाओं की वापसी का मुद्दा संसद में उठाया जाना चाहिए। मुझे इस बात की भी चिंता है कि उत्तर भारत में प्रदूषण की स्थिति और गंभीर होती जा रही है। कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके शिवसेना, बीजेडी व अन्य दलों के नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए। संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन विधायक पर चर्चा के लिए बनी जेपीसी भी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। हालांकि इसमें शामिल कई विपक्षी सांसद अभी और समय देने की मांग कर रहे हैं।सरकार ने शीतकालीन सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक लिस्ट किए हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार पंजाब कोट्र्स संशोधन विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक, तटीय शिपिंग विधेयक और भारतीय बंदरगाह विधेयक पेश किए जा सकते हैं। भारतीय वायुयान विधेयक भी राज्यसभा में लंबित है। परंपरा के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में हंस द्वार के समीप महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगे। संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम संविधान सदन में होगा। गौरतलब है कि संसद के पुराने भवन को अब संविधान सदन कहा जाता है जहां सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस का कार्यक्रम होगा।

इंडिया

# समृद्ध झारखंड के लिए योग्य और दक्ष को बढ़ावा मिले



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम सभी चाहते हैं कि राजनीति का स्तर सुधरे और निर्णय लेने में जो भूल या त्रुटि होती है वह न हो इसके लिए समय आ गया है कि विकसित राज्यों या देशों की तरह प्रशासनिक या प्रोफेशनल क्षेत्र के अनुभवी और उच्च शिक्षित लोगों का चयन हो । अभी केंद्र सरकार में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और रेलवे और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित संपादक रहे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश इसके उदाहरण हैं जिनके नौकरशाह या पत्रकारिता प्रबंधन के पूर्व कायार्नुभव ने उन्हें अत्यंत दक्षता प्रदान की है ।इस बार सिसई से चुनाव हारने वाले डॉ अरुण उरांव आईपीएस अधिकारी रहे हैं और एक विधायक या मंत्री के तौर पर बेहतर कार्य कर सकते थे जैसा पूर्व आईपीएस और वर्तमान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपनी दक्षता से साबित किया है पर लगता है अभी झारखंड की जनता पूरी तरह परिपक्व नहीं हुई है ।दरअसल भारत भावनाओं में बहने वाला देश है जहां किसी दक्ष या अनुभवी व्यक्ति की दक्षता या योग्यता से अधिक उसका अपने जाति,धर्म या किसी के परिवार का होना या किसी की विधवा होना जैसे मापदंडों को अधिक महत्व दिया जाता है ।सबसे अधिक सवाल उठाए जाते हैं जब कोई जज,पत्रकार या बड़ा अधिकारी सेवानिवृत होने के बाद राजनीति में आता है ।हमें लगता है कि जरूर उसने पहले बेईमानी की होगी खास तौर पर सोशल मीडिया पर ऐसी बातें खूब फैलाई जाती हैं । इन कुछ बातों पर देश के 50वें सीजेआई रहे डीवाई चंद्रचूड़ ने खुलकर बातें की । जब उनसे पूछा गया कि क्या वे कभी राजनीति में आएंगे तो उन्होंने कहा- वे 65 साल की उम्र के बाद ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे उनके काम और न्यायिक प्रणाली की ईमानदारी पर संदेह पैदा हो।उनसे सवाल किया गया कि क्या रिटायरमेंट के बाद जजों को राजनीति में आना चाहिए।इसके जवाब में उन्होंने कहा- संविधान या कानून में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं है। हमारा समाज पूर्व जजों को कानून के संरक्षक के रूप में देखता है। उनकी लाइफ स्टाइल समाज के कानूनी सिस्टम के मुताबिक होनी चाहिए।उनका कहना था कि रिटायरमेंट के बाद भी लोग उन्हें जज के रूप में ही देखते हैं । जजों को ट्रोलिंग से बहुत सावधान रहना होगा। ट्रोलर्स कोर्ट के फैसलों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। लोकतंत्र में कानूनों की वैधता तय करने की पावर कॉन्स्टिट्यूशनल



कोर्ट को सौंपी गई है। पावर के सेपरेशन में नियम हैं। जैसे कानून बनाने का काम विधायिका करेगी, कानून का क्रियान्वयन कार्यपालिका करेगी और ज्यूडिशियरी कानून की व्याख्या और विवादों का फैसला करेगी। हालांकि कई बार ये तनावपूर्ण हो जाता है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में नीति निर्माण का काम सरकार को सौंपा जाता है। जब मौलिक अधिकारों की बात आती है तो संविधान के तहत कोर्ट का कर्तव्य है कि वे हस्तक्षेप करें। नीति निर्माण विधायिका का काम है, लेकिन इसकी वैधता तय करना कोर्ट का काम और जिम्मेदारी है।किसी मामले में खास रुचि रखने वाले स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप, प्रेशर ग्रुप उस मामले के रिजल्ट को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। जजों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। आजकल लोग यूट्यूब और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखे 20 सेकेंड के वीडियो के आधार पर राय बना लेते हैं। ये बहुत बड़ा खतरा है। प्रत्येक नागरिक को ये समझने का अधिकार है कि किसी फैसले का आधार क्या है और कोर्ट के फैसलों पर अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन जब ये अदालत के फैसलों से आगे निकल जाता है और जजों को व्यक्तिगत तौर पर निशाना बनाता है तो ये एक तरह से बुनियादी सवाल उठाता है- क्या ये वास्तव में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है? हर कोई यूट्यूब और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो कुछ भी देखता है, उसके 20 सेकेंड में अपनी राय बनाना चाहता है। ये गंभीर खतरा है। क्योंकि कोर्ट में निर्णय लेने की प्रक्रिया कहीं अधिक गंभीर है।अपनी विदाई के समय कुछ दिनों पूर्व उन्होने कहा था, ह्यजब मैंने चीफ जस्टिस के तौर पर कार्यभार संभाला, तो 9 नवंबर 2022 से 1 नवंबर 2024 के बीच 1.11 लाख दर्ज मामलों से 5.33 लाख केस को लिस्ट किया गया और 1.07 लाख केस का निपटारा किया गया।ह्ल इन उदाहरणों का यह मतलब कतई यह नहीं है कि सार्वजनिक जीवन से मंत्री या मुख्यमंत्री बने लोगों में दक्षता की कमी होती है पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि कुछ तकनीकी या विशेष दक्षता वाले कार्यों में संबंधित विभाग का कायार्नुभव बहुत काम आता है अन्यथा आज के तकनीकी युग में नेताओं की निर्भरता अपने सलाहकारों पर बढ़ जाती है जिससे संदिग्ध फैसले बाद में भ्रष्टाचार के रूप में उजागर होते हैं ।झारखंड खनिज के मामले सबसे समृद्ध राज्य है और युवा और ऊजार्वान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रचंड बहुमत से अभी पांच साल तक शासन करेंगे जिसमें विभागों के बंटवारे में आशा है सावधानी बरतेंगे।

## पूर्व विधायक अंबा के घर पर पथराव, टूटी गाड़ी को बताई जनसेवा की पहली तस्वीर



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा सीट के चुनाव नतीजे आने के बाद सबसे पहला हमला पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर हुआ है। उनके घर पर रविवार की सुबह कुछ लोगों ने पथराव किया। इस पथराव में उनकी मारुति गाड़ी के शीशे टूट गए हैं। पथराव के पीछे नवनिर्वाचित विधायक के दबंग समर्थकों का हाथ होने का आरोप अंबा प्रसाद ने लगाया है। अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया पर अपनी टूटी हुई गाड़ी की तस्वीर पोस्ट की है और कहा है कि क्या यही है जनसेवा की आपकी पहली तस्वीर? अंबा प्रसाद ने कहा कि अभी कल ही चुनाव के नतीजे आए और आज नव निर्वाचित विधायक के समर्थकों ने हमारी गाड़ी का शीशा तोड़कर अपनी दबंगई का प्रदर्शन किया। आखिर ऐसी क्या व्यक्तिगत दुश्मनी है आपकी मुझसे? जनता ने आपको सेवा और विकास के लिए चुना है, न कि डर और गुंडागर्दी फैलाने के लिए। दर्द सिर्फ.टूटे हुए शीशे का नहीं, बल्कि टूटते भरोसे और बिगड़ती सियासत का है। अंबा प्रसाद ने जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है।

# राजद प्रत्याशी और इंडी गठबंधन की जीत पर समर्थकों ने जश्न मनाया

## मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव और राज्य में इंडी गठबंधन की रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक जीत पर रविवार को पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने स्टेशन रोड स्थित शहीद जगदेव की प्रतिमा का माल्यार्पण के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इसमें झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा व अन्य कई लोग भी शामिल थे। नेताओं ने दुकानदारों सहित आमलोगों को भी मिठाई खिलाया। राजद समर्थकों ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन,राहुल गांधी और संजय यादव जिंदाबाद के नारे लगाकर जश्न मनाया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन खान, खुर्शीद अनवर, प्रखंड अध्यक्ष पंचू रजवार के अलावा अशोक यादव, मनोज सिंह, गणेश मेहता, सिद्धार्थ कुमार, रामरेखा मेहता,अनिल मेहता, सूर्यदेव यादव, बालेश्वर यादव,उमेश राम व शशि मेहता सहित काफी संख्या में समर्थक शामिल थे। इससे पूरा बाजार क्षेत्र राजद प्रत्याशी और इंडी गठबंधन की जीत की खुशी में डूबा हुआ नजर आया। इसके साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, धनंजय कुमार तिवारी, कुश कुमार सिंह, अफरोज अहमद सिद्दीकी, नदीम खान, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, पूर्व मुखिया पंचम खान के अलावा अन्य कई लोगों ने इसे सामाजिक समरसता और भाईचारे की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के दोबारा आने से राज्य के विकास को गति मिलेगी। राज्य की अस्मिता जल, जंगल और जमीन की रक्षा व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। गरीब-गुरबों का मान सम्मान बढेगा। वहीं, कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने इसे नवजवानों माताओं व बहनों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने उनके जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि इस जीत को राजनीतिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने इस चुनाव में सक्रियता के साथ काम करने वाले कांग्रेस सहकारिता विभाग की टीम की ओर से नव निर्वाचित विधायक को शुभकामनाएं व बधाई दी है।

### राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह के जीत पर निकली विजय जुलूस

**नावाबाजार पलामू** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी नरेश सिंह के प्रचंड जीत पर जश्न का माहौल कायम है। प्रखंड क्षेत्र में राजद कार्यकर्ता व समर्थकों सहित महागठबंधन के नेताओं कार्यकताओं के द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका नतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी व युवा प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रचंड जीत की जश्न में डूबे कार्यकर्ता पूरी उत्साह के साथ पार्टी के इटको स्थित प्रखंड कार्यालय से विजय जुलूस निकाली गई। नेताओं कार्यकताओं के द्वारा नरेश सिंह जिंदाबाद, लालू प्रसाद यादव जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, तेजस्वी यादव जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नावा बाजार, कंडा, तुकबेरा, पड़वा मोड़ तक पहुंचे। उत्साहित व जश्न में डूबे नेताओं कार्यकताओं के द्वारा अबीर-गुलाल एक दुसरे को लगाते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दिया। साथ हीं आते जाते लोगों के बीच मिठाईयां बांट जश्न मनाया। समर्थकों के द्वारा खूब आतिशबाजी किया गया। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने कहा कि यह जीत विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रहा है। पूर्व के विधायक के द्वारा क्षेत्र का तनिक भी विकास कार्य नहीं किया गया है। जनता उनकी कार्यशैली व उनकी भावनाओं को समझती हुई पूरी तरह नकार दिया है। राज्य में महा गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह महागठबंधन के सहयोगी हैं। ऐसे में क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास होगा, लोगों की जरूरतें पूरी होगी। प्रखंड सह अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगेगा। कार्यालय भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन गई है। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता जमालुद्दीन खां, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार यादव, पुर्व जिला पार्षद अनुज राम, पुर्व उपप्रमुख प्रमुख बिरजू यादव, मनोज यादव, सुदामा पाल, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, अश्विनी पांडेय, अंजनी कुमार सिंह, पंकज सिंह, मनीष कुमार सिंह, गुड्डू भारती, मोहम्मद अफजल हुसैन, राकेश कुमार सिंह, सुकन यादव, राम प्रवेश सिंह, उपमुखिया शलैश कुमार यादव, प्रदीप यादव, अरुण सिंह, गणेश प्रसाद गुप्ता, इनर यादव, अशोक प्रजापति, धिरज यादव, गुड्डू मौर्या, डॉ योगेंद्र सिंह,मीर वारिस,सरयू प्रजापति, निर्मल यादव, मीर आसिक, नीरज मेहता, पिंटू सिंह,अरबिंद यादव,लखन यादव, शंकर सिंह, राजेंद्र यादव, सुनील यादव, ठाकुर दयाल सिंह, राजदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य देवेन्द्र सिंह,अशोक यादव,मोहम्मद सुल्तान अंसारी, लखन यादव, रविन्द्र यादव, गुलाम नबी जी, बिक्रम भुइयां , पिंटू भारती समेत सैकड़ों राजद समर्थक विजय जुलूस में शामिल थे।

## नव निर्वाचित विधायक का स्वागत किया



**विश्रामपुर।** नव निर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह का आज कई जगहों पर कार्यकताओं व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। बी मोड़ पर युवा समाज सेवी ऋतुराज मिश्रा के नेतृत्व में राजद कार्यकताओं व समर्थकों ने श्री सिंह को माला पहनाकर जीत की बधाई दी। उन्होंने विधायक नरेश प्रसाद सिंह को क्षेत्र के विकास में हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जनता के विश्वाश पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके पर विकाश उपाध्याय,मणिभूषण पांडेय,विकेश पांडेय,दुर्गा प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## 250 बोझा धान जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के दिनादाग पंचायत के दिनादाग में सरजू यादव,दीपू यादव,इंदू कुंवर के खलिहान में रखे 250 धान का बोझा जल कर राख हो गया। भुक्त भोगी ने बताया कि मशीन से धान निकालने के क्रम में गाड़ी में शॉर्ट शर्किट होने के कारण मशीन के साथ खलिहान में रखे 250 बोझा धान जलकर खाक हो गया। बुझाने के कोशिश करने के बावजूद भी सभी धान का बोझा जलकर खाक हो गया। स्थनीय ग्रामीणों ने सरकार से मुआवजा की मांग किया है। इंदु कुंवर के पति कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई है। जीवकोपार्जन का यही धान सहारा था।

## शारीरिक व मानसिक कष्ट देता पंचक, मांगलिक कार्यों के लिये होता अशुभः पंडित कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रतिवर्ष पांच दिन तक चलने वाली पंचक (पचखा) शारीरिक और मानसिक परेशानियों से भरा हो सकता है। हालांकि रविवार से शुरू वाले पंचक रोगपंचक माना जाता है। इस पर विशेष प्रकाश डालते हुए विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित कुंडल तिवारी ने कहा कि यह पांच दिन रोगपंचक, राजपंचक, अग्निपंचक, मृत्युपंचक और चोर पंचक के रुप में गुजरता है। इन पांच दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिये। सभी मांगलिक कार्यों में ये पंचक का दिन अशुभ माना जाता है। सोमवार से शुरू राजपंचक शुभ माना जाता है। इसके प्रभाव से इन पांच दिनों में सरकारी कार्यों में सफलता मिलती है। राज पंचक में संपत्ति से जुड़े काम करना भी शुभ होता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अग्निपंचक में कोर्ट- कचहरी और विवाद आदि के फैसले, अपना हक, प्राप्त करने वाले काम किये जा सकते हैं। इस पंचक में अग्नि का भय व अशुभ होता है। इस पंचक में किसी भी तरह का निर्माण कार्य, औजार व मशीनरी कार्य करना अशुभ माना गया है। शुक्रवार से शुरू चोरपंचक में विद्वानों के अनुसार यात्रा करने की मनाही है। इस पंचक में लेनदेन, व्यापार व अन्य सौदे नहीं करनी चाहिये। इससे धन ही हानि हो सकती है। शनिवार को शुरू होने वाला मृत्युपंचक अशुभ दिन के रुप में होता है। इससे मृत्यु के समान परेशानी होती है। इन पांच दिनों में किसी भी तरह जोखिम भरा कार्य नहीं करना चाहिये। इसके प्रभाव से विवाद, चोट, दुर्घटना आदि होने की संभावना बनी रहती है। इस के अलावा बुधवार, गुरुवार, सोमवार को मंगलकारी माना जाता हैं। पंचक के पांच नक्षत्रों में घनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद, रेवती नक्षत्र आज भी विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि घनिष्ठा नक्षत्र में अग्नि भय, शतभिषा नक्षत्र में कलह, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में रोग वृद्धि, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में आर्थिक दंड और रेवती नक्षत्र में धन हानि का खतरा बना रहता हैं। दाह संस्कार, खाट बीनना, घास - फूस इकट्ठा करना, छप्पर छाना, दक्षिण दिशा की यात्रा आदि वर्जित माने गये हैं।

उम्मीद

### सड़क और रेल अंडरपास निर्माण की नवनिर्वाचित विधायक से होगी बड़ी अपेक्षा

## ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय वापस लेकर मतदान में लिया था हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ बूथ नंबर-25 और बेगमपुरा बूथ नंबर-18 के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय वापस लेकर मतदान में हिस्सा लिया था। कोल्हुआ के ग्रामीणों की नाराजगी गांव से होकर गुजरी भजनियां-पंसा सड़क की खराब हालत को लेकर थी। जबकि बेगमपुरा के ग्रामीणों ने रेलवे अंडरपास नहीं बनने से आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर वोट नहीं करने का फैसला लिया था। मगर ऐन वक्त पर मान मनौव्वल के बाद वे मतदान करने को राजी हो गए थे। अब जबकि विधायक का चुनाव हो गया है, तो ग्रामीणों ने उनकी इन समस्याओं के समाधान करने की अपेक्षा जताई है। बता दें कि पलामू लोस व हुसैनाबाद विस क्षेत्र के तहत एक से 43 नंबर बूथ इसी प्रखंड में हैं। एक नंबर जिला परिषद क्षेत्र भी इसी प्रखंड को बनाया गया है। पंसा गांव से बूथ नंबर एक शुरू है। जहां तक पहुंचने के लिए अच्छी सड़कों की समस्या बड़ी है। हैदरनगर और मोहम्मदगंज दोनों प्रखंड मुख्यालयों से इसके सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली अच्छी सड़क नहीं है। इसी वजह से पहले लोस और बाद में विस चुनाव के बहिष्कार का ऐलान संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों ने किया। जो अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मान मनौव्वल के बाद मतदान में भाग लेने को राजी हो गए। इसी प्रकार थर्ड लाइन विस्तारीकरण के बाद कई ऐसे गांव हैं, जहां के ग्रामीणों के समक्ष रेल लाइन आरपार करना जोखिम भरा बन गया है। इसी वजह से बेगमपुरा के ग्रामीणों ने अंडरपास नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लिया था। मगर वे भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप और सकारात्मक आश्वासन पर मतदान को राजी हो गए। वहीं कादलकुर्मी पंचायत के अंतर्गत सुदूरवर्ती माहूर बूथ नंबर -43 के लिए मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से जोड़ने के लिए अच्छी संपर्क पथ तक नहीं है। यही वजह है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां के मतदाताओं को 15 किमी दूर प्रखंड मुख्यालय स्थित केंद्र पर दोनों ही चुनाव में मतदान करने की विवशता है। अब देखने वाली बात होगी कि नवनिर्वाचित विधायक इन समस्याओं के समाधान के मसले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। संबंधित गांव के ग्रामीणों का भी यही बड़ा सवाल भी है। जैसी की चर्चा है।

# जेएमएम नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुके देकर किया स्वागत, दी बधाई



**हुसैनाबाद।** जेएमएम के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रचंड जीत हुई है। राज्य की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल) गठबंधन का लगातार दूसरी बार सत्ता सौंपी है। उन्होंने रांची स्थित आवास पर पहुंच कर बुके देकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव रिजल्ट में जेएमएम गठबंधन 56 सीटों पर जीत हासिल की है। यह जनता की जीत हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर हेमंत सोरेन की ताकत क्या है जिसके बल पर उन्होंने लगातार दूसरी बार राज्य की सत्ता हासिल की है। उन्होंने राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जनमत ने साबित किया यहां एक रहेंगे सेफ रहेंगे : आलोक चौरसिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** डालटगनंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा से भाजपा के नव निर्वाचित विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद कहा कि एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे इस बात को भाजपा प्रत्याशी को जीताकर जनता ने साबित कर दिया। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पूरे क्षेत्र के जनता को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह हमारी जीत नहीं मेदिनीनगर भंडारिया विधानसभा की जनता की जीत है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कामों को प्रशंसा करते हुए कहा कि आज जो देश मजबूत हुआ है, इसमें मोदी का भरपूर हाथ है। यहां की जनता हमें जीता कर यह साबित कर दिया कि हम लोग मोदी के साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा का वोट बोलता नहीं दिखता है।

### एक हजार धान का बोझा खाक

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र बोहीता पंचायत के सेहरा गांव के खलिहान में रखा 1000 धान का बोझा शनिवार की रात जलकर राख हो गया । भुक्त भोगी किसान सेहरा गांव निवासी मोहम्मद स्माइल पिता झगरू मियां, मोहम्मद जसीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, मोहम्मद महताब अंसारी ने बताया कि 8-10 दिन से धान के बाली को काटकर 2000 बोझा अपने खलिहान में रखा थे। शनिवार की रात 2 बजे लोगों हल्ला हंगामा सुनकर उठे और बाहर निकले तो देखा कि खलिहान में रखा धान के बोझा में आग लगा हुआ था। वहीं ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जिसमें लगभग 1000 धान का बोझ जलकर राख हो गया यह आग किसने लगाया, कैसे लगा, इसका अभी तक जानकारी नहीं मिला मिल पाया है।

## मुखिया संघ ने राधाकृष्ण किशोर की जीत पर बधाई दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** मुखिया संघ की बैठक छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से छठी बार जीते राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम को विधायक बनने पर बधाई दिया गया। मौके पर मुखिया संघ के सदस्यों कहा कि वोटिंग होने से पहले छतरपुर के सभी मुखिया ने जिताने के लिए समर्थन दिया था और जीत भी मिली। अब पूरा विश्वास है कि छतरपुर के सभी पंचायतो में विकास का काम का तेजी होगा। यही सोच के साथ अनुभवी विधायक को मुखिाया संघ ने रात दिन एक कर जिताने का काम किया है। कांग्रेस के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह ने राधाकृष्ण किशोर की जीत पर सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया। मौके पर मुखिया हरेंद्र सिंह, सुदामा पासवान, उमेश यादव, भोला भुइया, फरीद खलीफा राजेश्वर राम,लंकेश्वरी देवी,समेत कई मुखिया शामिल हुए। कांग्रेस के खालिद राजा, जेएएमम फिरदौस, राजन चंद्रवंशी ,विश्वनाथ चौधरी, जाहिर अंसारी, जिनन्त हुसैन खलील अंसारी शामिल थे।

## हुसैनाबाद का विधानसभा चुनाव का परिणाम ने तीन दशक का इतिहास बदला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का परिणाम बीते तीन दशक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। राजद से ही दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह के हाथों में मतदाताओं ने क्षेत्र का कमान सौंपा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह से सीधा मुकाबला में 81476 मत लाकर 34364 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। वहीं निवर्तमान विधायक कमलेश सिंह ने राकांपा छोड़ भाजपा से चुनाव तो लड़े। इनकी हार ने इस क्षेत्र में दलबदल की परिणाम की पुनरावृति पनपकर सामने आई है। राजद के प्रदेश सचिव रिजवान खान, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व सचिव पवन कुमार ने बताया कि सन 1977 के जनता पार्टी की चुनावी लहर में पलामू की नौ विधानसभा सीटों में आठ सीट पर जनता पार्टी के प्रत्याशी ने ही बाजी मारी थी। उस वक्त यहां से कांग्रेस के हरिहर सिंह चुनाव जीत कर बिहार विधानसभा गये थे। सन 1990 में बिहार में जनता दल के दबदबा में यहां से भाजपा के दशरथ कुमार सिंह पताखा लहराया। जबकि वर्ष 2005 व 2019 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से कमलेश कुमार सिंह और 2014 में बहुजन समाज पार्टी के कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने इस क्षेत्र पर कब्जा जमाया। दिलचस्प बात तो यह है कि यहां के मतदाताओं ने दल बदल करने वाले प्रत्याशी को पटखनी दे दी। वर्ष 1990 में मात्र 163 वोटों से विजयी दशरथ कुमार सिंह भाजपा छोड़ बाद में संपूर्ण क्रांति दल, जनता दल, समता पार्टी में जाकर वर्ष 1995 में उन्हें मात्र 8797 वोट मिलने पर चौथे स्थान पर गये। वहीं 1995 में जनता दल से अप्रत्याशित मतों से विजयी अवधेश कुमार सिंह वर्ष 2000 में दल बदल कर भाजपा से चुनाव लड़े तो उन्हें मात्र 8359 मत ही मिलने से चौथे स्थान पर रहे। गठबंधन की जोड़तोड़ को देखा जाये तो पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह वर्ष 2005 एवं 2009 में जदयू एवं भाजपा के गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर जदयू के सिंबल पर चुनाव लड़े। वर्ष 2009 के चुनाव में बीएचयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजद से विक्षुब्ध होने के बाद कांग्रेस से चुनाव लड़ने पर उन्हें मात्र 2521 मत ही मिला। वर्ष 2014 में दशरथ सिंह के जदयू छोड़ झामुमो से चुनाव लड़ने पर उन्हें 7076 ही मत प्राप्त हो सका। वर्ष 2014 में बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने 57275 अप्रत्याशित मत लाकर लाकर चुनाव तो जीते, पर 2019 में दल बदल कर आजसू से चुनाव लड़ने पर उन्हें मात्र 15544 मत ही मिलने से जमानत जब्त हो गयी। एकमात्र राजद प्रत्याशी संजय कुमार यादव रहें जिन्होंने कांग्रेस व झामुमो के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ते रहे।

## सनातन धर्म सभा ने विधायक को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता पुनः विधानसभा चुनाव में निर्वाचित होने पर तलवार भेंट कर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने रविवार को सम्मानित किया। विधायक आवास में विधायक को सम्मानित करने के उपरांत सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने विधायक से हिंदू सनातन यात्रा आरंभ करने का भी आह्वान किया। केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि हिंदू सनातन एकता के लिए विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। यही कारण भी है कि प्रत्येक सनातनियों बहन बेटियों की सुरक्षा की गारंटी के लिए दूसरी बार विजयश्री का माला पहनाया है। यह अपेक्षा करते हैं कि अगले 5 साल के कार्यकाल में उनके स्तर से प्रत्येक सनातनियों की रक्षा के लिए संकल्प दोहराया जाएगा। मौके पर भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, महासचिव विजय ठाकुर, सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय, बालकेश पासवान, राम निहोरा गिरी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जनजातीय गौरव पखवाड़ा में निखरी रही है बच्चों की कला

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध,भाषण,क्वीज व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता अर्पणा, अनुराग, सोनाली, अमित, प्राची, निशा, मनीषा, अंजलि, निकिता, साक्षी, संजना, रौनक, पिहु, खुशबू, सूरज,नंदनी, नैंसी,सोनम, जितेन्द्र,अमन व निशु को पुरस्कृत किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र को उकेरकर अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक ने परशुराम तिवारी ने कहा कि आयोजन के माध्यम से बच्चों को जनजातीय गौरव से अवगत कराया जा रहा है। दुनिया को खूबसूरत बनाने में जनजातीय समुदाय की भूमिका सराहनीय व अनुकरणीय है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी,शिक्षक विजय कुमार ठाकुर,लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा,बीएड प्रशिक्षु अभय कुमार व अभिषेक तिवारी सक्रिय रहे।

### विजय जुलूस में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह और जिला अध्यक्ष अमित तिवारी समेत कई नेता

# आलोक चौरसिया ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, विजय जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस जीत ने भाजपा को क्षेत्र में मजबूती देने के साथ जनता के भरोसे को एक बार फिर प्रमाणित किया है। जीत के बाद उनके गांव से शुरू हुआ विजय जुलूस मेदिनीनगर पहुंचा, जिसमें समर्थकों और कार्यकर्ताओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

जुलूस में समर्थक अबीर-गुलाल उड़ाते और पटाखों से जश्न मनाते नजर आए। आलोक चौरसिया विजय जुलूस में वाहन पर सवार होकर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों का अभिवादन करते हुए दिखाई दिए। सबसे आगे बाइक सवार समर्थक भाजपा और भगवा झंडा लहराते हुए चल रहे थे, जबकि उनके पीछे बड़ी संख्या में पैदल समर्थक जुलूस का हिस्सा बने। समर्थकों ने 'आलोक चौरसिया जिंदाबाद,' 'जय श्री राम,' और 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारों से माहौल को जोशीला बना दिया।

**जुलूस में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति :** विजय जुलूस में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रभात भुइयां, भीष्म चौरसिया, ज्ञानधन चौरसिया, शिव कुमार मिश्रा, राम लव चौरसिया, संटू चौरसिया समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।



**राजनीतिक महत्व और क्षेत्रीय संदेश :** आलोक चौरसिया की लगातार तीसरी जीत न केवल उनके व्यक्तिगत नेतृत्व का प्रमाण है, बल्कि भाजपा के प्रति क्षेत्रीय जनता की आस्था और विश्वास का प्रतीक भी है। इस जीत से पार्टी के लिए स्थानीय स्तर पर न केवल राजनीतिक संदेश मजबूत हुआ है, बल्कि विकास और स्थायित्व की उम्मीदों को भी बल मिला है। विजय जुलूस के साथ ही क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा, लेकिन इस जीत ने भाजपा के लिए आने वाले समय में जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती भी खड़ी की है।

### जनता का भरोसा और विकास का वादा

जुलूस के दौरान दुर्गा मंडप पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आलोक चौरसिया का फूल-मालाओं और भगवा अंगवस्त्र से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने जनता के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह जीत हर जाति और धर्म के लोगों के सहयोग और समर्थन की जीत है। जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। मेरा संकल्प है कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जाए और हर नागरिक के सम्मान की रक्षा की जाए। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और जनता से किए गए वादों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने युवाओं, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने का भरोसा दिलाया।

## पुलिस जवानों का मानवीय चेहरा सामने आया, विजय जुलूस में फंसे मरीज को अस्पताल पहुंचने में की मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया द्वारा निकाले गए विजय जुलूस के दौरान शहर थाना पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। पुलिसकर्मी जुलूस के दौरान यातायात सुगम बनाए रखने में जुटे हुए थे। इसी बीच पुलिस जवानों का मानवीय चेहरा देखने को मिला, जब जुलूस में फंसे एक वाहन में महिला मरीज इलाज के लिए तड़प रही थी।

वाहन भारी भीड़ में फंसा होने के कारण अस्पताल के लिए आगे नहीं बढ़ पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस जवान तुरंत हरकत में आए। उन्होंने भीड़ में रास्ता बनाना शुरू किया और लोगों से सहयोग की अपील की। दुर्गा मंडप के पास जुलूस में शामिल लोगों ने भी समझदारी दिखाते हुए रास्ता खाली किया। आखिरकार पुलिस जवानों की त्वरित कार्रवाई और जुलूस में शामिल लोगों के सहयोग से मरीज को अस्पताल पहुंचा दिया गया।

लोगों का कहना है कि पुलिस के इस मानवीय और संवेदनशील रवैये ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सेवा और सहायता पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है।

## मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मसीही समुदाय ने खीस्त राजा पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को एक भव्य शोभायात्रा एवं झांकी का आयोजन किया। शोभायात्रा का नेतृत्व बिशप थ्योदोर ने किया। यह शोभायात्रा कैथोलिक चर्च से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, छः मुहान, जिला स्कूल चौक, सद्दीक चौक, और गुरुद्वारा होते हुए पुनः कैथोलिक चर्च पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में टॉप ऑफ होप फाउंडेशन के प्रशिक्षुओं ने मनमोहक संगीत प्रस्तुत किए, जिनमें दिल की धड़कन जीसस क्राइस्ट, राजा यीशु जय बोलो जैसे गीत शामिल थे। प्रतिभागी बीच-बीच में खीस्त हमारा राजा है और किंग ऑफ किंग जीसस क्राइस्ट जैसे जयकारे लगाते नजर आए। शोभायात्रा में बिरसानगर, शाहपुर, बहलोलवा और चियांकी सहित विभिन्न क्षेत्रों के ईसाई समुदाय के अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



शोभायात्रा के अवसर पर फादर बी. टोप्पनो ने कहा, खीस्त राजा पर्व पर यह शोभायात्रा हमारे प्रभु यीशु मसीह को समर्पित है। यीशु न्यायप्रिय और शांति दूत हैं। वह राजाओं के राजा हैं, जिनका राज्य अनंतकाल तक रहेगा। हमें उनके बताए प्रेम, शांति और भाईचारे के मार्ग पर चलना चाहिए। मसीह की ज्योति समस्त संसार को आलोकित करती है, और हमें अन्याय और शोषण के खिलाफ खड़े होकर प्रेम का संदेश फैलाना चाहिए।

शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे अनुयायियों ने ढोल-नगाड़ों, झंडे-बैनरों और गाजे-बाजे के साथ अपनी आस्था प्रकट की। गायक मंडली द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति ने शोभायात्रा को और भी आकर्षक बना दिया।

## पंड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव निवासी दीपक मिश्रा की सड़क दुर्घटना में मौत

**मेदिनीनगर।** पंड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव निवासी दीपक मिश्रा उर्फ टिंकू मिश्रा (40 वर्ष) की रविवार शाम एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा करीब शाम 7 बजे हुआ। गंभीर रूप से घायल दीपक को तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



समाचार के मुताबिक, दीपक मिश्रा शाम 6 बजे चियांकी स्थित अपने निमार्णाधीन मकान का काम देखकर लौट रहे थे। घर पहुंचने से एक किलोमीटर पहले गाड़ी खास गांव के पास उनकी स्कूटी सड़क पर खड़ी हाईवा डंपर से टकरा गई।

दीपक मिश्रा झारसुगुड़ा, ओडिशा स्थित एनटीपीसी प्लांट में अकाउंट हेड के पद पर कार्यरत थे। वे शनिवार रात ही अपने गांव लौटे थे। इस हादसे में उन्होंने अपनी मां, पत्नी और 8 वर्षीय बेटे को बेसहारा छोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार और गांववाले अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**गांव के प्रिय दीपक मिश्रा ने छोड़ी अनमोल यादें :** दीपक मिश्रा उर्फ टिंकू अपने गांव के सभी लोगों के प्रिय थे। वे अपने स्नेही स्वभाव के कारण ग्रामीणों और परिजनों के बीच खास जगह रखते थे। उनका व्यवहार अपने पिता स्वर्गीय विनय मिश्रा की तरह था, जिनके आदर्शों को उन्होंने अपने जीवन में अपनाया। अपने पिता के असमय निधन के बाद दीपक ने संघर्ष करते हुए अपनी प्रतिभा के बल पर एनटीपीसी जैसी प्रतिष्ठित संस्था में अकाउंट हेड का पद हासिल किया। उनका जाना गांव के लिए एक बड़ी क्षति है। वे एक होनहार और उज्ज्वल भविष्य वाले युवा थे, जिनकी कमी हमेशा खलेगी।

## निमियां के वार्ड 3 में करीब 10 लाख रुपए की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निमिया वार्ड 3 में जगत प्रसाद के घर पर लाखों की चोरी की घटना हुई है। आवेदन में जगत प्रसाद ने बताया कि उनके परिवार का कोइ भी सदस्य 17 से 22 नवंबर के बीच घर पर मौजूद नहीं था। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। जगत प्रसाद के पुत्र रामानुज प्रसाद ने जानकारी दी कि चोरों ने छत के सीढ़ी रूम का करकट तोड़कर घर में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि घर के ऊपरी हिस्से में करकट टूटा हुआ मिला और कमरे के दरवाजे का लॉकर व अलमारी भी टूटी हुई पाई गई। 22 नवंबर को जब उनकी मां घर लौटीं, तो उन्होंने देखा कि दरवाजा अंदर से लॉक था।



चोर घर से 23 गोल्ड रिंग, 2 इयररिंग, 3 नोज रिंग, 2 गोल्ड नेकलेस, 1 मंगलसूत्र, 3 एंकलेट, 2 गोल्ड बाला, 1 किलो सिल्वर आइटम और 40,000 नकद लेकर फरार हो गए। इसके अलावा, घर की खिड़कियां, दरवाजे और अलमारियों के टूटने से भी काफी नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

## जनता ने विभाजन की राजनीति को किया खारिज : राजेंद्र प्रसाद सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वापसी पर जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा और द्वेष व विभाजन की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया।

राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने बाहरी मुख्यमंत्री लाकर झारखंड में तोड़ने की राजनीति की कोशिश की। लेकिन झारखंड की जनता ने साफ संदेश दिया कि यहां केवल विकास, शांति और भाईचारे की राजनीति चलेगी।




सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा, झारखंड का एकमात्र शेर हेमंत सोरेन हैं। उनकी सरकार ने जनता की उम्मीदों को पूरा किया, और यही वजह है कि जनता ने उनके काम पर मुहर लगाई। उन्होंने झामुमो को झारखंड आंदोलनकारियों की असली पार्टी बताते हुए कहा कि यह पार्टी झारखंड की असली पहचान और जनता की समस्याओं का समाधान करती है।

उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में हेमंत सोरेन की सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। यह सफलता उन्हीं योजनाओं और जनता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

झामुमो के नारे एक ही नारा, हेमंत दोबारा का उल्लेख करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह नारा केवल प्रचार का माध्यम नहीं था, बल्कि जनता का विश्वास और समर्थन था। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य की जरूरतों को समझती है और जनता के भरोसे पर खरा उतरेगी।

राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने झारखंड की जनता को उनकी जागरूकता और सही फैसले के लिए धन्यवाद देते हुए महागठबंधन सरकार की सफलता की शुभकामनाएं दीं।


## राज्य में दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पलामू के युवाओं ने दी मिली-जुली प्रतिक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में लगातार दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाई है। राज्य में जनता ने पूर्ण बहुमत के साथ गठबंधन पर भरोसा जताया। भाजपा ने सरकार को बेरोजगारी, घुसपैठ और बालू-गिट्टी की कालाबाजारी जैसे मुद्दों पर घेरने की कोशिश की, लेकिन जनता ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। पलामू में दो सीटों पर बीजेपी, दो सीटों पर राजद और एक सीट पर कांग्रेस को जीत मिली।

हेमंत सरकार के गठन पर पलामू के युवाओं ने अपनी राय व्यक्त की। प्रस्तुत है **प्रमुख अंश:**

**अभिषेक कुमार मिश्रा** ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने चुनावी लाभ के लिए योजनाएं बनाई, जिनका असर जनता पर साफ दिखा। हालांकि रोजगार और नियुक्तियों में सरकार विफल रही, लेकिन छात्रों ने यह भी समझा कि भाजपा सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रियाओं को कानूनी पचड़ों में










उलझाया गया। रघुवर दास की नियोजन नीति से युवाओं को भारी नुकसान हुआ, जिसके चलते छात्रों ने महागठबंधन पर भरोसा जताया। हमें उम्मीद है कि नई सरकार नियुक्तियों में तेजी लाएगी और युवाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करेगी।

**रंजन कुमार यादव** ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक आपदा के दौरान हेमंत सरकार ने अबुआ आवास, बिजली बिल माफी, किसानों की ऋण माफी, पुरानी पेंशन योजना और मइया सम्मान योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए जनता का भरोसा जीता। नई सरकार से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम करने की उम्मीद है।

**कामिनी सिंह** ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत पर बधाई। उम्मीद है कि सरकार अपने मेनिफेस्टो में किए गए वादों को पूरा करेगी और रोजगार के अवसर पैदा करेगी। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के जरिए गरीबों को लाभ पहुंचाएगी। मइया सम्मान योजना जीत का प्रमुख कारण रही।

**राहुल देव दुबे** ने कहा कि हेमंत सरकार ने प्रचंड बहुमत से सत्ता हासिल की है। चुनाव के दौरान किए गए वादे, जैसे मइया सम्मान योजना का विस्तार, युवाओं को रोजगार, और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार, पर अमल करना सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे मुद्दों पर सरकार को सख्ती से काम करना चाहिए।

**अभिषेक चौरसिया** ने कहा कि झारखंड के लोगों ने हेमंत सरकार पर भरोसा जताकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी और राज्य के विकास को नई दिशा देगी।

**नितेश सिंह** ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना और कल्पना सोरेन के कैंपेन ने चुनाव में अहम भूमिका निभाई। लेकिन यह जनादेश सरकार के लिए जिम्मेदारियों से भरा हुआ है। चुनावी वादों को पूरा करना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

**विनीत पांडेय** ने कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था और रोजगार की स्थिति चिंताजनक है। बालू उठाव और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को तुरंत काम करने की जरूरत है। युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**सूरज चौरसिया** ने कहा कि झारखंड ने विकास की नई दिशा में कदम बढ़ाया है। नई सरकार से उम्मीद है कि वह बेरोजगारी पर विशेष ध्यान देगी और राज्य के युवाओं के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगी।

झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत ने जनता में उम्मीदें जगाई हैं। हालांकि सरकार के सामने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार से निपटने जैसी बड़ी चुनौतियां हैं। पलामू के युवाओं ने सरकार से तेज और प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की है।

## ठंड के साथ शहर में तिलकुट की बिक्री शुरू, बढ़ी मांग

● **बाजार में तिलकुट 300 से 360 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठंड के मौसम की शुरूआत होते ही शहर में तिलकुट की बिक्री रफ्तार पकड़ ली है। तिल से बनी इस खास मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। बाजार में विभिन्न प्रकार के तिलकुट उपलब्ध हैं, जो स्वाद और डिजाइन के लिहाज से एक-दूसरे से अलग हैं। ठंड के इस मौसम में तिलकुट की मांग तेजी से बढ़ रही है। मुख्य बाजार स्थित शिवम तिलकुट दुकान में काम कर रहे मुन्ना कुमार, सत्येंद्र कुमार, अमर चौधरी, और विनोद गुप्ता ने बताया कि तिलकुट बनाने में तिल के साथ गुड़, चीनी और कभी-कभी खोवे का इस्तेमाल किया जाता है। सबसे पहले तिल को मध्यम आंच पर भूनकर गर्म किया जाता है, इसके बाद गुड़ या चीनी की चाशनी तैयार की जाती है। और फिर चाशनी में तिल मिलाकर मिश्रण को विभिन्न



आकारों में ढाला जाता है। बिट्टू तिलकुट दुकान के संचालक के अनुसार, तिलकुट 300 से 360 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। खोवा से बने तिलकुट की कीमत 450 रुपये प्रति किलो है। बादाम पट्टी 200 रुपये प्रति किलो और तिल के लड्डू 100 रुपये प्रति किलो है। शिवम तिलकुट दुकान के मालिक मार्कंडेय चौहान ने बताया कि उनके तिलकुट का स्वाद और खस्ता बनावट अन्य दुकानों से अलग है। वह गुड़ को अधिक समय तक गर्म करने और तिल को विशेष तरीके से भूनने की विधि अपनाते हैं, जिससे उनके तिलकुट की गुणवत्ता बेहतर होती है। दिल्ली से आए सुमित सिंह ने बताया कि वह शादी में शामिल होने आए थे और अब वापस लौटते समय 5 किलो तिलकुट अपने साथ ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तिलकुट मिलता तो है, लेकिन यहां के तिलकुट जैसा स्वाद वहां नहीं होता। मैं इसे अपने ऑफिस के सहकर्मियों के लिए भी ले जा रहा हूं। सुमित ने बताया कि मेहमानों के स्वागत में भी तिलकुट नाश्ते के तौर पर खूब इस्तेमाल होता है। तिलकुट न केवल स्वाद में लाजवाब है बल्कि सर्दियों में शरीर को ऊर्जा और गर्मी प्रदान करने के लिए भी खास माना जाता है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

# झामुमो की जीत पर जश्न का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्यासी अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के जीत पर शहर में जश्न का माहौल रहा। शनिवार दोपहर से ही जीत की आहट मिलते ही समर्थक आतिशबाजी करने लगे। शाम को जैसे ही अनंत प्रताप देव समर्थकों के साथ शहर पहुंचे, लोगों का जोश चरम पर पहुंच गया। व्यवसायियों ने दुकानें बंद कर सड़क पर निकल कर नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी करने लगे। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई गई। अनंत ने लोगों को समर्थन देने के लिए आभार जताया।

**झामुमो की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया : डंडई** झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव की जीत की खुशी में रविवार को झामुमो कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला। प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में निकाले गए विजय जुलूस में प्रखंड क्षेत्र के महिला-पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। झामुमो कार्यालय पहुंचे कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। उसके बाद गांव के हरिहर मंदिर से प्रारंभ हुआ विजय जुलूस देवी धाम टोला, पुरानी बाजार टोला व मुख्य बाजार टोला होते गांव के कई गलियों में भ्रमण किया। जुलूस के दौरान महिला व पुरूष कार्यकताओं ने जमकर थिरके। साथ ही नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के पक्ष में नारेबाजी की। इससे पहले कार्यकताओं द्वारा गांव के डीहवार स्थल, हरिहर मंदिर ,देवी धाम ,वीर कुंवर धाम के साथ रविदास मंदिर में पांच पांच नारियल व 101 किलो लड्डू का महन भोग लगाया गया। उसके बाद उसे ग्रामीणों के बीच प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया। जुलूस में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, आनंद प्रकाश, दीनानाथ पांडे, रामचंद्र सिंह ,नंदू यादव ,अरविंद पासवान, जनेश्वर ठाकुर ,मंसूर अंसारी, याकूब अंसारी, नकछेदी राम, अक्षय कुमार ,मनीरुउद्दीन अंसारी, मूंगा लाल भारती सहीत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## अनंत प्रताप की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाली विजय जुलूस



**सगमा** भवनाथपुर विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के जीत का जश्न सगमा में झामुमों कार्यकताओं ने मनाया। जीत की खुशी पर सगमा बाजार में जमकर आतिशबाजी की गई। विजय जुलूस के साथ कार्यकर्ता पूरे प्रखंड का भ्रमण किए। मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। झामुमो गुलाम नबी, हरिदास यादव, राहत अंसारी ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। यह उन गरीब परिवार की जीत है, जहां विकास की किरण नहीं पहुंची है। जीत बेरोजगार नवजवानों की है। रोजगार के अभाव में दूसरे प्रदेश में पलायन करने वालों व इस बार परिवर्तन चाहते थे। क्षेत्र में जुबानी विकास की गंगा बहाने वाले को जनता ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा की 15 साल तक यहां के लोगों को दंश झेला है। अब यहां पर विकास की लंबी लकीर खींची जाएगी। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में अब पावर प्लांट का निर्माण होगा। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। मौके पर प्रमुख अजय साह, डॉ हरिदास यादव, मो. गुलाम नबी, राहत हुसैन, श्रवण सिंह, रमेश यादव,बसंत पाल,सुभाष यादव,चंद्रिका यादव पूर्व पति मुखिया इश्हाक अंसारी, राजेश यादव, अहमद अंसारी, यासीन अंसारी, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाली



**केतार** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थि झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव की जीत पर प्रखंड के बलिगढ़, परती, मुकुन्दपुर, लोहरगाड़ा में विजयी जूलूस निकाला गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद समर्थकों ने बलिगढ़. पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता के नेतृत्व में खोनहर,अंजनिया, चेचरिया और बलिगढ़ गांव का भ्रमण कर विजयी जूलूस निकाला। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने कहा कि भवनाथपुर की जनता परिवर्तन करने के लिए बेचैन थी। अब अनंत प्रताप देव को विधायक निर्वाचित होने पर भवनाथपुर में पावर प्लांट लगेगा और यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, सुरेन्द्र यादव, रमेश राम,छोटन सिंह, मनीष गुप्ता, भोला सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाल मनायी खुशियां



**चिनियां** झारखंड विधानसभा हुए चुनाव में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नव निर्वाचित विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जीत के खुशी में चिनियां प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस भाजपा कार्यालय से शुरू होकर बस स्टैंड, थाना चौक, महावीर मंदिर, चिनियां रंका मोड़, रानी चेरी, चिरका सहित मुख्यालय के कई प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करते हुए वापस भाजपा कार्यालय पहुंच कर जुलूस समाप्त हो गई। जुलूस में नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी, सत्येंद्र नाथ तिवारी का जयकारा के साथ जय श्री राम का नारा लगाया जा रहा था। जुलूस के दौरान कार्यकताओं ने खुशी में बम पटाखा छोड़ा। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं में जीत को लेकर काफी उत्साहित देखा गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह, भाजपा नेता कपिल प्रसाद,चंद्रिका सिंह,विश्वास प्रसाद, राजेश प्रसाद, रमाकांत तिवारी, सकल कोरवा, मुंशी यादव, सुरेंद्र प्रसाद,अनिल यादव, गरीबा साहू, अब्दुल मनान अंसारी,मोहम्मद निसार, विजय सिंह खरवार, छोटू यादव, चंद्रमणि सिंह, मंगरु सिंह, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता जुलूस में शामिल थे।

## एक नंबर पंचायत पढ़ुआ ने बीजेपी को बढ़त दिलाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** विधानसभा चुनाव में मेराल प्रखंड अंतर्गत झामुमो चार पंचायत में अपना वर्चस्व दिखाया। शेष 16 पंचायतों मे भाजपा से हार खानी पड़ी। चुनाव में मोदी फैक्टर व पीएम किसान निधि भारी पड़ा। मंईयां सम्मान योजना लोगों पर कम प्रभाव नहीं रहा। हालांकि पिछले चुनाव में झामुमो मेराल प्रखंड में अपना वर्चस्व कायम करते हुए लगभग 8000 वोटो से बीजेपी को शिकस्त दिया था। इस बार चुनाव में भाजपा वर्चस्व दिखाते हुए गढ़वा विधानसभा में मेराल की भूमिका हमेशा आगे रही है। जो पार्टी एक नंबर बूथ पढ़ुआ से विजय शुरू करता है उसी पार्टी की विजय गढ़वा विधानसभा में सुनिश्चित होती है। पिछले कई दशकों से यह देखा गया है। ऐसे में इस बार मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को पढ़ुआ के नेता उनके पक्ष में रहने के बाद भी विजय नहीं दिला पाए। सत्येंद्र तिवारी को विधायक बनाने का पहले पताका फहराया।

## नव निर्वाचित विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी जुलूस में शामिल हुए

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रखंड मुख्यालय में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जीत पर हाई स्कूल के मैदान से भव्य विजय जुलूस निकाला गया। विजयी जुलूस में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी शामिल होकर कार्यकताओं को हौसला बढ़ाया। इस दौरान कार्यकताओं ने जुलूस में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को हाई स्कूल के मैदान से रथ पर बैठकर बस स्टैंड होते हुए थाना चौक सहित कई जगहों पर भ्रमण कराया। इस दौरान कार्यकताओं ने उत्साह के साथ आतिश बाजी किया। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए अबीर गुलाल लगाया। जुलूस में जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर रूपू महतो, उदय कुशवाहा डॉ.लालमोहन, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा विजय प्रसाद मनोज जायसवाल अमित प्रसाद विकास दुबे दिलीप कुमार मेहता इंदेश पांडे संदीप दुबे राधेश्याम यादव भोला पासवान सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

## अनंत की जीत से क्षेत्र में उत्साह का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो प्रत्याशी अंनत प्रताप देव की जीत का जश्न मनाने के लिए खरौंधी बाजार में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ चन्दनी देवी मंदिर से हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए संपन्न हुआ। झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने तीर-धनुष के प्रतीक के साथ जुलूस का नेतृत्व किया। इस दौरान स्थानीय नेताओं ने जनता को संबोधित करते हुए इस जीत को जनता के विश्वास और सहयोग की जीत बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि अंनत प्रताप देव क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। बाजार क्षेत्र से गुजरते समय स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। मौके पर हजारों की संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समर्थकों ने अनंत प्रताप का स्वागत किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के जीत के बाद बंशीधर नगर पहुंचने पर अनुमंडल मुख्यालय में लोगो ने भव्य स्वागत किया। बंशीधर नगर पहुंचने पर सभी चौक चौराहों पर उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी किया साथ ही छोटे राजा को माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। अहिरपुरवा मोड के सामी भारी तादाद में उमड़े लोगों ने विधायक अनंत प्रताप देव को वाहन से उतार कर बस स्टैंड ले गए। छोटे राजा के जीत पर चेंबर के पदाधिकारियों ने सड़क के दोनो ओर दीप जलाकर स्वागत किया। चेंबर कार्यालय में विधायक अनंत प्रताप देव का स्थानीय व्यवसायियों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। विधायक अनंत प्रताप देव के स्वागत में बस स्टैंड में भारी संख्या में युवा वर्ग रिकॉर्डिंग गीतों पर थिरकते हुए विधायक का स्वागत किया तथा आतिशबाजी किया। विधायक अनंत प्रताप देव ने सबसे पहले श्री बंशीधर मंदिर में माथा टेका साथ ही भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के खुशहाली और विकाश के लिए आशीर्वाद मांगा। नगर गढ़ पहुंचने पर विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्री ने आरती कर ओर माला पहनाकर स्वागत की।

## छोटे राजा के जीत से विकास की नई उम्मीद जगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करने से क्षेत्रवासियों और समर्थकों में खुशी की लहर है। झामुमो जिला सचिव व जिला परिषद सदस्य, खरौंधी क्षेत्र, की ओर से जारी विशेष प्रेस विज्ञप्ति में उनकी जीत को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास और समृद्धि का प्रतीक बताया गया है। कहा गया कि उनके कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में 1320 मेगावाट पावर प्लांट की स्थापना और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की दिशा में ठोस कदम उठाया जायेगा। झामुमो ने अनंत प्रताप देव को झारखंड सरकार में मंत्री पद के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर भरोसा जताया।

## आलोक की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**बड़गड़।** भाजपा मंडल इकाई के कार्यकताओं ने क्षेत्र से लगातार तीसरी बार आलोक कुमार चौरसिया को मिली जीत पर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्थानीय हनुमान मंदिर चौक पर इकट्ठा हो कर बम, पटाखा फोड़ा। मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा कार्यकर्ता ओम प्रकाश ने मंडल के सभी कार्यकताओं सहित, मतदाताओं के प्रति आभार जताया वहीं पुनः एक बार विधायक चुने जाने पर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई दी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि आनन्द सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, रामचंद्र सिंह, मुकेश सोनी, रवि सोनी, रंजन सोनी, अखिलेश पांडेय, अरूण भगत, अशोक यादव, संजय प्रसाद, सुनीता देवी, रिशु सोनी, अनुप गुप्ता, सुबास प्रसाद, परमानंद सिंह, राहुल गुप्ता, अमन जयसवाल, अतुल गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## अनंत की जीत पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद भवनाथपुर विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के जीत के बाद रमना प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशिया मनायी। अनंत प्रताप के जीत पर सर्वेश्वरी चौक, भगत सिंह चौक तक जमकर आतिशबाजी की गयी। कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर झामुमो के सैकड़ों कार्यकताओं ने रोड शो किया। कार्यकताओं ने जीत का श्रेय जनता को दिया। कहा कि यह जीत गरीब परिवार की जीत है। चुनाव में अनंत प्रताप देव ने लगातार दो बार भाजपा विधायक रहे भानू प्रताप शाही को 21135 वोट से हराया। इस बार पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही के गढ़ कहे जाने वाले गृह क्षेत्र केतार, भवनाथपुर व खरौंधी में भी जनता ने अनंत प्रताप देव को वोट देकर परिवर्तन की अपनी मंशा को साफ कर दिया। चुनाव में भानू प्रताप शाही केतार, भवनाथपुर व खरौंधी की ओर से 15-20 हजार वोट के बढ़त लेकर आते थे। इस बार 213 वोट पर ही सिमट गए। मौके पर रोहित वर्मा, राकेश सिंह, प्रताप सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, अनुज कुमार, संजय पासवान, मुनि लाल व सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के हेताडकला पंचायत के बखरबनी मोड़ पर रविवार की रात एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हेताडकला गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी के 30 वर्षीय पुत्र अक्षय सिंह शनिवार की देर शाम मोटरसाइकिल से चिनियां बाजार गया था। बाजार करने के बाद वापस लौटने के क्रम में बखरबनी मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में जा टकराई। इससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर व चेहरे पर गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फोन कर 108 नंबर पर दी, मौके पर तुरंत एंबुलेंस पहुंची,वहीं आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को उठाकर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**हैदरनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप भागवान सिंह के 32 वर्षीय पुत्र विवेक सिंह ने शनिवार की रात कमरे को बंद कर अंदर साड़ी का फंदा लगाकर आमत्महत्या कर ली। परिजन विवेक को खाना खिलाने के लिये खोज रहे थे। इस दौरान नहीं मिलने पर घर का का एक कमरा बंद पाया गया। काफी खुलवाने के प्रयास के बाद नहीं खुलने पर दरवाजा तोड़ने पर उक्त युवक को फांसी व फंदे से झूलते मृत पाया गया है। परिजनों के अनुसार घर के किसी सदस्यों से कोई विवाद व मन मुटाव भी नहीं था। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि शव को बरामद कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबध में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

## झामुमो प्रखंड कमेटी ने निकाला जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव की जीत पर भवनाथपुर प्रखंड कमेटी ने रविवार को विजय जुलूस निकाली। नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी पिछले एक दशक से विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही को हरा कर दूसरी बार भवनाथपुर विस पर कब्जा जमाया। विजय जुलूस ब्लॉक मोड़ से मुख्य पथ होते हुए कपूर्री चौक तक गई। विजय जुलूस के दौरान झामुमो कार्यकताओं ने बुलडोजर पर सवार होकर चलने के साथ ही डीजे के धुन पर नाचते हुए जगह जगह बम पटाखा फोड़कर तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल कर जीत की बधाई दी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शान्ति देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी,पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि विस क्षेत्र में अगले पांच साल में अमन-चैन के वातावरण में विकास की नई पराकाष्ठा लिखने और भवनाथपुर विस क्षेत्र से बेरोजगारी और पलायन को रोकने के साथ ही भवनाथपुर में रोजगार के नए सृजन उपलब्ध कराने लिए भवनाथपुर के जनता ने विधायक अनंत प्रताप देव को अपना समर्थन देकर सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पांच साल पहले जो सामंतवादी व्यवस्था थी, उसे समाप्त करने का काम किया गया। इस मौके पर समाज कल्याण संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर, प्रखंड सचिव विनोद कुमार सिंह, सुशीला देवी, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**निर्देश**

## धुरकी थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक

## रात्रि 10 बजे के बाद सामूहिक जगह पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की अध्यक्षता में थाना परिसर में धुरकी प्रखंड क्षेत्र के सभी डीजे संचालक को साथ आयोजित बैठक हुई। बैठक में सभी डीजे संचालकों को कहा कि प्रखंड क्षेत्र में डीजे रात्रि 10:00 बजे के बाद सामूहिक जगह पर नहीं बजाना है। स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र के 200 मीटर के अंदर में ध्वनी प्रदूषण यंत्र का प्रयोग नहीं करना है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में डीजे ऑपरेटर को बुलाकर सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार डीजे का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का आदेश प्राप्त है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या आपात स्थिति को छोड़कर 10:00 बजे रात से सुबह 6:00 बजे के बीच ढ़ोल या नगाड़ा नहीं बजाना है। मौके पर प्रखंड के सभी डीजे संचालक उपस्थित थे।



# यीशु ने जीने के लिए प्रेम का रास्ता दिखाया : बिशप विश्वासम



## खीस्त राजा त्योहार को लेकर इसाई समुदाय ने निकली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** डालटनगंज धर्म प्रांत के संत जोसेफ चर्च महुआडांड़ में सभी खीस्त विश्वासियों ने धूमधाम के साथ खीस्त राजा पर्व मनाया। प्रातः 9:00 बजे अंडमान निकोबार के मुख्य अतिथि बिशप विश्वासम सेलवाराज द्वारा मिस्सा पूजा से पर्व की शुरूआत हुई। मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता बिशप विश्वासम सेलवाराज रहे। बिशप ने लोगों को अपने संदेश में राजा खीस्त की महानता को बताया। उन्होंने कहा हम जिस राजा को मानते हैं। वह राजा संसारिक राजाओं से भिन्न हैं। हम उसके बताये मार्ग पर चले। जिसने राजा होते, सेवक बना। बिशप ने आगे तीन बिंदुओं पर अपनी विचार व्यक्त करते हुए कहा यीशु सबके लिए समान है। सबसे बराबर प्रेम करते है। हमे भी यीशु ने जीने के लिए प्रेम का रास्ता दिया है। प्रेम सभी सामाजिक बुराई को दूर कर सकता है। इसलिए अपने जीवन में हम आप सभों से प्रेम करें। यीशु ने लोगों की निस्वार्थ सेवा की। निस्वार्थ सेवा जाति, धर्म , लिंग नही देखता है। यीशु ने हमे यह उदाहरण दिया है कि हम सभी की सेवा करें। अपने आस-पास जितने लोग है, जिन्हें हमारी सेवा की जरूरत है उनकी सेवा करें। ईमानदार और नम्रता का जीवन हम सभी को जीना चाहिए। यीशु अपने जीवन में हमेशा नम्र रहे। अपने शिस्यों का पैर धोकर उन्होंने हमे उदाहरण दिया। उन्होंने हमेशा सच्चाई का साथ दिया।

### शोभा यात्रा निकाली गई, मेले का आयोजन

मिस्सा के बाद खीस्त राजा पर्व की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा संत जोसेफ चर्च गेट से निकल, अंबेडकर चौक, रामपुर, बिरसा चौक, शास्त्री चौक होते हुए शहीद चौक पुनः संत जोसेफ चर्च में एकत्र हुई। भारी संख्या ईसाई समुदाय के लोगों ने भाग लिया। सभी पल्ली बड़े फादर सुरेश ने सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने युवाओं से कहा कि वहअपने बुलावे को पहचाने और माता पिता से कहा कि अपने बच्चों को पुरोहित और धर्मबहन बनने हेतु भेजें। अंत में सभी उपस्थित लोगों को समारोही आशीष दी गई। इस अवसर पर अंडमान से आये विशिष्ट अतिथि ब्रदर यसिन्त मार्के, प्रेम पॉल कुलु, विक्की केरकेट्टा, नवनित एक्का, नितिन केरकेट्टा एवं फादर एमके जोश, समीर, सिलबिरयुस सहित अन्य कई फादर और सिस्टर के साथ उप प्रमुख अभय मिंज, सुरेन्द्र मुकुल कुजूर उर्फ चुन्ना, सिकरू कुजूर, प्रदीप कुजूर, प्रदीप मिंज, संदीप कुजूर, प्रचार आंनद, प्रतरिक केरकेट्टा, अजीत पाल कुजूर। रिटायर फौजी संघ ,आदिवासी युवा जाग्रति मंच, महिला जाग्रति मंच के सदस्यों ने शोभा यात्रा को इस सफल बनाने में अपना योगदान दिया। शोभा यात्रा के दौरान अंबेडकर चौक स्थित प्रखंड कांग्रेस कमेटी के ओर से स्टॉल लगाकर बिस्कुट और पानी की व्यवस्था कि गई थी। पल्ली परिसर में खीस्त पर्व में मेला का आयोजन किया गया था। दुकानें लगाई गई। मेला में ईसाई समुदाय के अलावा अन्य लोगों ने भी खरीदारी कि मेला में गन्ना की खूब बिक्री हुई।

# लेफ्टिनेंट मो. वसीम इमाम को एनसीसी ने दी भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्लस टू हाई स्कूल के एनसीसी लेफ्टिनेंट कमांडेंट मो.वसीम इमाम आज एनसीसी दिवस के दिन एनसीसी से सेनावृत हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका, शिक्षक सहित एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी दिवस सह एक विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापिका रूबी बानो ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी में 30 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा।आपकी कमी कैडेट्स को हमेशा खेलेगी। मौके पर एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षक द्वारा मो. वसीम इमाम को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया एवं यादगार स्वरूप उपहार कैडेट द्वारा दी गई। मौके पर मो. वसीम इमाम ने कहा कि इतनी लंबा समय से इस विद्यालय में एनसीसी लेफ्टिनेंट बनकर रहा 30 वर्ष यूं ही गुजर गया पता ही नहीं चला। विद्यालय हो या शिक्षक कैडेट्स विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी से दिली लगाव हो गया था। यह तो सरकारी नियम है सेनावृत होना। एनसीसी से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विद्यालय में वर्ष 2028 तक शिक्षक के रूप में रहूंगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. मुर्शीद, पंकज कुमार सिंह, विकास कुमार नए सीटीओ सहित पिंटू कुमार,अमन प्रेम, राहुल कुमार,प्रेम पासवान सहित कई एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे।

# दो दर्जन लोग गंभीर बुखार से पीड़ित, एक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत नवादा गांव में गंभीर बुखार से लगभग दो दर्जन लोग पीड़ित हैं। उनकी स्थिति काफी गंभीर बना हुई है। दिलीप कुमार, योगेंद्र गंझू, सिकंदर गंझू, ब्रह्मदेव कुमार, सविता देवी, अरविंद गंझू, देवंती देवी और छोटू गंझु समेत लगभग दो दर्जन लोग बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीण मलेरिया,टाइफाइड के साथ-साथ डेंगू होने की बात बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वीरेन्द्र गंझू की पुत्री प्रिया कुमारी की मौत तेज बुखार के कारण हो गई। भाजपा नेता मनोज यादव ने लोगों को इलाज करने में मदद कर रहे हैं। मुखिया के पहल पर लोगों को कैंप लगाकर दवाई दी जा रही है। प्रभारी डॉक्टर का कहना है लोग डेंगू से ग्रसित नहीं है। मलेरिया बुखार से ग्रसित सभी लोगों का उपचार किया जा रहा है। तत्काल उस गांव में कैंप लगाकर दवाइयां दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण समय से दवाई नही ले रहे हैं, इस कारण स्थिति सुधार में विलंब हो रहा है।

# गड़गोमा में धान फसल कटाई दिवस का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम गड़गोमा मे पायोनियर बीज कंपनी द्वारा धान फसल कटाई दिवस का आयोजन किसानो के बीच किया गया। जिसमें पायनियर कंपनी के अधिकारी क्षितिज कुमार मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित किसानों को खेत में ले जाकर दिखाया कि 27 पी, 37 शंकर धान अन्य शंकर धान से कैसे ज्यादा उपज देता है। कैसे किसानों को ज्यादा फायदा देती है। उसके गुण के बारे में विस्तार रूप से जानकारी भी दिया गया। 27 पी 37 की जो बाली होती है वह लंबी होती है तथा वजनदार व गुच्छेदार बालियां होती है। किसी भी मौसम में अच्छा पैदावार देने की क्षमता रखता है। उपस्थित सभी किसानों ने बातया कि पायोनियर 27 पी, 37 शंकर धान जो है सबसे ज्यादा पैदावार देने वाला धान है और वह किसानों के घरों को धान से भरता है। मौके पर बारियातू प्रखंड के एमडीआर राहुल कुमार, मिथलेश कुमार पांडेय, राज किशोर राणा,जगदीश राणा, सेवक राणा रविंद्र राणा, महेश यादव, अरविन्द राणा सहित सैकड़ो किसानों ने फसल कटाई दिवस में सम्मिलित होकर इस मेगा मीटिंग में भाग लिया।

## न्यूज बॉक्स

### एनडीए गठबंधन की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**कुन्दा (चतरा)।** चतरा विधानसभा से एनडीए गठबंधन जनार्दन पासवान की जीत के बाद कुन्दा भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पासवान की जीत पर कुन्दा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया। जीत के जश्न में विजय जुलूस निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, गंदौरी साव, मनोज यादव, दिव्या भोक्ता, अनीता देवी, अखलेश यादव, सतेंद्र सींह, घनश्याम यादव, रवि वर्मा,अनुज गुप्ता, लवकुश गुप्ता,बसंत भोक्ता,बिनोद यादव समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

### अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को रौंदा

**मनिका (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से पांच लोग घायल हो गए। मनिका थाना पुलिस व ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने घायलों का इलाज कर गंभीर रूप से घायल दो युवकों को डालटनगंज एमएमसीएच बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल में एक बाइक में सुधीर कुमार पिता प्रवीन सिंह, सुनील कुमार पिता गनौर सिंह दोनों एरूआ, सतबरवा निवासी सवार थे। दूसरे बाइक में लक्की कुमार पिता उमेश कुमार, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार पिता शिव राम तीनों मनिका निवासी सवार थे। मनिका थाना पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकर चतरा के सचिव के आदेश पर पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह में कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलभी मुनीलाल दांगी एवं रविंद्र कुमार के द्वारा ग्रामीणों को विधिक रुप से जागरुक करते हुए नालसा स्कीम, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं, मानव तस्करी, नालसा टॉल फ्री नंबर 15100 एवं 14 दिसंबर 2024 को लगने वाले वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित सुलहनीय वादों के निष्पादन कराने से संबंधित जानकारी दी गई।
नोट फोटोः- कानूनी जागरुक्ता शिविर में पीएलभी

### लातेहार विस मजबूती से लड़ी झामुमो हार-जीत चुनाव का हिस्सा : दीपू

**चंदवा।** झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सांप्रदायिक,विभाजनकारी व षड्यंत्रकारी नीतियों के खिलाफ झारखंड की जनता ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक बार पुनः सरकार बनाने का प्रचंड और रिकॉर्ड तोड़ जनादेश दिया है। जनता ने विरोधियों को यह बता दिया है कि इंडिया रुकेगा नहीं और झारखंड झुकेगा नहीं। शानदार व अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए झारखंड की जनता का आभार प्रकट करते हैं। अगले 5 वर्षों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड तथा झारखंडियों की तकदीर एवं तस्वीर बदल जाएगी। भले ही लातेहार विधानसभा में कुछ मतों से हार गए हैं, परंतु यहां के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने यह दिखला दिया कि लातेहार में झारखंड मुक्ति मोर्चा मजबूत था, है और रहेगा। कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को इस हार से निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हार-जीत चुनाव का एक हिस्सा है। प्रदेश में कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में एक लोक कल्याणकारी एवं जन कल्याणकारी सरकार का गठन शीघ्र ही होगा। सरकार हर झारखंडियों के सपनों को पूरा करेगी।

### प्रकाश राम की जीत पर बधाइयों का लगा तांता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के लातेहार विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत पर भाजपा में खुशी का माहौल है। लातेहार विधानसभा क्षेत्र में पटाखे छोड़े जा रहे हैं और मिठाइयां बांटी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने प्रकाश राम की जीत पर जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए नव निर्वाचित विधायक प्रकाश राम और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता को बधाई और आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ता की जीत है। पीएम मोदी के द्वारा आम लोगों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनकी जीत है। प्रकाश राम के लगातार क्षेत्र से जुड़े रहने के कारण ही जीत का आशीर्वाद क्षेत्र की जनता ने दिया है। लातेहार नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नवीन कुमार श्रीवास्तव उर्फ रिंकू लाल ने भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत पर हर्ष प्रकट करते हुए उन्हें जीत की बधाई दिया। श्री लाल ने प्रकाश राम की जीत पर जनता के प्रति खासकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताया। भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं की जीत है। यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके द्वारा चलाए गए योजनाओं की जीत है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय ने कहा कि आज लातेहार विधानसभा में भगवा यदि फहरा है तो इसके पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं की कठिन परिश्रम की देन है। प्रकाश राम भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। इसका परिणाम में है कि जनता ने उन्हें विजयी श्री बनाया है। भाजपा नेता अनिल सिंह ने इस जीत पर कहा कि यह जीत लातेहार के विकास को नई आयाम देगा।

## इसीआरकेयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**लातेहार।** वरीय नेतृत्व के निर्देश पर सीआईसी सेक्शन के कुमंडीह स्टेशन परिसर में अपने यूथ कमेटी इसीआरकेयू लातेहार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ मान्यता प्राप्त हेतू चुनावी सभा का आयोजन किया गया। रेल कर्मी जनसंपर्क अभियान चलाते हुए इसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, यूथ कमेटी इसीआरकेयू के अध्यक्ष सुनील एक्का, संगठन सचिव धर्मेन्द्र कुमार, सक्रिय सदस्य कमल किशोर, नकुल कुमार सिंह, दीपक कुमार, बिना कुंवर, संतोष विश्वकर्मा, मनजीत कुमार, गोरख नाथ यादव, शिवचन्द्र यादव, नन्दलाल चौधरी, सृष्टि रंजीत यादव व कई सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

# तीसरी बार जनता ने जनार्दन पासवान को दिया मौका, लोजपा की चतरा से झारखंड में इंट्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा चुनाव 2024 में चतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान को तीसरी बार विधायक बनने को मौका दिया है। चतरा से लोजपा प्रत्याशी के जीत के साथ झारखंड में पार्टी की इंट्री भी हो चुकी है। इसके पूर्व जर्नादन पासवान दो बार विधायक रह चुके हैं। पहली बार 1995 में जनता दल से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह भोगता को 19,455 वोट से हरा कर विधायक बने थे। उसके बाद वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में राजद से चुनाव लड़े और भाजपा प्रत्याशी सुबेदार पासवान को हराकर विधायक बने थे। उसके बाद 2014 व 2019 में लगातार चुनाव हारे। अबकी 2024 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर चतरा विधानसभा का तीसरी बार विधायक बनाया। ज्ञात हो कि चतरा विधानसभा क्षेत्र 1952 में अस्तित्व में आया और पहली बार स्वतंत्रता सेनानी सुखलाल सिंह विधायक बने थे। 1957 में राजा कामाख्या नारायण सिंह विधायक बने थे। इस बीच कई विधायक बने और बाद में चतरा सीट आरक्षण के कोटे में चला गया। वर्ष 2000 में भाजपा से सत्यानंद भोक्ता ने राजद के जनार्दन पासवान को पराजित कर विधायक बने थे। झारखंड बनने के बाद वर्ष 2005 में राज्य में पहला विधानसभा चुनाव हुआ। जिसमें भाजपा के सत्यानंद भोक्ता दूसरी बार राजद के जनार्दन पासवान को हराकर विधायक बने। वहीं वर्ष 2009 के चुनाव में राजद के जनार्दन पासवान विधायक चुने गये, वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा के जयप्रकाश सिंह भोक्ता व 2019 के चुनाव में सत्यानंद भोक्ता राजद की टीकट पर चुनाव लकर विधायक बनने के बाद राज्य सरकार में मंत्री बने।

# पूर्व उप प्रमुख का बरामद कंकाल का दाह संस्कार किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख गौरी शंकर उरांव का कंकाल 38 दिनों बाद बरामद होने बाद जांच प्रक्रिया के बाद रविवार को कंकाल को परंपरिक तरीके से स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते चले की बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को दामोदर नदी के समीप बघमरी जंगल के गड्ढे से 38 दिनों बाद बारियातू उप प्रमुख गौरी शंकर उर्फ मोहन उरांव का कंकाल और मोटरसाइकिल, मोबाईल सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया था। जांच प्रक्रिया के बाद पुलिस ने परिजनों को कंकाल सौंप दिया। पत्नी लक्ष्मी देवी,पुत्री रिया (10), पुत्र रितेश कुमार (7) सहित आसपास मे मातम पसरा हुआ है। बताते चले कि 2010 के पंचायत चुनाव मे फूलसु पंचायत से पंसस में विजयी होने के बाद उप प्रमुख भी निर्वाचित हुए थे। 2015 तक बेहतर कार्य किया था। सामाजिक व्यक्ति के साथ मिलनसार व्यक्ति थे। लोगों का आंसू नहीं थम रहा था। दाह संस्कार मे बारियातू के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, फूलसु पंचायत के पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव, समाज सेवी राजेश भगत, जगदीश भगत, किशोर भगत, विश्वनाथ, रामेश्वर उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एनडीए के नव निर्वाचित विधायक ने की माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** विधानसभा चुनाव 2024 में रविवार को जिले के दोनों सीट से जीत दर्ज करने वाले एनडीए के विधायक इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। सिमरिया से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कुमार उज्जवल दास एवं चतरा से लोजपा के जनार्दन पासवान अपने समर्थकों के साथ माता भद्रकाली मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने माता भद्रकाली की पूजा कर क्षेत्र में शांति व खुशहाली की कामना की। इस दौरान कुमार उज्जवल दास ने कहा कि यह जीत सिमरिया विधानसभा के जनता की जीत है। मैं अपने पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय उपेंद्र नाथ दास के अधूरे सपनों को पूरा कर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र का समुचित विकास करूंगा। वहीं लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा के जनता की जीत है। घमंडी और भ्रष्टाचारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता के विरोध की जीत है। मैं जनार्दन गरीब किसान का बेटा हूं, बेटा समझकर घमंडी मंत्री को यहां की जनता ने लात मारकर भगाया है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, बसंत नारायण सिंह, पेमन नायक, रसिक शिरोमणी, उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह, सचिदानंद सिन्हा, शिवकुमार सिंह, मनोज सिंह आदि नेता शामिल थे।

# अपराधियों का आतंक, कोयला लदे हाइवा को बनाया निशाना, हमले में चालक जख्मी





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के डीवीसी के तुबेद कोल माइंस से कोयला ढुलाई कार्य पर लगे हाइवा का अपराधियों द्वारा लगातार हमला किया जा रहा है। रविवार की सुबह भी अपराधियों ने एक हाइवा को निशाना बनाकर फायरिंग की खबर है। इसके बाद हाइवा अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में चालक घायल हो गया है। हालांकि पुलिस गोली चलने की घटना से इनकार कर रही है, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रविवार की सुबह तेज पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी है। दरअसल रविवार को यह सूचना मिली कि जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदरलोरी मोड़ के पास अपराधियों द्वारा कोयला ढ़ोने वाला एक हाइवा को निशाना बनाकर गोली चलाई गई है. इस घटना के बाद अनियंत्रित होकर हाइवा पलट गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग 5-6 बजे जोरदार आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों को लगा कि पूजा पाठ के दौरान किसी ने पटाखे छोड़े होंगे। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने बताया कि एक ट्रक भी पलट गया है। उसके बाद ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि चालक घायल है। बाद में चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू की। इस घटना के बाद पुलिस का कहना है कि फायरिंग की घटना नहीं हुई है। घटना के संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि हाइवा दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली है। इसके बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा कि गोली चलने की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इस घटना से एक बार फिर पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया है। खासकर हाइवा चालक। बता दें कि चार दिन पहले ही अपराधियों ने इस स्थान के आसपास कोयला ढ़ोने वाला ट्रकों को निशाना बनाकर जमकर फायरिंग कर पांच ट्रकों में आग भी लगा दी थी। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेवारी ली थी, लेकिन इस घटना की जिम्मेदारी किसी अपराधी या उग्रवादी ने नहीं ली है।

## सुखदेव भगत संसद सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली के लिए हुए रवाना



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत संसद सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। आज से शीतकालीन संसद सत्र प्रारंभ हो रहा है जो 20 दिसंबर तक चलेगा। सांसद सुखदेव भगत इस शीतकालीन सत्र में भी देश, राज्य एवं स्थानीय स्तर के अनेक मुद्दों को उठाएंगे। सांसद सुखदेव भगत चुनाव जीतने के बाद पहले संसदीय सत्र में जिस प्रकार सरना धर्म कोड, गुमला जिला को रेलवे लाइन को जोड़ने, गुमला में परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम से सैनिक स्कूल खोलने सहित देश एवं राज्य केअनेक मांगों को जोरदार ढंग से उठाया थे जिसके कारण लोकसभा नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी ने माननीय सांसद सुखदेव भगत को पत्र भेजकर संसद में प्रमुखता से अपनी बात रखने के लिए उन्हें बधाई भी दिए थे। इस संसदीय सत्र में भी माननीय सांसद सुखदेव भगत जन समस्याओं को प्रमुखता से संसद में उठाएंगे।

# लोहरदगा में आवारा कुत्तों का आतंक 11 माह में 2670 लोगों को कांटा

## आवारा कुत्तों को न पकड़ने का और न नसबंदी का है कोई इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के विभिन्न चौक चौराहों एवं मोहल्लों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया कि लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। कई मोहल्लों में आवारा कुत्ते छोटे बच्चों को काट कर घायल कर चुके हैं। आवारा कुत्तों के हमले के भय से छोटे बच्चों का बाहर खेलना भी बंद हो गया है। कई अभिभावक अपने बच्चों को कुत्तों के भय से स्कूल भेजने में भी चिंतित रहते हैं। वहीं नगर पालिका के स्तर से कुत्तों को पकड़ने और इस समस्या से निजात दिलाने के कोई प्रबंध नहीं है। इससे लोग परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ जाने के कारण उन्हें हर समय घर का दरवाजा बंद रखना पड़ता है। सड़कों पर कुत्तों का राज हो गया है। ये कुत्ते बाइक सवार के पीछे दौड़ते हैं। राह चलते लोगों को भी काटने के लिए दौड़ाते हैं। कुछ कुत्तों का शिकार बनते हैं तो कुछ इनसे बचने के चक्कर में घायल हो जाते हैं। आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन न तो इन्हें पकड़ने का कोई इंतजाम है और न ही नसबंदी करने का। सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल के रिकार्ड के अनुसार महज 11 माह में ही लगभग 2670 लोगों को आवारा कुत्तों ने काट लिया है। सदर अस्पताल के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 11 माह में लगभग 2670 लोगों को कुत्तों ने काटा है। इसके तहत जनवरी में 373, फरवरी में 339, मार्च में 306, अप्रैल में 234, मई में 242, जून में 224, जुलाई में 182, अगस्त में 166, सितंबर में 187, अक्टूबर में 234, नवंबर माह के 23 तारीख तक 184 से ज्यादा लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा। इसके अलावे जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी आवारा कुत्तों के काटने की घटना घटी है। वही कई लोग जो कुत्तों के शिकार हुए हैं वे प्राइवेट हॉस्पिटल में भी इलाज कराया है।



### कुत्तों के काटने पर करें यह बचाव

कुत्तों के काटने के बाद प्रारंभिक तौर पर कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। सबसे पहले घाव को धो लें। हल्के गुनगुने पानी और साबुन का प्रयोग करें। किसी साफ कपड़े की मदद से रक्त स्राव को कम करने की कोशिश करें। यदि आपके पास ओवर-द-काउंटर एंटीबायोटिक क्रीम है तो उसे लगाएं। प्राथमिक घरेलू उपायों के बाद तुरंत डॉक्टर से मिलें। डॉक्टर की सलाह पर रेबीज का इंजेक्शन लगवाएं। कुत्ते के काटने के लक्षणों जैसे लालिमा, सूजन, दर्द और बुखार आदि पर विशेष ध्यान रखें। इसके बारे में डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि आवारा कुत्तों का आतंक तो जरूर है लेकिन सदर अस्पताल समेत अन्य पीएचसी में एंटी रैबीज का इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने खासकर बच्चों को कुत्तों से दूर रहने की सलाह दी। कहा कि कुत्ता या बिल्ली कोई भी जानवर हो चाहे वह पालतू हो या आवारा इनसे बच्चों को दूर रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि पालतू कुत्तों को नियमित रूप से दवा देने से उनके काटने के बाद खतरे का अंदेशा नहीं रहता है। इसके विपरीत आवारा कुत्तों के काटे जाने पर यदि मरीज की सुरक्षा के उपाय नहीं किए जाने से उसके लिए खतरे का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 15 से 20 मरीजों को सदर अस्पताल में रैबिज का इंजेक्शन दिया जा रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, पागल कुत्ते के काटने पर ही नहीं, किसी भी कुत्ते के काटने पर रैबीज का इंजेक्शन लेना चाहिए। पांच से छह दिनों के अंदर कुत्ते काटने की अनदेखी करना जानलेवा साबित हो सकती है।

## चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन फरवरी में

### सम्मेलन मे शामिल होंगे प्रदेश के कई नेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला संयोजक मंडली की बैठक मुख्य संयोजक राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में यदुवीर धर्मशाला में हुई । बैठक में निर्णय लिया गया की फरवरी 2025 में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का पारिवारिक मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा परिवार के साथ-साथ प्रदेश के अगुआ भी शामिल होंगे। सम्मेलन सह पारिवारिक मिलन समारोह में चंद्रवंशी परिवार के सदस्य एक दूसरे से मिलेंगे और समाज की उन्नति पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक संयोजक मंडली का गठन किया गया जो कार्यक्रम का सफल आयोजन करेगी। गांव-गांव जाकर सम्मेलन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा एवं सब की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन में युवाओं एवं महिलाओं का विशेष योगदान हो इसके लिए भी आयोजन समिति कार्य करेगी। यह आयोजन चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज के लिए पहला एवं ऐतिहासिक सम्मेलन हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है। बैठक में आयोजन समिति के मुख्य संयोजक राजेंद्र वर्मा, सहसंयोजक प्रदीप नारायण सिंह विकास वर्मा, सागर वर्मा, परमेश्वर वर्मा, उत्पल वर्मा, अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा एवं ज्योति वर्मा प्रवक्ता- सागर वर्मा और मीडिया प्रभारी अवनी वर्मा को बनाया गया है। कार्यक्रम के मार्गदर्शन के लिए मार्गदर्शक मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें मुनिंद्र प्रसाद, राम अवतार वर्मा, लखन वर्मा, जगदीश वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, चमार राम, आदि शामिल किया गया है। इस बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन समिति की अगली बैठक 01 दिसंबर को 11:00 बजे यदुवीर धर्मशाला में होगी इसमें महिला एवं युवा समिति का भी गठन किया जाएगा, जो इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

### जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

## आदिवासी वेशभूषा में स्कूली बच्चों ने निकाली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर लचरागढ़ में रविवार को जनजातीय गौरव दिवस सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल्या देवी, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र बड़ाईक, जनजाति हित रक्षा प्रमुख वनवासी कल्याण केन्द्र। विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने माता सरस्वती,ओम भारत माता, बिरसा मुण्डा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्पर्चान कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें विद्यालय के बच्चे भगवान बिरसा मुण्डा, तेलंगा खड़िया, वीर बुद्धु भगत, तिलका मांझी, नीलाम्बर -पीतांबर, सिद्धु कान्हू, जतरा टाना भगत, फूलो-झानो, रुनिया-झुनिया, सिनगी दई -कैईली दई का रूप धारण किए हुए थे। पारंपरिक वेश भूषा में विद्यालय का भैया-बहन शोभा यात्रा में सम्मिलित थे। भगवान बिरसा मुंडा की जय, नीलाम्बर-पीताम्बर की जय फूलो झानो की जय आदि गगन भेदी नारा लगाते और आदिवासी नृत्य करते भैया बहन आनंदित एवं प्रफुल्लित थे। शोभा यात्रा विद्यालय से प्रारम्भ होकर मुख्य सड़क से होते हुए प्रिंस चौक तक पहुंची और वहां पर तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभा यात्रा पुनः विद्यालय पहुंचा और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। दशम कक्षा के भैया-बहनों द्वारा मदार्नी झूमर प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। 101 बहनों ने आदिवासी जंगल के रखवाला रे गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेन्द्र बड़ाईक ने कहा वनवासी समाज का संरक्षण, संवर्धन करना हमारा परम कर्तव्य है। विभिन्न जनजाति महापुरुषों का विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि माता कौशल्या ने भी कार्यक्रम का भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए महापुरुषों की जीवनी पढ़कर हमें आगे बढ़ने की सीख मिलती है। मंच संचालन आचार्य सुदर्शन ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद जी,अर्जुन महतो,गणेश सिंह,जगेश्वर सिंह,दशरथि कुमारी,लक्ष्मी देवी, दीक्षित कुमारी,प्रगति कुमारी, विमला देवी, बसंती बड़ाईक, यमुना कुमारी, सुनीति कुमारी, निशी कुल्लू, रश्मि प्रधान, अभिभावक बन्धु, माता बहनें, और विद्यालय के सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

## साथिया प्रशिक्षण का हुआ समापन, मिला प्रमाण पत्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू प्रखंड के चिरी पीएचसी में 18 नवंबर से शुरू हुआ पंद्रह से 19 वर्ष के साथिया का( पियर एजुक्केटर) प्रशिक्षण संपन्न हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीएचसी कुडू की प्रभारी डॉ सुलामी होरो मौजूद थे। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण के पश्चात प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किशोरावस्था के किशोरों को मुख्य रूप से स्वस्थ्य जीवन शैली, स्वास्थ से संबंधी समस्याओं, शिक्षा संबधी बेरोजगारी, लिंग संबंधी भेदभाव, बाल- विवाह, समानता का अधिकार के साथ- साथ आरकेएसके के मुख्य छह बिंदुओं पर स्लोगन, रोल प्ले एवं खेल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सदर अस्पताल स्थित युवा मैली केंद्र की सलाहकार सीता लिंडा, प्रशिक्षक शंकर राम, सी3 के मुबैद अख्तर, पवन, ट्रेनर रौशनी टोप्पो, करुणा लकड़ा, अर्चना लकड़ा, जुही कुमारी, मेनका शुभानि तिर्की, निभा तिर्की, सुनीता तिग्गा, सीमा दुलारी कुजूर, रौशन जोशेफ टोप्पो शामिल थे। ट्रेनर रौशनी टोप्पो ने बताया कि आज से 30 तक टाटी पंचायत भवन में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सहायक अध्यापक संघ की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पाकरबहार स्कूल परिसर में सहायक अध्यापकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने किया। बैठक में मासिक उपस्थिति इपीएफ एवं साथ ही इंडिया गठबंधन का प्रचंड जीत पर नवनियुक्त विधायक को संगठन की ओर से बधाई दिया गया। ज्ञात हो कि इस बार का चुनाव में सहायक अध्यापकों का अहम भूमिका रही। इस मौके पर प्रखण्ड के सभी विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

### सेवा भारती ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## लोग स्वयं स्वस्थ रहें और लोगों को भी जागरूक करें : डॉ अंजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 128 वां सप्ताह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 7:30 बजे से लगाया गया था। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ अंजलि सुमन, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 39 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। वहीं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में किया जा रहा है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ की जांच हर समय कराते रहना चाहिए, नहीं तो छोटी बीमारींया भी बड़ा रूप ले लेती है। महिला चिकित्सक डॉ अंजलि सुमन ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहें और लोगों को भी जागरूक करें। कहा कि मैं जब भी लोहरदगा में रहती हूं तो इस शिविर पर आकर लोगों की सेवा करने में हमें बहुत ही सुकून मिलता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है। कहा कि यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ढाई वर्षो से भी ज्यादा समय से निरंतर चल रही है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ अंजली सुमन, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, किशोर बंका, सुबोध प्रसाद, सत्यम सर्राफ, राजीव यादव, अतुल सर्राफ, चिंतामणि देवी, अंजली सर्राफ, दिनेश मिस्त्री, शांति देवी, प्रदीप साहू, सुबोध महतो, मणिलाल प्रजापति, सुरेंद्र गुप्ता, मनीष बर्मन, हजारी साहब, अनिल मोदी, तपेश्वर प्रसाद अग्रवाल, गोपाल महतो, वीरेंद्र गुप्ता, राम प्रसाद कांस्यकार, रमेश शर्मा, सोनिया पोद्दार, उदय कसेरा, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रभु दयाल साहू, अमरनाथ भगत, अमित अग्रवाल, ममता बांका आदि उपस्थित थे।

## सुदीप गुड़िया की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** तोरपा विधानसभा से झामुमो के सुदीप गुड़िया ने जीत दर्ज की है। सुदीप गुड़िया के जीत पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने स्वागत किया। सुदीप गुड़िया के जीत पर तोरपा विधानसभा के सभी सुदूर गावों तक पटाखे फोड़ कर खुशी मनायी गयी। नवनिर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया ने दूसरे प्रयास में ही बड़ी सफलता पाई। मालूम हो कि 2019 के चुनाव में पूर्व विधायक पौलुस सुरीन के चुनाव मैदान में उतरने से कोचे मुंडा से मात्र 9063 मतों से हार गये थे। इस बार 40647 मतों से जीत दर्ज की। कोविड काल में जब सब लॉकडाउन में सभी घरों में दुबके हुये थे तब घर घर जाकर लोगों की सेवा में लगे थे।

## भौंरो गांव में योग शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के भौंरो गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक दिवसीय योग नेचरोपैथी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव के पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में महिलाओं की संख्या अधिक थी। योग शिविर में बच्चों को डॉक्टर अशोक आचार्य ने लंबाई बढ़ाने के अभ्यास बताए। महिलाओं को कमर दर्द के लिए आसन बताएं एवं प्राणायाम के रहस्य को बताए।



योग शिविर में संयोजक शिव शंकर साहू, प्रकाश साहू, राधेश्याम साहू, पारसनाथ साहू, बिरंची प्रजापति, विष्णु, विनुमति देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दो सगे भाई सहित तीन युवक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा ओड़गा रोड स्थित तेलंगा नाला में मोटरसाइकिल दुर्घटना में बानो निवासी तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों कि पहचान जुसाफ सुरीन पिता एतवा सुरीन बानो कुसुम, अघना लुगुन पिता बिरसा लुगुन जराकेल सभा टोली, गालु लुगुन पिता बिरसा लुगुन जराकेल सभा टोली के रूप में हुई है। घायलों में अघना लुगुन एवं गालु लुगुन दोनों सगे भाई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों मोटरसाइकिल से अपने बहन की ससुराल जलडेगा के टंगिया पाहनटोली आये थे। जहां तीनों ने जमकर शराब पी थी। तीनों वापस घर लौट रहे थे किन्तु शराब के नशे में जलडेगा के तेलंगा नाला में संतुलन बिगड़ने से तीनों गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से घायलों को जलडेगा अस्पताल लाया गया जहां प्रारंभिक ईलाज के बाद घायलों को सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### 08 प्रत्याशियों को नही मिला एक हजार वोट

# 07 प्रत्याशियों को नोटा के बराबर भी नहीं मिला मत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव का मतदान गत 13 नवंबर को हो गया था जबकि मतगणना 23 नवंबर को संपन्न हुआ। मतगणना के बाद जो परिणाम सामने आया वह बहुत ही लोगों को चौंकाने वाला आया। क्योंकि इस चुनाव में कुल 17 प्रत्याशी खड़े थे जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे लेकिन इनमें से 08 प्रत्याशी को जनता ने संतोषजनक मत नही दिया। आठ प्रत्याशियों को चुनाव में 1000 वोट भी नही मिनस। इनमें राजेश लोहरा - निर्दलीय को 968 मत, विरेन्द्र उरांव - निर्दलीय को 797 मत, पवन तिग्गा - लोकहित अधिकार पार्टी को 767 मत, संतोष भगत - निर्दलीय को 747 मत, बिहारी भगत - पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक को 704 मत, रमेश उरांव - निर्दलीय को 656 मत, राजपती देवी - बिजेजेपी को 547 मत व बृज मोहन उरांव - निर्दलीय को 448 मत प्राप्त हुआ है। जबकि सात ऐसे प्रत्याशी थे जिन्हें चार हजार से ज्यादा वोट नहीं मिला। इनमें रामेश्वर लोहरा - निर्दलीय को 4,010 मत, अवधेश उरांव - भारत आदिवासी पार्टी को 3,159 मत, शनिया उरांव - निर्दलीय को 2,602 मत, अनील कुमार भगत - झारखंड पीपुल्स पार्टी को 1,453 मत, यशपाल भगत - बहुजन समाज पार्टी को 1,354 मत, किशोर उराव - जेएलकेएम को 1,300 मत, सोमा उरांव - निर्दलीय को 1,176 मत मिला है। जबकि यदि नोटा की बात किया जाय तो 908 लोगों ने नोटा को पसन्द किया है। अगर उपर के आंकड़ो को देखा जाय तो सात प्रत्याशियों को नोटा के बराबर भी वोट नही मिला है।

## पोस्टल बैलेट में भी 41 लोगों ने दिया नोटा को मत

लोहरदगा विधानसभा सीट पर हुए चुनाव में 18 राउंड की मतगणना के पहले पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती किया गया था। लेकिन आधिकारिक रूप से सभी राउंड की गिनती के बाद इसको सार्वजनिक किया गया। पोस्टल बैलेट में भी मिले मतों में लोगों को चौंकाने का काम किया। पोस्टल बैलेट की गिनती जब हुई तो उसके परिणाम को देखकर भी हर कोई हैरान दिखाई दिया क्योंकि पोस्टल बैलेट में भी 41 लोगों ने नोटा को अपना मत दिया। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को 1915 वोट, एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी की प्रत्याशी नीरू शांति भगत को 1214 वोट, बहुजन समाज पार्टी के यशपाल भगत को 14 वोट, झारखंड पीपुल्स पार्टी के अनिल कुमार भगत को 11 वोट, भारत आदिवासी पार्टी के अवधेश उरांव को 54 वोट, जेएलकेएम के किशोर उरांव को 60 वोट, लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के पवन तिग्गा को 10 वोट, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के बिहारी भगत को 07 वोट, बीजेजेपी के राजपति देवी को 09 वोट मिले। इसके साथ स्वतंत्र प्रत्याशी बिरेंद्र उरांव 16 वोट, बृजमोहन उरांव को 07 वोट, रमेश उरांव को 13 वोट, राजेश लोहरा को 07 वोट, रामेश्वर लोहरा को 27 वोट , संतोष भगत को 02 वोट, सानिया उरांव को 01 वोट व सोमा उरांव को 09 वोट मिले है।

### कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव को 53 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिला

लोहरदगा विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को हुए कुल 213940 वोट (पोस्टल बैलेट सहित) में 53% से ज्यादा वोटरों ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव पर भरोसा जताते हुए उन्हें वोट किया है। कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को कुल 113507 वोट मिले है जो कुल मतदान का 53.05 प्रतिशत वोट है। जबकि आजसू पार्टी की प्रत्याशी नीरू शांति भगत को कुल 78837 वोट मिला है जो कुल मतदान का 36.85 प्रतिशत है। इस प्रकार यह प्रमाणित होता है कि कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव पर मतदाताओ ने फिर से भरोसा जताया है। पिछले विधानसभा चुनाव में हुए मतदान की तुलना में इस बार ज्यादा वोट उन्हें मिले हैं। इस मतदान प्रतिशत को देखने के बाद ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का असर लोहरदगा में ज्यादा देखने को मिला है जिसका परिणाम यह रहा है कि यहाँ पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने अधिक मतदान किया है। कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी दिलाने में महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई है। अगर आंकड़ो को देखा जाय तो इस चुनाव में 110326 महिलाओं ने वोट डाले है जबकि 100660 पुरुषों ने वोट डाले है। इस प्रकार पुरुषों की तुलना में 9666 महिलाओं ने अधिक मतदान किया है।

## कांग्रेस पार्टी ने निकाला विजय जुलूस



**कुरडेग।** सिमडेगा विस से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा की शानदार दूसरी जीत पर कुरडेग के कांग्रेसियों ने रविवार को विजय जुलूस निकाला। ढोल, नगाड़े, डीजे एवं आतिशबाजी के साथ गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। कुरडेग के कांग्रेस चुनाव कार्यालय से जुलूस निकला और परकला, झिरका मुण्डा, कुरडेग बस स्टैण्ड होते हुए वापस कार्यालय तक पहुंचा। जुलूस में ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में कांग्रेस के महिला एवं पुरुष कार्यकत्ताओं ने भाग लिया। इस बीच कांग्रेसियों ने एक दूसरे को गले लगाकर मिठाई खिलाई। मौके पर जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल ने कहा कि इस जीत का श्रेय राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकत्ताओं को जाता है। वहीं विजय जुलूस में शामिल सिमडेगा जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने कहा कि जनता ने भाजपा की धर्म के नाम पर बांटने वाली राजनिति को दरकिनार किया है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लगातार दूसरी बार पराजित होने से उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जश्न मनाने वालों में लखन गुप्ता, अरशद हुसैन, शिव केशरी , रतन प्रसाद, गणेश सिंह, दीपक जयसवाल, जामा मस्जिद अंजुमन के सदर मो सब्बानी , सेक्रेटी मो इन्तियाज, अशोक राम, सुमिरा लकड़ा, मो बेलाल, सरफराज अंसारी सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकत्ता शामिल रहे।

# एक नजर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल में चोरी का प्रयास

**गुमला।** गुमला शहर के इस्लामपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में रविवार तड़के चोरी का प्रयास किया गया। सुबह करीब 4:00 बजे चोरों ने ताला तोड़कर अस्पताल में प्रवेश किया और तीन कमरों के दरवाजे तोड़कर बैटरी, इन्वर्टर, और प्रिंटर मशीन की चोरी करने लगे। इस दौरान अस्पताल के बगल में रहने वाले जीशान खान ने खिड़की से चोरों को देखा और शोर मचाया। शक होने पर चोरों ने सामान फेंककर भागने में ही भलाई समझी। जीशान के अनुसार, सभी चोर मुंह ढके हुए थे और संभवतः नशेड़ी थे। इस घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गई, जहां मुंशी रमाकांत सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। स्थानीय लोग पुलिस से नियमित गश्त की मांग कर रहे हैं।

### बीएलओ सिलास बाड़ा का हुआ निधन

**गुमला।** दक्षिणी भरनो पंचायत के स्वयंसेवक सह बीएलओ, सिलास बाड़ा (30) का बीते रात आकस्मिक निधन हो गया। घटना दो दिन पूर्व हुई, जब वे खेत में धान की कटाई के बाद उसे कंधे पर उठाकर बाहर निकाल रहे थे। इस दौरान अचानक कंधे में मोच आने से दर्द शुरू हो गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए रांची ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का मानना है कि धान उठाने के दौरान कंधे की नस दबने से उनकी मौत हुई। सिलास बड़ा अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य था। उनके पिता की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। घर में उनकी मां और बहन हैं, जिनकी पूरी जिम्मेदारी सिलास पर थी। अब उनके निधन से परिवार पर गहरा संकट आ गया है।

## गुमला में खीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा

# प्रभु यीशु मसीह हमारे राजा हैं : फा. क्रिस्टोफर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रविवार को गुमला में खीरस्त राजा का पर्व मनाया गया, वहीं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा उर्सलाइन कॉन्वेंट से शुरू होकर सिसई रोड, थाना रोड, मैन रोड, महावीर चौक होते हुए टावर चौक तक गई। यात्रा के मार्ग पर सर्व धर्म सद्भावना मंच ने स्वागत किया और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर सर्व धर्म सद्भावना मंच के अध्यक्ष एएनपी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद, संरक्षक मुरली मनोहर प्रसाद, मोहम्मद अकील रहमान, फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, रविंद्र सिंह, दामोदर केसरा, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद फिरोज आलम, सेत कुमार एक्का, अरुण कुमार केसरी, प्रोफेसर बी.एन. पांडे, राजू अग्रवाल, ललित कुमार मिंज और बृज अग्रवाल समेत कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। फादर क्रिस्टोफर लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा की प्रभु यीशु मसीह हमारे राजा हैं, और उनकी शहादत के प्रतीक के रूप में हम खीरस्त राजा का पर्व मनाते हैं। यीशु का बलिदान हमें प्रेम, त्याग और शांति का संदेश देता है। इस अवसर पर गुमला के सभी पुरोहित और समाज के लोग पूरी श्रद्धा से इस शोभायात्रा में शामिल होते हैं, जो सामूहिक विश्वास और सामुदायिक सौहार्द का प्रतीक बनता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एएनपी श्रीवास्तव ने कहा की यह पर्व शांति के राजकुमार प्रभु यीशु मसीह का प्रतीक है, जो सम्पूर्ण विश्व के राजा हैं। उनका संदेश हमें एकता, प्यार और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। शोभायात्रा में गुमला शहर के नागरिकों ने एकजुट होकर सामूहिक श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया, जो धार्मिक सौहार्द और एकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस आयोजन ने गुमला में सामाजिक और धार्मिक समरसता को प्रगाढ़ किया।

## पांच पड़हा जैरा जतरा का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** रविवार को पाहान पुजारों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए ऐतिहासिक पांच पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जैरा जतरा के नाम से पूरे झारखण्ड में प्रसिद्ध है। प्राचीनकाल से आदिवासी समाज के पूर्वजों द्वारा विधिवत तरीके से आयोजित होते आ रहा है। गांव के लोगों कहना है कि पूर्वज से पांच पड़हा का झंडा भंडरा पझरी पहाड़ पर था। वहां ये जतरा आयोजित होता था। उसके बाद वहां से सिलम टोंगरी बुड़का में आया। जतरा का आयोजन सिलम टोंगरी बुड़का में होने लगा। फिर अगहन नवमी को झंडा आपरूपी जैरा में आ गया। तब से आदिवासी पूर्वजों द्वारा जैरा में ये ऐतिहासिक जतरा का आयोजन होने लगा जो निरंतर प्रत्येक वर्ष अगहन नवमी को पाँच पड़हा के पाहान पुजारों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए किया जा रहा है।इस जतरा को देखने के लिए गुमला जिला के अलावे रांची, खूंटी, और लोहरदगा जिले से हजारों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा । जतरा में लोगों व बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह तरह के झूले और मिठाइयों की दुकानों के अलावा लोगों की जरूरत के वस्तुओं की दुकाने भी लगाई गई थी। जतरा को सफल बनाने में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उराँव, दिलाशा पाहान, बासुदेव प्रधान, सोहराई उराँव, प्रकाश लोहरा, सोमा टाना भगत, सुकरा उराँव, सत्येंद्र उराँव चंदर उराँव, संजय मुंडा, करमचंद उरांव एवं समिति के सभी लोगों का भरपूर सहयोग रहा। जतरा में शांति व्यवस्था बनाये रखने और किसी भी प्रकार के उपद्रव से निपटने के लिए सिसई थाना के पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से खड़ी रही।

### यीशु राजा के आगमन पर निकली शोभायात्रा

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड में रविवार को यीशु राजा के आगमन की खुशी में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में बाइबल में वर्णित दृष्टांतों को झांकियों के रूप में प्रस्तुत किया गया और यात्रा को 20 टोलियों में विभक्त किया गया था। शोभायात्रा चैनपुर चर्च से शुरू होकर प्रखंड के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः चर्च में पहुंची। हर झांकी को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसमें बेस्ट ऑडियो सिस्टम का भी प्रयोग किया गया, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। इस यात्रा में हजारों लोग, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल थे, भाग लेकर इस धार्मिक आयोजन को और भी भव्य बना रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल सभी 20 टोलियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि अन्य समूहों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में बारवी स्कूल के फादर राजेंद्र तिर्की, फादर ज्वेल, फादर हेनरी, फादर मारियानुष कॉलेज के फादर अजीत, फादर रिमीस, और सभी विद्यालयों की धर्म बहनें भी उपस्थित थीं।

## चैनपुर नगर में खीस्त राजा की शोभायात्रा निकाली गई



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर नगर में खीस्त राजा पर्व पर रविवार को खीस्त राजा की जय, हे खीस्त तेरा राज आवे इन जयकारों के साथ खीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में कैथोलिक समुदाय के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में आगे आगे पवित्र संक्रामेंत लेकर बच्चे चल रहे थे। बीच में भजन गाते मंडली के लोग। उसके पीछे छोटे-छोटे बच्चियां परी बनकर पुष्प वर्षा करते हुए चल रही थी। वहीं आकर्षक रूप से सजा की गई एक वाहन में पुरोहित पवित्र कुरुस लिए हुए थे। युवाओं की टोली ढोल-नगाड़ा बजाते हुए शामिल थे। कई लोग बैनर व झंडा भी लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा संत जॉन चर्च से शुरू होकर चर्च रोड सोहन चौक अलबर्ट एक्का चौक, बस स्टैंड मेन रोड थाना रोड ब्लॉक चौक होते हुए वापस चर्च परिसर पहुंची। कई चौक चौराहा में धर्म विश्वासियों ने आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया। वहीं पूरे नगर को आकर्षक रूप से साजसजा की गई थी। इससे पूर्व चर्च में पवित्र मिस्सा पूजा व प्रार्थना सभा हुई पल्ली पुरोहित फादर जेभिरियानुस किंडो ने खीस्त राजा पर्व का संदेश दिया, कहा कि खीस्त सभी राजाओं के राजा हैं उनका राज्य इस संसार के राजा महाराजाओं जैसा नहीं बल्कि सभी मानव के हित के लिए है। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से फादर राजेंद्र तिर्की, डीन फादर जेभिरियानुस किण्डो सहित कई पुरोहित व धर्म बने शामिल हुए।

## झामुमो की अप्रत्याशित जीत पर कामडारा में निकला विजय जुलूस



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झामुमो के सिसई विधानसभा क्षेत्र से विधायक जिगा सुसारन होरो की अप्रत्याशित जीत के बाद रविवार को कामडारा ब्लॉक चौक से लेकर पोकला गेट तक विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था। इस जीत की खुशी में सिसई विधानसभा के इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो की पत्नी खीस्टीना होरो ने कामडारा का दौरा किया और कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। खीस्टीना होरो ने ब्लॉक चौक पर भीमराव अंबेडकर बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। विजय जुलूस के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटी, जिससे माहौल में उत्साह और जोश का संचार हुआ। इस मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ अमित कंडुलना, यमुना प्रसाद साहु, अनिल हेमरोम, अगपित होरो, नीलु सिंह, नसीम खान, आजम खान, नमन कंडुलना और सुगड़ तोपनो आदि उपस्थित थे। यह विजय झामुमो के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे कार्यकर्ताओं के बीच खुशी का माहौल बना दिया है।

### लाल अरबिंद नाथ शाहदेव की पुण्यतिथि पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**गुमला।** पालकोट के बघिमा आंबा टोली गांव के खेल मैदान में स्वर्गीय लाल अरबिंद नाथ शाहदेव की 14वीं पुण्यतिथि पर स्मृति श्रद्धांजलि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर फाइनल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेलकूद का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ करूणा नाथ शाहदेव, डॉ अंशुमन देव, डॉ आनंद शाहदेव, डॉ तापसी शाहदेव और डॉ नम्रता नाथ शाहदेव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर मनीष हिंदुस्तान, सैयद जूनू रैन, माठा खड़िया समेत भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

## सिसई में भाजपा की करारी हार, कार्यकर्ता उठा रहे सवाल

# भाजपा कार्यकर्ता बूथ तक नहीं ले जा पाये अपने वोटरों को

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया (गुमला)।** सिसई विस क्षेत्र से भाजपा चुनाव हार गई है और बुरी तरह हारी। इस हार के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं परन्तु अब भाजपा कार्यकर्ताओं की नाकामी पर हर तरफ से उंगलियां उठ रही हैं। उल्लेखनीय है कि सिसई विधानसभा क्षेत्र की गिनती भाजपा के लिए कठिन सीट के तौर पर होती है। यहां से भाजपा को अबतक सिर्फ पांच बार जीत मिली है। झारखंड के गांधी के नाम से ख्यात स्व.ललित उरांव को तीन बार और विकास पुरुष के नाम से जाने वाले डॉ.दिनेश उरांव को सिर्फ दो बार चुनाव जीतने का अवसर हाथ लगा है। भाजपा की दृष्टि से यदि इन सभी अवसरों का विश्लेषण किया जाए तो एक ही तथ्य उभर कर सामने आता है कि सभी जीत के पीछे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की हाड़तोड़ मेहनत रही है। जनसंघ काल से इसके लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं की मानें तो हर जीत के पीछे त्रिकोणीय संघर्षों की भूमिका जरूर रही है परन्तु अपने वोटरों को बूथ तक लाने और चुनावी माहौल बनाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम रही है। हाल के वर्षों में दल की इस व्यवस्था पर एक ग्रहण सा लग गया है और वर्तमान चुनाव तक तो स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि अब भाजपा का समर्पित तंत्र सिर्फ चुनावी कार्यालय तक सिमटकर रह गया है। इतना ही नहीं बल्कि इस बात को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि भाजपा के स्थानीय कर्णधारों के बूथ मैनेजमेंट में अब कहीं न कहीं वित्तीय गड़बड़ी भी शामिल हो चुका है। बताया जाता है कि बूथ मैनेजमेंट के लिए दल से पहले तो आवंटन की मांग के स्तर पर गड़बड़ी की गई और फिर आवंटित सहयोग को खुद के हवाले कर दिया गया। इन बातों में कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है। सच तो यही है कि इस बार भाजपा के चरित्र के विपरीत न तो कहीं डोर टू डोर कैंपेन का दर्शन हुआ और न दलीय कार्यकर्ताओं में जोश व समर्पण का कोई जज्बा ही नजर आया। इन सबके विपरीत झामुमो के कार्यकर्ताओं ने पूरे चुनावी कैंपेन में न केवल दिन रात एक कर दिया बल्कि अपने समर्पण का भरपूर प्रदर्शन भी किया।

## गुमला जिले में झामुमो की ऐतिहासिक जीत


# तीनों सीटों पर 50प्रतिशत से अधिक मतों से रिकॉर्ड जीत

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के तीन प्रमुख विधानसभा क्षेत्र - सिसई (67), गुमला (68), और बिशुनपुर (69) - में 2024 के विधानसभा चुनाव के परिणामों ने इतिहास रच दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इन तीनों सीटों पर न केवल 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किए, बल्कि अपनी अप्रत्याशित जीत से विपक्षी दलों को करारी शिकस्त दी। यह परिणाम झामुमो के लिए न केवल एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, बल्कि यह दशार्ता है कि जनता का विश्वास उसके नेतृत्व और नीतियों पर पूरी तरह कायम है। झामुमो ने गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अपने रिकॉर्ड प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया है कि वह जनता की पहली पसंद है। यह जीत न केवल पार्टी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, बल्कि झारखंड की राजनीति को भी एक नई दिशा देने वाली है।



जिगा सुसारण होरो



भूषण तिर्की



चमरा लिंडा

### सिसई विस : जिगा सुसारण होरो का ऐतिहासिक प्रदर्शन

सिसई विधानसभा क्षेत्र ने झामुमो को ऐतिहासिक जीत का तोहफा दिया। क्षेत्र में कुल 1,92,647 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से झामुमो प्रत्याशी जिगा सुसारण होरो ने 1,06,058 (55%) मतों के साथ रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरुण कुमार उरांव मात्र 67,069 (35%) मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। अन्य 12 प्रत्याशी जमानत जब्त कर बैठे, जो इस बात का प्रमाण है कि जनता ने स्पष्ट रूप से झामुमो का समर्थन किया। सिसई की इस ऐतिहासिक जीत ने क्षेत्रीय राजनीति में झामुमो के प्रभाव को और मजबूत कर दिया है।

### गुमला विस : भूषण तिर्की की प्रचंड जीत

गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,65,060 मत पड़े। झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की ने 84,974 (51%) वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को कड़े मुकाबले में हराया, जिन्होंने 58,673 (35.54%) वोट प्राप्त किए। 13 अन्य प्रत्याशी भी इस चुनावी दंगल में शामिल थे, लेकिन सभी की जमानत जब्त हो गई। यह जीत गुमला में झामुमो की मजबूती और जनता के झुकाव को प्रदर्शित करती है।

### बिशुनपुर विस : चमरा लिंडा की शानदार जीत

बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,00,275 मतदाता थे, जिसमें से झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा ने 1,00,336 (49%) वोट हासिल किए। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को 67,580 (33.40%) वोट प्राप्त हुए। अन्य 12 प्रत्याशी भी मैदान में थे, लेकिन वे सभी जमानत नहीं बचा सके। यह जीत बिशुनपुर में झामुमो के मजबूत संगठनात्मक ढांचे और प्रभावशाली नेतृत्व का प्रमाण है।

## राजनीतिक विश्लेषण : विपक्ष के लिए चुनौतीपूर्ण संदेश

इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में झामुमो की अप्रत्याशित जीत विपक्ष के लिए आत्ममंथन का विषय बन गई है।

**बड़े अंतर से जीत:** झामुमो प्रत्याशियों ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों के अंतर से हराया।

**सभी निर्दलीय और अन्य दलों की जमानत जब्त :** भाजपा को छोड़कर अन्य सभी प्रत्याशी जमानत नहीं बचा सके।

**झामुमो की मजबूत पकड़ :** यह चुनावी परिणाम झामुमो के बढ़ते जनाधार और प्रभाव को रेखांकित करता है।

### झामुमो की ऐतिहासिक सफलता के पीछे प्रमुख कारण

**स्थानीय नेतृत्व में जनता का विश्वास :** जिगा सुसारण होरो, भूषण तिर्की, और चमरा लिंडा जैसे सक्षम नेताओं ने अपनी जमीनी पकड़ और कुशल नेतृत्व से जनता का विश्वास अर्जित किया।

**सरकारी योजनाओं का प्रभाव :** झारखंड सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, अन्नपूर्णा योजना, और ग्रामीण सड़क विकास योजना, ने ग्रामीण जनता में झामुमो के प्रति सकारात्मक छवि बनाई।

**विपक्ष की कमजोर रणनीति :** भाजपा सहित अन्य दलों की संगठनात्मक तैयारियां और नीतियां कमजोर साबित हुईं, जिससे जनता ने झामुमो का रुख किया।

**सशक्त चुनाव प्रचार:** झामुमो ने चुनाव प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों और विकास योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया, जो जनता के दिलों को छू गया।

### भविष्य की राजनीति पर असर

झामुमो की यह जीत केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ती है।

**विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय :** भाजपा और अन्य दलों को अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा।

**झामुमो के लिए बढ़ा हुआ जनाधार:** इस जीत ने झामुमो को मजबूत राजनीतिक आधार प्रदान किया है, जो भविष्य के चुनावों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

# न्यूज बॉक्स

### अहीर सेना ने महादेव गोप को आर्थिक सहयोग किया

**गुमला।** सिसई प्रखंड के अहीर सेना के सदस्यों ने आर्थिक रूप से कमजोर चेगरी कुम्बा टोली गांव के महादेव गोप को मदद का हाथ बढ़ाया। महादेव गोप, जो हाल ही में अपने भतीजे बिरज गोप के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्हें नकद राशि और आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। बिरज गोप के निधन से उनके परिवार की स्थिति बहुत कठिन हो गई थी, क्योंकि वह घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। समाजसेवी उमेश गोप के नेतृत्व में रविवार को चंदा एकत्रित कर महादेव गोप को 5 किलो चूड़ा, 2 किलो गुड़, 50 किलो चावल, 4 किलो दाल, 10 किलो आटा, 2 लीटर सरसों तेल, 10 लीटर रिफाइन तेल और 1610 रुपये की मदद दी गई। इसके अलावा, मदद देने वालों ने भविष्य में भी परिवार की सहायता करने का आश्वासन दिया। इस सहयोग में भुरसो पंचायत की मुखिया रेखा देवी, उमेश गोप, लोहरमैन गोप, धनीराम यादव, अमन यादव, बसंत यादव, रविंद्र नाथ अधिकारी, नारायण यादव और अनिल कुमार यादव का अहम योगदान था।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत



**चैनपुर।** थाना अंतर्गत बरवे स्कूल ढोड़हा के पास रविवार दोपहर 2:00 के करीब ट्रैक्टर पलट जाने से चालक सूरज लोहरा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार चालक सूरज लोहरा ट्रैक्टर में मिट्टी लेकर आ रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर में कुछ खराबी आ गई जिसे लेकर चालक ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ी कर खराबी की जांच कर रहा था। ट्रैक्टर सड़क के काफी किनारे होने और तत्काल सड़क किनारे भरी गई ढीली मिट्टी ढह जाने से ट्रैक्टर गड्ढे में जा पलटी जिसकी चपेट में आने से चालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ स्थानीय लोगों ने एक ऑटो की मदद से सूरज को एक निजी अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर प्रत्यक्षदर्शियों एवं परिजनों से पूछताछ करते हुए जांच में जुट गई है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला-छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करौंदी गांव के पास बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना के बाद भाजपा नेता खुशमन नायक और उनके सहयोगियों रवि, मंटू, शंभू, शक्ति तथा जीतू नायक ने घायलों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीन युवक - गणेशपुर डिपा निवासी 18 वर्षीय सन्नी उरांव, 17 वर्षीय राहुल चिक बड़ाइक और 18 वर्षीय आशीष नायक सीलम गांव जा रहे थे। तभी करौंदी के पास सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी और फरार हो गई। हादसे में बाइक चालक सन्नी उरांव को सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। तीनों युवक बांसडीह गांव से कुत्ता का बच्चा लाने के बाद आशीष को उसके घर सीलम छोड़ने जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने बोलेरो की पहचान कर ली है और उसका नंबर भी सामने आया है।

### झामुमो ने जीत पर मतदाताओं को दी बधाई

**गुमला।** झामुमो के जिला सचिव सह जिला प्रवक्ता आरिफ अंसारी और मीडिया प्रभारी साजिद खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 2024 विधानसभा चुनावों में गुमला जिले के गुमला, सिसई और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों में झामुमो के प्रत्याशियों की प्रचंड बहुमत से जीत पर बधाई दी। इसमें विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिगा मुंडा, और विधायक चमरा लिंडा के विजयी होने का जिक्र किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह जीत जल, जंगल और जमीन को बचाने, हेमंत सरकार द्वारा महिलाओं को 'मंईयां सम्मान' देने और झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के हक की जीत है। साथ ही, यह जीत आपसी भाईचारे, सामाजिक और धार्मिक समरसता, तथा गरीबों, किसानों और मजदूरों के विकास की जीत है। झामुमो जिला अध्यक्ष और विधायक भूषण तिर्की ने अपने नेतृत्व में जिले में विकास की नई दिशा दी है और पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट रखा। इसके लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और इंडिया महागठबंधन के सहयोगियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर, केंद्रीय सदस्य रंजीत सिंह, नगर अध्यक्ष लड्डन, जेम्स तिर्की, पोलिकार्प तिर्की, और अन्य प्रमुख नेताओं ने भी इस जीत पर खुशी जाहिर की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### गुमला में 26 से जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 टूर्नामेंट, तैयारियां पूरी




**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में 26 नवंबर से झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के तत्वाधान में अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का आगाज होगा। उद्घाटन मुकाबले में कोडरमा और पाकुड़ जिले की टीमें आमने-सामने होंगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी गुमला को मिली है, जिसे लेकर जिला क्रिकेट संघ ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। क्रिकेट संघ ने खिलाड़ियों के बैठने के लिए विशेष क्षेत्र, अतिथियों और मैच अधिकारियों के लिए सुसज्जित व्यवस्था, साइड स्क्रीन और बड़े स्क्रीन की स्थापना सुनिश्चित की है। मैदान के दोनों छोर पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई हैं, वहीं मेडिकल टीम और मीडियाकर्मियों के लिए भी अलग से स्थान निर्धारित किया गया है।

**टूर्नामेंट में शामिल टीमें :** यह राज्य स्तरीय टूर्नामेंट छह जिलों–कोडरमा, हजारीबाग, जमशेदपुर, जामताड़ा, पाकुड़ और सरायकेला-खरसावां की टीमों के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लीग चरण के सभी मुकाबले गुमला में आयोजित होंगे। 7 दिसंबर को शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। सेमीफाइनल और खिताबी मुकाबले 11 दिसंबर को हजारीबाग में होंगे।

**जेएससीए के अधिकारियों की तैनाती :** इस आयोजन के लिए झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने रमेश कुमार और प्रशांत कुमार को अंपायर, शशिभूषण मिश्रा को स्कोरर, टीआरडीओ के रूप में रोनित सिंह और एलओ के रूप में अवधेश कश्यप की नियुक्ति की है।

**स्थानीय खेलप्रेमियों में उत्साह :** गुमला में पहली बार इस स्तर का राज्य स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है, जिससे स्थानीय खेलप्रेमियों और खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगा, बल्कि जिले की पहचान भी बढ़ाएगा। आज सोमवार को अपराह्न तक कोडरमा और पाकुड़ की टीमें गुमला पहुंच जाएंगी, और टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 26 नवंबर को खेला जाएगा। गुमला के खेल इतिहास में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है।

सुप्रभात

सभी व्यक्तियों में ईश्वर को देखना सीखिए, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों। जब आप प्रत्येक मानव से अपनी एकरूपता का अनुभव करना प्रारंभ कर देंगे, तभी आप जानेंगे कि दैवी प्रेम क्या है, उससे पहले नहीं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'सफलता का नियम'

संपादकीय

## अहंकार में डूबी रफ्तार और टूटी-फूटी सड़कें

पिछले दिनों हजारीबाग में अधूरी टूटी फूटी सड़क में बस पलट गई और 7 मारे गए। भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है।भारत का सड़क की यात्रा तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बनी हुई है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार होते हैं। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खूनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- अहंकार में डूबकर बेमतलब तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1,73,000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है।

> **देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए।**

# महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त, अहंकार पस्त


कमलेश पांडे

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा की दो सीटों और विभिन्न दर्जनाधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम चौंकाने वाले हैं। ये चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट इशारा कर रहे हैं कि मतदाताओं ने जहां सियासी सूझबूझ को ग्रेस देते हुए मस्त कर दिया है, वहीं राजनैतिक अहंकार को पूरी तरह से पस्त करके जमीन पर ला दिया है। मतलब यह कि पारस्परिक सिरफुटौव्वल को सिरे से खारिज कर दिया है। दो टूक शब्दों में कहें तो मतदाताओं ने जहां महाराष्ट्र के भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सहयोगियों सहित और झारखंड के जेएमएम नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साथियों सहित अपनी-अपनी सियासत को नए सिरे से आगे बढ़ाने का मौका दिया है।

वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एनसीपी शरद पवार के नेता शरद पवार/सुप्रिया सुले, शिवसेना यूटीबी के नेता उद्धव भाऊ ठाकरे, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव आदि को जोर का झटका धीरे से दिया है, क्योंकि इनके बीच समुचित सामंजस्य के अभाव को मतदाताओं ने समय रहते ही भांप लिया और इनकी उम्मीदों के विपरीत परिणाम दिया।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लाज जनता ने बचा ली है। वहीं, पंजाब में आप-कांग्रेस की टक्कर एकबार फिर सामने आई है, जो आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगी। वहीं, कांग्रेस नेत्री और वायनाड, केरल के लोकसभा उपचुनाव की प्रत्याशी प्रियंका गांधी को जीत देकर उनका राजनीतिक मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जबकि महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की शिकस्त और बीजेपी को बढ़त मिली है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र के शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा एनसीपी नेता व उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी अपने-अपने दल को तोड़ने के बावजूद अपनी-अपनी पार्टी की विरासत पर पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है। उनके इस मिशन को पूरा करने में भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के चमत्कारिक नेतृत्व के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। कुल मिलाकर एक ओर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति (गठबंधन) को प्रचंड जीत मिली है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफलता हासिल कर ली है। अब इनका मुख्यमंत्री कौन होगा और उनका मंत्रिमंडल कैसा होगा, इसको लेकर माथापच्ची शुरू हो चुकी है।

वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, एनसीपी शरद पवार और शिवसेना यूटीबी के महाविकास अगाड़ी के अलावा यूपी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और बिहार विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के निराशाजनक प्रदर्शन से इनकी आंतरिक रस्साकशी का भी भंडाफोड़ हो चुका है। इससे इनके लोकसभा चुनावों के संयुक्त प्रदर्शन पर भी पानी फिर गया है। इससे सेक्यूलर मतदाताओं में भी गहरी निराशा छा गई है। हालांकि, झारखंड में कांग्रेस और राजद को मिली जीत से पार्टी के नेतृत्व को थोड़ी राहत मिली है। वहीं, एनडीए की जोरदार सफलता से विकास, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की भावना एक बार फिर उफान पर है, क्योंकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' के नारे और पीएम नरेंद्र मोदी के 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' के नारों का असर महाराष्ट्र से लेकर यूपी-बिहार तक दिखाई पड़ा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश से लेकर असम तक इसका असर पड़ा है। लेकिन झारखंड में यह नारा कैसे मिस्फायर कर गया, यह शोध का विषय है। वहीं, बंगलादेशियों/रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा भी यहां फेल हो गया, क्योंकि इनलोगों ने गोलबंद होकर इंडिया गठबंधन को पोल कर दिया। वहीं, लाडली बहना योजना की सफलता ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार को फिर से वहां लौटने का मौका दिया है। वहीं, केरल और कर्नाटक में कांग्रेस की सियासी इज्जत बच गई है।

बता दें कि लगभग एक दर्जन से अधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों सहित लोकसभा की 2 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे और इनके रुझानों से उपर्युक्त आशय के संकेत मिले थे। इन 48 सीटों में से यूपी की 9 सीटों पर देशभर की निगाहें लगी हुई थी, जहां बीजेपी नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 सीट जीतकर एकबार फिर अपना जलवा दिखा दिया है, जबकि सपा को मात्र 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जिससे उसके पीडीए का दम्भ चकनाचूर हो गया। उधर, बिहार में राजद विस उपचुनाव वाली चारों सीटों पर पिछड़ती चली गई, जिससे तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर अब सवाल उठने लगा है। इसके अलावा वायनाड सीट के रिजल्ट को लेकर भी काफी उत्सुकता है, जहां से प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की है। साथ ही राजस्थान में 7, पश्चिम बंगाल में 6, असम में 5, पंजाब और बिहार में 4-4 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे से जहां सत्ताधारी गठबंधन सब पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। वहीं, कर्नाटक और केरल में 3-3 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस गठबंधन की लाज बच गई है। इनके अलावा उत्तराखंड की केदारनाथ सीट पर नजरें टिकी हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। इससे साफ है कि महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त साबित हुआ, जबकि अहंकार पस्त हो गया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



देश की बात

## चिंताजनक है महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा


योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए विश्वभर में 'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन बहनों पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल द्वारा डोमिनिक शासक रैफेल टुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किए जाने पर उस क्रूर शासक के आदेश पर 25 नवम्बर 1960 को उन तीनों की हत्या कर दी गई थी। वर्ष 1981 से उस दिन को महिला अधिकारों के समर्थक और कार्यकर्ता उन्हीं तीनों बहनों की मृत्यु की पुण्यतिथि के रूप में मनाते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसम्बर 1999 को एकमत से हर साल 25 नवम्बर का दिन ही महिलाओं के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने के लिए निर्धारित किया गया। सरकारों, निजी क्षेत्र और प्रबुद्ध समाज से यौन हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि महिलाओं के प्रति हिंसा विश्व में सबसे भयंकर, निरन्तर और व्यापक मानव अधिकार उल्लंघनों में शामिल है, जिसका दंश विश्व में हर तीन में से एक महिला को भोगना पड़ता है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र महिला' का गठन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। महिलाओं को हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है, उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है। भारत के संदर्भ में महिला हिंसा को लेकर आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति काफी चिंताजनक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात

## महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर


संजय गोस्वामी

जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर का जन्म 25 नवंबर 1814 को हीलब्रोन, वुर्टेमबर्ग जर्मन में हुआ था, वे एक फार्मासिस्ट के बेटे थे।वुर्टेमबर्ग जो नेकर नदी के किनारे एक छोटा सा शहर है, जो एक मेडिकल आदमी मेयर जो रॉबर्ट के नाम से जाने जाते थे उन्होंने पास के ट्यूबिंगन विश्वविद्यालय में मेडिकल स्कूल में पढ़ाई की, और हीलब्रॉन में अभ्यास करने से पहले, उन्होंने ईस्ट इंडीज की एक साल की डच यात्रा के लिए जहाज के डॉक्टर के रूप में हस्ताक्षर करके दुनिया को देखने का फैसला किया। कई बुखार से पीड़ित नाविकों के रक्तपात में लगे रहने के दौरान, उन्होंने देखा कि उनकी नसों में खून सामान्य से बहुत ज्यादा लाल था, लगभग धमनी के खून जितना लाल, यह दशार्ता है कि शिरापरक रक्त में सामान्य से ज्यादा ऑक्सीजन थी। इस मामले पर विचार करते हुए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि यदि रक्त में ऑक्सीजन का उद्देश्य भोजन के ऑक्सीकरण के माध्यम से शरीर को गर्मी प्रदान करना है, तो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में लोगों को कम शारीरिक गर्मी की आवश्यकता होगी, और इसलिए वे कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं। और इसने मेयर को यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित किया कि प्रकृति में गर्मी को संरक्षित किया जाना चाहिए, कि शरीर द्वारा उपयोग की जाने वाली ऑक्सीजन आवश्यक गर्मी के अनुपात में होनी चाहिए। 1840 का दशक ऊष्मागतिकी के इतिहास में एक अद्भुत दशक था, क्योंकि कई वैज्ञानिकों ने, काफी स्वतंत्र रूप से, ऊर्जा के संरक्षण के सिद्धांत की खोज की थी। दरअसल, उन्होंने ऊर्जा की अवधारणा की खोज की, और फिर यह कि ऊर्जा एक ऐसी मात्रा है जो सभी अंतर्क्रियाओं में संरक्षित रहती है। जेम्स जूल की तरह ऊर्जा के संरक्षण के विचार पर ठोकर खाने वाले ज्यादातर लोग गणितीय या प्रायोगिक भौतिक विज्ञानी थे। थर्मोर्डायनामिक्स के प्रथम नियम के कई स्वतंत्र खोजकर्ताओं में से पहले के रूप में सभी पाठ्यपुस्तकों में शामिल हैं।जर्मन चिकित्सक और भौतिक विज्ञानी जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर का निधन 20 मार्च, 1878, को 63 वर्ष की आयु में हो गया । लेकिन थर्मो डायनामिक्स में शोध के लिए आज भी लोग याद करते हैं। मेयर हेलब्रॉन लौटने पर, मेयर ने इस मामले को आगे बढ़ाया, और उन्होंने 1841 में ऊष्मा के संरक्षण पर एक पेपर लिखा, जिसे उन्होंने एनालेन डेर फिजिक को भेजा, जिसे संपादक ने जाहिर तौर पर इतना विचित्र माना कि उन्होंने जवाब देने या पांडुलिपि वापस करने की भी जहमत नहीं उठाई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

**जब आप अपने मन को असंगत विचारों और भावनाओं से भर लेते हैं, तो आप अपना विनाश कर रहे होते हैं। किसी से घृणा अथवा क्रोध क्यों करें? अपने शत्रुओं से भी प्रेम करें। क्रोध की आग में क्यों उबलते रहें?**

## नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद


आप जो कुछ संसार को देंगे वही आपके पास वापस आएगा। घृणा करेंगे, तो बदले में आपको घृणा ही मिलेगी। जब आप अपने मन को असंगत विचारों और भावनाओं से भर लेते हैं, तो आप अपना विनाश कर रहे होते हैं। किसी से घृणा अथवा क्रोध क्यों करें? अपने शत्रुओं से भी प्रेम करें। क्रोध की आग में क्यों उबलते रहें? यदि आपको किसी बात पर क्रोध आ जाए, तो तुरन्त इस पर काबू पाएँ। थोड़ा-सा टहलें, दस या पन्द्रह तक गिनें, या अपने मन को किसी सुखद बात की ओर लगाएँ। बदले की भावना को त्याग दें। जब आप क्रोधित होते हैं तो आपका मस्तिष्क बहुत गरम हो जाता है, आपके हृदय के वॉल्व की कार्य-प्रणाली में बाधा आती है, और आपके पूरे शरीर से शक्ति का ह्रास होने लगता है। शान्ति और अच्छाई को निःसृत करें; क्योंकि यही आपके अन्दर स्थित ईश्वर के प्रतिबिम्ब की वास्तविक प्रकृति है- आपका सच्चा स्वरूप। तब कोई भी आपको अशान्त नहीं कर सकता। जब आप ईर्ष्यालु होते हैं, तो आप शैतान की माया* के साथ षड्यन्त्र में होते हैं। जब कभी भी आप क्रोधित होते हैं, तो शैतान आपका मार्गदर्शन कर रहा होता है।... किसी भी समय जब ईर्ष्या, भय या क्रोध की वाणी बोलती है, तो स्मरण रखें वह आपकी वाणी नहीं है और उसे आप जाने का आदेश दें।

(क्रमशः)

### फेसबुक वॉल से




### X से


Surya Pratap Sing... @suryapsingh_IAS Follow

PM मोदी गुयाना क्यों गये?

•गुयाना को हाल में मिले हैं, अपने यहाँ अकूत तेल और गैस का भंडार।
•छोटा सा देश जहां 40% भारतीय मूल के लोग रहते हैं।
•गुयाना, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक (20% आर्थिक दर)
• कोरोना काल में जब दुनिया ने दरवाज़े बंद कर दिये थे तब भारत ने गुयाना को वैक्सीन भेजी थी, लोगों की जान बचाई थी।

इस पृष्ठभूमि के साथ, मोदी गुयाना से दीर्घ क़ालीन आयल परचेज संधि पर निगोशिएट कर रहे हैं।

उधर सोरोस के प्यादे अपने देश की बदनामी का खेल खेल रहे हैं।अपने देश का कोई उद्योगपति चीन को टक्कर दे रहा है तो इन्हें बुरा लग रहा है।

मोदी को देश चिंता है तो उनको अपने निजी परिवार की।

### आज का दोहा

**दो आंखें गीली इधर, दो गीली उस ओर।**
**यही रस्म है प्रीत की, क्या अब भी सब ओर।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

## फिर से आ सकते हैं भारतीय शेयर मार्केट के अच्छे दिन


शशांक भारद्वाज

लगता है भारतीय शेयर मार्केट के अच्छे दिन फिर से वापस आने वाले हैं। पिछले सप्ताह के अंतिम व्यापारिक सत्र शुक्रवार को बहुत ही बड़ा उछाल देखने को मिला। निफ्टी 557 अंक तथा सेंसेक्स में 1961 अंक चढ़ गया। बढ़त बहुत बड़ी अवश्य थी परंतु अधिक महत्वपूर्ण यह था कि यह तेजी बिना शोर के अप्रत्याशित थी। जब मंदी के मध्य ऐसी तेजी आती तो यह सामान्यतया मंदी की दिशा में परिवर्तन का संकेत होता है।यदि इस सप्ताह के प्रथम दो दिनों में भी मार्केट तेज हुआ तो मंदी का ट्रेंड परिवर्तित हो सकता है, अच्छी तेजी देखी जा सकती है। भारतीय मार्केट में गिरावट इजरायल पर ईरान के आक्रमण से आरंभ हुई थी, अन्य कारण अधिक मूल्यांकन, ऊंची पीई, भारत से परिवर्तित हो चीन में निवेश, एफआईआई की बहुत बड़ी बिकवाली, मोदी की राजनीतिक शक्ति कम होने का भय इत्यादि थे। निफ्टी में 2000 अंकों से अधिक की गिरावट आयी थी। अब लग रहा परिस्थितियां बदल रहीं हैं। युद्धों में कोई विशेष नई भयावहता नहीं आयी है, मार्केट में गिरावट के कारण मूल्यांकन पीई नीचे 22 पर आया है, चीन के निवेश का गुब्बारा फूट रहा है, प्रमुख विदेशी संस्थान पुनः भारत में बुलिश हो निवेश की राशि का आवंटन बढ़ा रहें हैं, एफआईआई का विक्रय भी अपेक्षाकृत कम हो रहा है।मोदी की हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में बहुत बड़ी विजय ने उनकी शक्ति पुनः बढ़ने के संकेत भी दिए हैं। कहते हैं, शेयर मार्केट बहुत कुछ जान लेता है। लगता है, उसको पता चल गया था कि भाजपा महाराष्ट्र में बड़ी विजय की ओर है। तो एक बार तो बहुत कुछ ठीक होता दिख रहा है। घरेलू निवेशक नए डीमैट खाते तो खोल ही रहें हैं,म्यूचुअल फंड में भी 50000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रहें हैं। इन कारकों से मार्केट में मंदी की जो अवधारणा बनी हुई थी,वो तेजी आने की अवधारणा में परिवर्तित हो सकती है। ऐसा हुआ तो सूचकांकों में तो अच्छी तेजी आएगी ही, शेयर विशेष में बहुत बड़ी तेजी देखी जा सकती है। निफ्टी की पीई 26 हो गई थी तो उसको बहुत महंगा माना जाने लगा था परंतु नैस्डेक की पीई 36.35 तथा डाउ की पीई 33.51 है। ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट तो सस्ते हैं। शक्तिशाली मोदी के सक्षम हाथों में एक शक्तिशाली विकसित भारत बनना निश्चित है तथा उससे भारतीय शेयर मार्केट का भी बड़ा विकास भी निश्चित है। अगले वर्ष ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण कर लेंगे। उनको व्यापार पक्ष की नीति, ब्याज दरों में कमी का समर्थक माना जाता है, साथ ही इजराइल अरब, रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की बात भी उन्होंने कही है। ऐसा होने पर वैश्विक व्यापार, अर्थव्यवस्था में सहजता, वृद्धि होगी तथा इससे शेयर मार्केट पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अगला वर्ष एक अच्छी तेजी का हो सकता है। प्रमुख विदेशी वित्तीय कंपनी गोल्डमैन साक्स ने 2025 के अंत तक निफ्टी के 27000 जाने की भविष्यवाणी की है।उसका मानना है कि निफ्टी कंपनियों की आय में 13 से 16 प्रतिशत की वृद्धि आएगी।सिटी ग्रुप कार्यकारी उप महाप्रबंधक विश्वास राघवन ने कहा है कि निवेशक 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की राशि निवेश करने के लिए तैयार बैठें हैं तथा वैश्विक निवेशकों के लिए भारत दूसरा सबसे बड़ा केंद्र बनेगा। भारत के पक्ष में एक बड़ी बात यह भी है कि यह स्व उपयोग, सेल्फ कंज्यूमिंग, अर्थव्यवस्था है, एक उत्सवधर्मी राष्ट्र, संस्कृति है जो अर्थव्यवस्था को भी गतिशील रखते हैं। शेयर मार्केट की धूरी डाउ शक्तिशाली बना हुआ है।उसने 44296 अंकों की सर्वोच्च साप्ताहिक बंदी दी है। यह भारतीय मार्केट का मनोभाव भी ठीक करने में सहायता करेगा। निफ्टी यदि 23961 के ऊपर तीन दिन बंद हो जाता है तो तकनीकी रूप से भी शक्तिशाली हो जायेगा। फिर 24500 से 25000 की ओर बढ़ सकता है। हायर टॉप हॉयर बॉटम बनाने की ओर बढ़ सकता है। पिछले सप्ताह एफआईआई ने नकद संभाग में 11414 करोड़ रुपए के शेयर बेचे परंतु उनकी इस बिकवाली के बाद भी निफ्टी में 375 अंकों की बढ़त रही। वो स्टॉक फ्यूचर तथा इंडेक्स फ्यूचर में बड़ा क्रय करने लगे है। पिछले सप्ताह स्टॉक फ्यूचर में उन्होंने 15126 करोड़ रूपए का क्रय किया। अडानी पर घूस देने के आरोप का जो प्रभाव मार्केट में आना था, वो आ गया। अब मार्केट उसकी उपेक्षा कर सकता है। सरकार अब बजट की तैयारियों में भी जुटेगी।मोदी सरकार विकास,उद्योग व्यापार को प्रोत्साहन को अपनी सर्वोच्च वरीयता में रखती है। बजट भी इसी दिशा का होगा। उससे शेयर मार्केट भी उत्साहित होगा। वित्त मंत्री सीतारमण जी ने भी ब्याज दरों में कमी की बात कही है। लगता है अब भारत में भी इसका क्रम आरंभ होने वाला है। यह अर्थव्यवस्था तथा शेयर मार्केट दोनों के लिए अच्छा होगा। वर्तमान वित्त वर्ष में कर संग्रह 22.07 लाख करोड़ रूपए के लक्ष्य से अधिक रहने की संभावना है। यह सरकारकी आर्थिक शक्ति सुदृढ़ करेगा। जीविका के मोर्चे पर भी अच्छे समाचार हैं। ईपीएफओ में सितंबर में 18.81 लाख सदस्य जुड़े हैं, जीविकविहीनता घट कर 6.4 प्रतिशत हुई। एमएसएमई में पिछले पंद्रह महीनों में बड़ी संख्या में जीविका उपलब्ध करवाई है। यह अर्थव्यवस्था तथा व्यक्तिगत आय के लिए सकारात्मक है। नकारात्मक समाचारों में विदेशी मुद्रा भंडार के 17.26 अरब डॉलर घटकर चार महीने के निचले स्तर 657.892 अरब डॉलर होना, डॉलर की तुलना में रुपए में गिरावट , विक्स में बढ़ोतरी है।ये सभी अस्थाई हो सकते हैं। भारतीय परिवारों की संपति में इक्विटी का भाग मात्र 5.8 प्रतिशत है। जैसे जैसे शेयर मार्केट का विस्तार होगा, कुछ ही वर्षों में इसके 10 प्रतिशत होने की संभावना है। इससे बहुत बड़ी धनराशि शेयर मार्केट के आ सकती है। मार्केट में पुनः सकारात्मक कारक बलशाली हो रहें हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# साढ़े सात वर्ष में अधिकांश चुनावों में मिली है एनडीए को जीत

एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)

योगी आदित्यनाथ यानी जीत की गारंटी का नाम। विकास, रोजगार, सख्त कानून व्यवस्था, समृद्धि की बदौलत उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों के मन में धारणा बदलने वाले योगी आदित्यनाथ की स्वीकार्यता अपने प्रदेश के 'मन-मन' के साथ अन्य प्रदेशों के 'जन-जन' में बढ़ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव, उपचुनाव, विधान परिषद उपचुनाव, नगर निकाय चुनावों में भाजपा व एनडीए को जीत दिलाई तो अन्य राज्यों में भी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में खूब पसीना बहाया। लिहाजा पीएम मोदी के नेतृत्व में कई राज्यों में भाजपा सरकार बनी। इसमें योगी आदित्यनाथ ने भी काफी मेहनत की। कुंदरकी व कटेहरी में भी कमल खिलाकर नेतृत्व को विश्वास दिला दिया कि यूपी को योगी का ही साथ पसंद है, लिहाजा जन-जन ने योगी आदित्यनाथ को जीत की गारंटी मान लिया है। योगी की रणनीति व संवाद का ही असर रहा कि इस बार निकाय चुनाव में भी भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। इस बार यूपी की सभी 17 की 17 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी के महापौर निर्वाचित हुए हैं, जबकि पिछली बार 2017 में यह आंकड़ा 16 में से 14 का था। पिछली बार यूपी में भाजपा के 596 पार्षद जीते थे, जबकि इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 813 हो गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में भी महायुति गठबंधन ने फिर से सत्ता हासिल की। पीएम के निर्देशन में योगी आदित्यनाथ ने यहां जनसभा कर 24 प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की। इनमें से 22 पर महायुति गठबंधन ने जीत हासिल की। त्रिपुरा में योगी ने दो दिन में छह रैलियां और रोड शो किया था। इन सबमें कमल खिला और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार बनी। मई में ओडिशा में हुए चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ का जादू चला। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी योगी का आह्वान जनता तक पहुंचा। ओडिशा में नवीन पटनायक सरकार गिरी और भाजपा सरकार ने सत्ता संभाली। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में भी पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। इन राज्यों में भी कमल खिला। विधानसभा चुनाव में योगी के जादू का ही असर है कि दोबारा सत्ता में भाजपा की वापसी हुई।



## विधानसभा उपचुनाव में भाजपा व सहयोगी दलों की जीत

| | | | |
|---|---|---|---|
| गोला गोकर्णनाथ | अमन गिरि | कुंदरकी | रामवीर सिंह |
| छानबे | रिंकी कोल (अदएस) | गाजियाबाद | संजीव शर्मा |
| रामपुर | आकाश सक्सेना | फूलपुर | दीपक पटेल |
| स्वार टांडा | शफीक अंसारी (अदएस) | मझवा | सुचिस्मिता मौर्य |
| ददरौल | अरविंद सिंह | कटेहरी खैर | सुरेंद्र दिलेर |
| लखनऊ पूर्वी | ओपी श्रीवास्तव | मीरापुर | मिथिलेश पाल (रालोद) |

## भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या

शहरों में भाजपा की यह जीत योगी की विकास परक नीति पर आमजन की मुहर है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर 2017 में भाजपा को 60 सीटों पर जीत मिली थी। 199 सीटों में से यह आंकड़ा इस बार बढ़कर 88 पहुंच गया। पालिका परिषद सदस्यों में पिछली बार भाजपा को 923 सीट मिली थी, 2023 में यह बढ़कर 1353 हो गई। नगर पंचायतों में भी 191 सीटों में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रतिनिधि काबिज हुए। 2017 में यह आंकड़ा 100 का था। योगी के नेतृत्व में 2023 में 91 सीटें और बढ़कर भाजपा की झोली में आई, वोट प्रतिशत में भी खूब इजाफा हुआ। भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या भी 664 से बढ़कर 1403 हो गई। वहीं नगर निगम, पंचायत व पालिका में भी सपा की साइकिल पंचर हो गई तो बसपा का हाथी भी गिर गया। निकाय चुनाव में भी सपा-बसपा का ग्राफ जबरदस्त गिरा। लक्ष्मण आचार्य के महामहिम राज्यपाल व बनवारी लाल दोहरे के निधन के कारण मई में विधान परिषद की दो सीटों पर उपचुनाव हुए। 403 में से 396 वोट पड़े थे, जबकि एक अवैध हो गया। सीएम योगी की कुशल रणनीति से अखिलेश की चाल यहां भी धरी की धरी रह गई। भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह 280 व पद्मसेन चौधरी 279 मत पाकर परिषद पहुंचे, जबकि सपा के रामकरण निर्मल को महज 116 व रामजतन राजभर को 115 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जुलाई में हुए विधान परिषद उपचुनाव में भी सरकार के मुखिया के तौर पर सीएम योगी के नेतृत्व में बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध सदन पहुंचे।

# पीएम और सीएम नीतीश की जोड़ी पर जनता का भरोसा: जीतन राम मांझी

एजेंसी। गया (आईएएनएस)



केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने महाराष्ट्र और बिहार में एनडीए के शानदार प्रदर्शन के लिए पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार का आभार जताया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के चमत्कारी नेतृत्व में हमने बड़ी जीत दर्ज की है। सीएम नीतीश कुमार के प्रयास और डबल इंजन सरकार के कामों की वजह से हमने बिहार की चारों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर कायम है। विपक्ष के भ्रामक प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने जनता को गुमराह करने का काम किया लेकिन इस बार जनता ने उनकी नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है। हम और हमारा गठबंधन आरक्षण और संविधान के समर्थन में है। इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता। इससे पहले बिहार सरकार में मंत्री नीरज कुमार बबलू ने भी कहा था कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार की नीतियों में जनता के भरोसे का परिणाम है। इस जीत के लिए हम कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते है। यह जीत जनता की उम्मीदों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी देश और तमाम राज्यों को आगे बढ़ाने में लगे हैं, उसका उदाहरण महाराष्ट्र की यह जीत है। मंत्री नीरज कुमार बबलू ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और उनकी नीतियों को जनता ने मान्यता दी है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए ने शनिवार को चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उपचुनाव में शानदार जीत हासिल की। उसने इमामगंज सीट बरकरार रखी। वहीं तरारी, रामगढ़ और बेलागंज सीटें 'इंडिया' ब्लॉक से छीन ली।

# शोपियां के हीर पोरा जंगल में मिली देवी-देवताओं की नक्काशी

एजेंसी। शोपियां

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में स्थित हीर पोरा के घने जंगल में प्राचीन नक्काशी और संरचनाएं खोजी गई हैं, जिससे क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास की झलक मिलती है। पहाड़ की चट्टानों पर पाई गई ये नक्काशी हिंदू देवताओं और प्रतीकों को दशार्ती प्रतीत होती है, हालांकि इस मामले में सटीक जानकारी अभी भी अपेक्षित है।ऊंची-ऊंची पहाड़ियों पर उकेरी गई नक्काशियों में हिंदू देवी-देवताओं की आकृतियां और प्रतीक चिह्न दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इन देवी-देवताओं की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। नक्काशियों में देवी-देवताओं के प्रतीक चिह्न इस बात का संकेत हैं कि यह स्थान प्राचीन समय में धार्मिक गतिविधियों और पूजा-अर्चना का केंद्र रहा होगा। ये नक्काशियां स्थानीय ग्रामीणों और वन पथों की खोज करने वाले पर्वतारोहियों को मिली। उनमें देवताओं की छवियां, प्रतीक और प्राचीन लेखन के धुंधले निशान शामिल हैं।

यह स्थल हीर पोरा में मुगल रोड से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां केवल पैदल ही पहुंचा जा सकता है। इस खोज तक पहुंचने के लिए कठिन रास्ता तय करना पड़ता है। आगे की खोज से इन प्राचीन नक्काशियों के बारे में अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है। ऐसी खोज न केवल स्थानीय इतिहास को समझने में मदद करती हैं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होती हैं। स्थानीय इतिहासकारों और पुरातत्वविदों को साइट की जांच करने और इसकी महत्व की पुष्टि करने के लिए कहा गया है। एक स्थानीय प्रबुद्ध ने कहा, यह खोज हमें क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद कर सकती है। ग्रामीणों को इस खोज पर गर्व है और उम्मीद है कि यह शोपियां के ऐतिहासिक महत्व को उजागर करेगी। उन्होंने नक्काशी को क्षति और क्षरण से बचाने की भी अपील की। इस खोज ने इतिहासकारों और सांस्कृतिक विशेषज्ञों के बीच रुचि जगा दी है, जो इस स्थल को संरक्षित करने के लिए तत्काल प्रयास करने का आग्रह कर रहे हैं। यह खोज हमें कश्मीर में छिपे समृद्ध इतिहास की याद दिलाती है, जिसे तलाशने और समझने की जरूरत है।

# भाजपा को मिले सबसे अधिक 1 करोड़ 72 लाख 93 हजार 650 वोट

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सर्वाधिक 1 करोड़ 72 लाख 93 हजार 650 वोट मिले हैं। इन वोटों के साथ ही भाजपा ने सर्वाधिक 132 सीटें हासिल की हैं। वोटों के मामले में कांग्रेस पार्टी राज्य में दूसरे क्रमांक पर रही है, जबकि उसे मात्र 16 सीटें मिल सकी हैं। चुनाव परिणाम के अनुसार महाराष्ट्र में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले हैं और 16 सीटें मिली हैं, जबकि शिवसेना शिंदे समूह वोटों के मामले में राज्य में तीसरे स्थान पर रही और उसे 79 लाख 96 हजार 930 वोट मिले हैं जो कांग्रेस से थोड़े कम हैं। शिवसेना शिंदे समूह को 57 सीटें मिली हैं। वोटों के मामले में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चौथे स्थान पर है और उसे 72 लाख 87 हजार 797 वोट मिले हैं। शिवसेना यूबीटी वोटों के मामले में पांचवें स्थान पर है और उसे 64 लाख 33 हजार 013 वोट मिले हैं और उसे 20 सीटें मिली हैं। अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छठे स्थान पर है और उसे 58 लाख 16 हजार 566 वोट मिले हैं। अजीत पवार की राकांपा ने 41 सीटें हासिल की हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 148 उम्मीदवार उतारे थे, इनमें से सर्वाधिक 132 जीते हैं और भाजपा का जीत का स्ट्राईक रेट सर्वाधिक है। इसी तरह का स्ट्राईक रेट शिंदे समूह की शिवसेना और अजीत पवार की राकांपा का भी है। जबकि कांग्रेस का स्ट्राईक रेट सबसे खराब रहा है।



## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की बड़ी जीत

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। दोनों ही राज्यों में सत्तारूढ़ दल ने जीत दर्ज की है। झारखंड में जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाले इंडी अलायंस को बहुमत मिला है। वहीं, महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने जबरदस्त जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र की 288 सीटों में से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा 132 सीटों पर विजयी रही है जबकि शिवसेना शिंदे ग्रुप ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, महाविकास आघाड़ी गुट की बात करें तो शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 20 सीट, कांग्रेस 16 सीट और एनसीपी (शरदचन्द्र पवार) 10 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रही। अन्य में एमआईएमआईएम को 1 सीट, समाजवादी पार्टी को दो सीट और जन सुराज्य पार्टी को दो सीटें मिली हैं।

## बसपा अब कभी उपचुनाव नहीं लड़ेगी: मायावती

लखनऊ। बसपा मायावती ने महाराष्ट्र व झारखंड की विधानसभा और



यूपी की नौ विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव के बाद आये नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटिंग रोकने के लिए जब तक चुनाव आयोग कोई कदम नहीं उठायेगा, तब तक हमारी पार्टी खासकर उपचुनाव नहीं लड़ेगी। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव में इस बार जो मतदान हुआ है और उसके बाद जो कल नतीजे आए हैं। उसको लेकर लोगों में आम चर्चा है कि पहले देश में बैलेट पेपर के जरिए चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करके फर्जी वोट डाले जाते थे और अब तो ईवीएम के जरिए भी ये कार्य किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत दुख और चिंता की बात है।

## बिहार में भी 200 सीट जीतेंगे, देश में एनडीए की लहर चल रही है

समस्तीपुर(आईएएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'महायुति' सरकार को जनता ने भारी समर्थन दिया है। यहां 288 विधानसभा सीटों में से भाजपा नीत गठबंधन ने 236 सीटों पर जीत हासिल की है। इस जीत के बाद से एनडीए में शामिल राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अब भाजपा की नजर अगले साल होने वाले बिहार और दिल्ली के चुनावों पर है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है। दिल्ली के बाद बिहार में अगले साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए में शामिल दलों की मीटिंग हो रही है। वहीं, दिल्ली में भी भाजपा विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए काम कर रही है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के विधान पार्षद तरुण चौधरी ने रविवार को आईएएनएस से कहा, "आपने देखा होगा कि लंबे समय के बाद महाराष्ट्र में इतने अधिक बहुमत के साथ सरकार बनी है। इससे साफ पता चलता है कि पूरे भारत में एनडीए की लहर चल रही है। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है और हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव में हम 200 से अधिक सीट जीतेंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा।

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# अन्नपूर्णा देवी आज अभियान अब कोई बहाना नहीं का शुभारंभ करेंगी

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी सोमवार को (25 नवंबर) को रंग भवन, आकाशवाणी, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान अब कोई बहाना नहीं का शुभारंभ करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी भी उपस्थित रहेंगे। इस अभियान का उद्देश्य जनता, सरकार और प्रमुख हितधारकों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई योग्य कदम उठाने का आह्वान करना है। यह अभियान ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में नई चेतना 3.0 अभियान के साथ शुरू किया गया है, ताकि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई के आह्वान को व्यापक रूप से फैलाया जा सके वैश्विक स्तर पर हर साल 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक यानी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस से मानवाधिकार दिवस तक लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 दिनों का सक्रियता अभियान मनाया जाता है।

# विपक्ष ने की संसद में मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली




सरकार ने कहा -'सदन की कार्यवाही चलने दें'

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले रविवार को सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई जिसमें विपक्ष ने मणिपुर हिंसा और प्रदूषण समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की। बैठक के उपरांत कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी ने मणिपुर हिंसा मामले, प्रदूषण, खास तौर पर वायु प्रदूषण, और देश में हो रही रेल दुर्घटनाओं पर संसद में चर्चा चाहती है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इसके लिए बकायदा प्रस्ताव भी रखा गया है। वहीं, सत्ता पक्ष का कहना है संसद में विभिन्न विषयों पर चर्चा का फैसला संसद की कार्य मंत्रणा समिति करेगी। इसके साथ ही सत्ता पक्ष ने आग्रह किया है कि विपक्ष सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दे। संसद के शीतकालीन सत्र में प्रियंका गांधी वाड्रा समेत दो नए सांसदों को शपथ भी दिलाई जाएगी। ये सांसद वायनाड और नांदेड़ सीट पर हुए उपचुनावों में विजयी होकर संसद पहुंचे हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला सत्र के दौरान दोनों सांसदों को शपथ दिलाएंगे। विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की यह सर्वदलीय बैठक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुलाई थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश, द्रमुक के टी. शिवा और अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल भी शामिल हुईं। जानकारी के मुताबिक, संसद के इस शीतकालीन सत्र के दौरान 16 विधेयक विचार और पारित किए जाने हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से संबंधित विधेयकों का सेट फिलहाल कार्य सूची का हिस्सा नहीं है। रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना, बीजू जनता दल समेत करीब 30 पार्टियों के 40 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# एनसीसी कैंप के दौरान मिली पीएम मोदी की कैडेट के तौर पर एक पुरानी फोटो

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 24 नवंबर 2024 को अपना 76वां स्थापना दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 1948 में स्थापित दुनिया के इस सबसे बड़े वदीर्धारी युवा संगठन का हिस्सा रह चुके हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पीएम मोदी के बारे में कई रोचक जानकारियां उपलब्ध कराने वाले अकाउंट 'मोदी आर्काइव' पर पीएम मोदी की एक पुरानी फोटो शेयर की गई है। फोटो में पीएम मोदी के युवा दिनों की झलक दिखाई गई है। यह फोटो एनसीसी के कैंप की है। पोस्ट में फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया गया है, एक युवा एनसीसी कैडेट, अब भारत के प्रधानमंत्री हैं। क्या आप उनको इस फोटो में पहचान सकते हैं? उल्लेखनीय है कि फोटो में युवा नरेंद्र मोदी सबसे सामने वाली लाइन में बैठे हुए हैं। राष्ट्रीय कैडेट कोर स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात के 116वें एपिसोड में भी बात की और देशवासियों को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने एनसीसी दिवस पर युवाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में एनसीसी से जुड़ने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, आज एनसीसी दिवस है जो बड़ा खास दिन है। एनसीसी का नाम सामने आते ही हमें स्कूल-कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहा हूं, इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल है। पीएम मोदी ने बताया कि साल 2014 में 14 लाख युवा एनसीसी से जुड़े थे। अब 2024 में, 20 लाख से ज्यादा युवा एनसीसी से जुड़े हैं। देश में एनसीसी को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। 2014 में करीब पहले के मुकाबले पांच हजार और नए स्कूल-कॉलेजों में अब एनसीसी की सुविधा हो गई है। अब एनसीसी में गर्ल्स कैडेट्स की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है और मौजूदा समय में यह करीब 40% हो गई है।

# पेंशनधारियों को टारगेट कर ठगी करने वाला साइबर शुभम गिरफ्तार

एजेंसी। पूर्वी चंपारण

**2020 में दिल्ली से किया था,ठगी की शुरूआत**

साइबर थाना पुलिस ने पेंशनधारियो व वरिष्ठ नागरिको से ठगी करने वाला शातिर शुभम कुमार उर्फ बाला जी को मुजफ्फरपुर जिले के बलुराज से गिरफ्तार किया है।जिससे पूछताछ जारी है। उसने बताया है,कि वह 2020 में दिल्ली शालीमार बाग के एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हुए साइबर ठगी का धंधा शुरू किया। इस दौरान एक ठगी के मामले शालीमार बाग थाने में कांड संख्या 603/20 दर्ज है। जबकि हाल में उसने कोलकत्ता में ऑनलाइन 1 लाख 98 हजार की ठगी किया। इस बाबत साइबर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी वसीम फिरोज ने बताया है कि मोतिहारी साइबर थाने में दर्ज कांड संख्या 56/24 में उसे गिरफ्तार किया गया है। शुभम बुजुर्ग पेंशनधारियो को टारगेट कर उनके फिक्स डिपाजिट राशि, पेंशन की राशि आदि के रिनियुअल करने या अपडेट के नाम पर उनसे जानकारी प्राप्त कर लेता था, साथ ही फर्जी आधार कार्ड बनाकर खाते में एक जगह पैसा इक्कठा कर राशि निकाल लेता था। इस गैंग में और भी अपराधी शामिल हैं। इसके अलावें पेंशनधारी या वृद्ध लोगो का डेटा उसे कहा से प्राप्त होता था, पुलिस इसको भी खंगालने में जुटी है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी के अलावे इंस्पेक्टर मुमताज आलम, आदि शामिल थे।

# अमृतसर में थाने के बाहर से मिला आईईडी जांच में जुटी पुलिस

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित अजनाला पुलिस थाने के बाहर से रविवार को आईईडी बरामद किया गया है। यह वही पुलिस थाना है जहां खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल ने हमला करके अपने साथियों को छुड़ाया था। इस पुलिस थाने के आसपास के क्षेत्र में पहले भी बम धमाके हो चुके हैं। आशंका जताई जा रही है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से किसी ने यह हरकत की है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा इसकी जांच शुरू कर दी गई है।जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय करते हुए अपने कब्जे में ले लिया।

# आईपीएल 2025: 27 करोड़ के पंत सबसे महंगे, 26.75 करोड़ में अय्यर



ऋषभ पंत

जेद्दा। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। पंत को 27 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कीमत पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा है। इससे पहले श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी का पिछला रिकॉर्ड मिचेल स्टार्क के नाम था जिन्हें केकेआर ने 24.25 करोड़ रूपए की कीमत पर पिछले साल खरीदा था। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी का रिकॉर्ड कुछ ही मिनटों की देरी में दो बार टूट गया। सबसे पहले श्रेयस अय्यर ने स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा और उसके कुछ ही देर बाद ऋषभ पंत अय्यर को पीछे छोड़कर सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था जिसके कारण उन्हें नीलामी में उतरना।

**मो. शमी** सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 करोड़ में खरीदा

**मो.सिराज** गुजरात ने 12.25 करोड़ में खरीदा

**अर्शदीप** पंजाब ने 18 करोड़ में बरकरार रखा

**स्टार्क** दिल्ली कैपिटल्स ने 11.75 करोड़ में खरीदा

**बटलर** गुजरात ने 15.75 करोड़ में खरीदा

**मिलर** लखनऊ ने 7.50 करोड़ में खरीदा


**लविंगस्टोन** बेंगलुरु ने 8.75 करोड़ में खरीदा

**के एल** दिल्ली ने 14 करोड़ में अपने नाम किया

**युजवेंद्र** 18 करोड़ में पंजाब ने खरीदा

**रबाडा** 10.75 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस ने खरीदा





श्रेयस अय्यर

## पंजाब किंग्स को पावरहाउस में से एक बनाना है लक्ष्य : मुख्य कोच रिकी पोंटिंग

**जेद्दा (सऊदी अरब)** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले, पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनका लक्ष्य 10 टीमों के टूनामेंट में फ्रेंचाइजी को पावरहाउस में से एक बनाना है। पंजाब किंग्स ने विकेटकीपर-ओपनर प्रभसिमरन सिंह और मध्यक्रम के बल्लेबाज शशांक सिंह की अनकैप्ड जोड़ी को बरकरार रखा है। वे 110.5 करोड़ रुपये के पर्स के साथ नीलामी में उतरते हैं, जो सभी दस आईपीएल टीमों में सबसे बड़ा है। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से कहा,ह्लमैं कुछ सफल टीमों के साथ रहने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। इसलिए कुछ वर्षों तक मुम्बई और फिर दिल्ली,जहां हमने वहां प्लेऑफ में जगह बनाने का अच्छा प्रदर्शन किया। और मुझे पंजाब किंग्स लाइनअप में कुछ युवा खिलाड़ियों का लुक पसंद आया।दो दिवसीय आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में दस टीमें 577 खिलाड़ियों के पूल में से 204 स्लॉट भरने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें से 70 उपलब्ध स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए होंगे।

## संतोष ट्रॉफी: मिलिंद नेगी को दिल्ली की कप्तानी


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। संतोष ट्रॉफी के लिए सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली दिल्ली राज्य टीम की कप्तानी गढ़वाल हीरोज के कप्तान मिलिंद नेगी करेंगे। मोहित मित्तल उप-कप्तान बनाए गए हैं।

एडमिनिस्ट्रेटिव हैड एकलव्य सिंह द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार अमृतसर में खेली जाने वाली चैम्पियनशिप में दिल्ली को अपने पूल में चंडीगढ़, उत्तराखंड और हरियाणा का सामना करना है।

चयन समिति के चेयरमैन रिजवान-उल-हक के अनुसार, विक्रांत गुप्ता हेड कोच, अजय कुमार सहायक कोच, और संदीप ढोले गोलकीपर कोच बनाए गए हैं। जोगिदंर रावत अन्य कोच, अजय कुमार मैनेजर और इम्यारिबा पोंगेनर फिजियो का दायित्व निभाएंगे। टीम में सुदेवा के छह और गढ़वाल के पांच खिलाडियों को शामिल किया गया है '

**दिल्ली की टीम इस प्रकार है:-**

राजकुमार महतो, सचिन झा, वाहेंगबाम लेजेंड सिंह (गोलकीपर), नितिन भंडारी, रोहमिंगथांबा, सोनम सेबांग होकम, थांगमिनलीन हावोकिप, मिलिंद नेगी, हिमाशु राय, मर्विन खामुनथांग (डिफेंस); कामजिनसी, तौथांग, केएस शिखर, रिशब डोबरियाल, जाजो प्राशान, मोहित मित्तल, लामलालियान, शीजोजफ हावोकिप और रितुराज मोहन (मिडफील्डर); जयदीप सिंह, लाशांबोक बुफांग, आशीष शॉ, जितेंद्र कुमार (फॉरवर्ड)



## तीसरे दिन का खेल खत्म

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में गंवाए तीन विकेट

**पर्थ (हि.स.)**। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। नाथन मैकस्वीनी खाता भी नहीं खोल सके, जबकि मार्नस लाबुशेन तीन रन और कप्तान पैट कमिंस दो रन बनाकर आउट हुए। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब भी 522 रन बनाने हैं। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिए हैं, जबकि सिराज को एक विकेट मिला है।

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इसके बाद जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी। भारत को दूसरी पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी। अब दूसरी पारी में भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाकर पारी घोषित कर दी है। इस लिहाज से भारतीय टीम की कुल बढ़त 533 रन की हुई और ऑस्टेलिया को 534 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 12 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब भी जीत के लिए 522 रन और बनाने हैं। वहीं भारतीय टीम को जीत के लिए सात विकेट और लेने हैं।

**भारत दूसरी पारी**

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 161 | 297 | 15 | 03 | 54.20 |
| के एल राहुल | 77 | 176 | 05 | 00 | 43.75 |
| देवदत्त पड़िक्कल | 25 | 71 | 02 | 00 | 35.21 |
| विराट कोहली | 100 | 143 | 08 | 02 | 69.93 |
| ऋषभ पंत | 01 | 04 | 00 | 00 | 25.00 |
| ध्रुव जुरेल | 01 | 06 | 00 | 00 | 16.66 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 29 | 94 | 00 | 01 | 30.85 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 38 | 27 | 03 | 02 | 140.7 |



जायसवाल और कोहली के शतक 534 के लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया के 12/3

## यशस्वी जायसवाल ने जड़ा ऐतिहासिक शतक

**297** गेंदों का सामना करते हुए शानदार 161 रन बनाए।

**15** चौके और तीन छक्के इन्होंने अपनी पारी में लागये।

**23** साल की उम्र से पहले चार टेस्ट शतक

यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले तीसरे

**पर्थ (हि.स.)**। भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पर्थ में खेले जा रहे पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में ऐतिहासिक शतक जड़ा। उन्होंने 297 गेंदों का सामना करते हुए शानदार 161 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 15 चौके और तीन छक्के लगाए। यशस्वी का यह ऑस्ट्रेलिया में पहला शतक रहा। इस शतक के साथ ही उन्होंने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। भारतीय टीम की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने छक्का लगाकर टेस्ट करियर का अपना चौथा शतक पूरा किया। यशस्वी का यह शतक 205 गेंदों में आया। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी की और अपनी पारी से भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। यशस्वी दूसरी पारी में 161 रन बनाकर आउट हुए।

**चारों शतक में बनाए 150 से ज्यादा रन-**

गौर करने वाली बात यह है कि यशस्वी ने अभी तक खेले टेस्ट मैचों में जो चार शतक बनाए हैं, वो 150 रनों से ज्यादा रन के रहे। अर्थात 150 से ज्यादा रन की पारी खेलने में कामयाब रहे हैं। यशस्वी ने पिछले साल अपना पहला टेस्ट शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने 171 रन बनाए थे।



भारतीय टीम को जीत के लिए सात विकेट और लेने हैं।

## यशस्वी ने बनाया छक्कों का रिकॉर्ड

यशस्वी जायसवाल एक टेस्ट कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी ने इस साल अब तक टेस्ट क्रिकेट में 35 छक्के लगाए हैं। यशस्वी ने न्यूजीलैंड के दिग्गज खिलाड़ी ब्रैंडन मैक्कुलम को पीछे छोड़ दिया है। मैक्कुलम ने साल 2014 में टेस्ट मैचों में कुल 33 छक्के लगाए थे।

हैरी बुक 6.25 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा

एडन मार्कराम, 2 करोड़ रुपए, टीम -लखनऊ सुपर जाइंट्स ने खरीदा

डेवोन कॉन्वे - 6.25 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा

राहुल त्रिपाठी 3.40 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा

जेक फ्रेजर मैकगक 9 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा

रचिन रविंद्र 4 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा

हर्षल पटेल- 8 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा

रविचंद्रन अश्विन 9.75 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा

वेंकटेश अय्यर 23.75 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता ने खरीदा

मार्कस स्टोइनिस 11 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स ने खरीदा

डेविड वार्नर, बेस प्राइज -अनसोल्ड
देवदत्त पड्डिकल, बेस प्राइज -अनसोल्ड

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# देश में 2014-24 तक आया 689 अरब डॉलर का एफडीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की अनुकूल व्यापार नीतियों के कारण भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बीते 10 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 600 अरब डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आया है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, देश में 1991 के निजीकरण के बाद से जून 2024 तक कुल 1,059 अरब डॉलर का एफडीआई आया है।

इसमें से 689 अरब डॉलर यानी 65 प्रतिशत 2014 से जून 2024 के बीच आया है, जबकि 370 अरब डॉलर यानी 35 प्रतिशत 1991 से 2014 बीच आया था। भारत में चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी एफडीआई मजबूत रहा है। डीपीआईआईटी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से जून की अवधि में 16.17 अरब डॉलर का एफडीआई भारत में आया है, जो पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 10.9 अरब डॉलर से 47.80 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सबसे अधिक 3.9 अरब डॉलर का निवेश सिंगापुर से, 3.2 अरब डॉलर का निवेश मॉरीशस से, 2.4 अरब डॉलर का निवेश नीदरलैंड से, 1.5 अरब डॉलर का निवेश अमेरिका से, जापान से 629 मिलियन डॉलर, साइप्रस से 615 मिलियन डॉलर और यूएई से 555 मिलियन डॉलर निवेश आया था।




### एफआईआई की भारी बिकवाली जल्द होगी कम

**मुंबई**। भारत में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली जल्द ही कम होने वाली है, क्योंकि लार्ज-कैप का वैल्यूएशन भी ऊंचे स्तरों से नीचे आ गए हैं। शेयर बाजार पर नजर रखने वालों ने शनिवार को कहा कि एफआईआई आईटी शेयरों में खरीदारी कर रहे हैं। इससे आईटी शेयरों में लचीलापन आ रहा है। जानकारों का कहना है कि एफआईआई की बिकवाली के बावजूद बैंकिंग शेयरों में मजबूती बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) की खरीदारी है।

### तेजी से होगा शिकायतों का समाधान

## राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 1,000 कंपनियों को किया ऑनबोर्ड

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के लिए अपने कन्वर्जेंस प्रोग्राम के तहत 1,000 से अधिक कंपनियों के साथ साझेदारी की है। ये कंपनियां ई-कॉमर्स, यात्रा और पर्यटन, निजी शिक्षा, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, रिटेल आउटलेट, ऑटोमोबाइल, डीटीएच, केबल सर्विसेज, बैंकिंग और अन्य प्रमुख क्षेत्रों से हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया कि कन्वर्जेंस प्रोग्राम के तहत इन कंपनियों से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन समाधान के लिए सीधे उनके पास स्थानांतरित कर दी जाती हैं। आगे कहा कि साझेदारी कंपनियों की संख्या बढ़कर 1,009 हो गई है, जो कि 2017 में 263 थी। यह वृद्धि हेल्पलाइन की दक्षता बढ़ाने, त्वरित और प्रभावी शिकायत निवारण को सक्षम करने और पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में इन भागीदारों की भूमिका को उजागर करती है। यह साझेदारी सुनिश्चित करती हैं कि उपभोक्ता शिकायतों का निपटान मुकदमेबाजी होने से पहले के चरण में ही कर लिया जाए, जिससे उपभोक्ता विश्वास को बढ़ावा मिले। हालांकि, यदि कोई शिकायत अनसुलझी रहती है, तो उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपयुक्त उपभोक्ता आयोग से संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने शीर्ष दस नॉन-कन्वर्जेंस कंपनियों की पहचान की है जिन्हें चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) के दौरान सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।




## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स और डब्ल्यूआईपीओ में बढ़ रहा भारत का कद

**नई दिल्ली**। भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। इस कारण देश का वैश्विक नवाचार और बौद्धिक संपदा में प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) और विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक (डब्ल्यूआईपीआई) 2024 की रिपोर्ट में देश का प्रदर्शन प्रुमख बौद्धिक संपदा श्रेणियों-पेटेंट, ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रीयल डिजाइनों में काफी अच्छा रहा है। भारत ने वैश्विक पेटेंट आवेदनों में मजबूत प्रगति की है और 2024 विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट में 6वां स्थान प्राप्त किया है, 2023 में 64,480 पेटेंट दाखिल किए थे। इसमें सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पेटेंट आवेदनों में भारत से पहले चीन, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया का स्थान है।


## ओला इलेक्ट्रिक से परेशान ग्राहक, स्कूटर में खराबी पर आया 90,000 रुपये का बिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर तोड़ने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हथौड़े से एक ग्राहक अपने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर को तोड़ रहा है। वायरल वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्राहक ने एक महीने पहले ही ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था और उसमें परेशानी आने लगी। वीडियो में कंपनी पर आरोप लगाया गया कि उसे ठीक करने का खर्च 90,000 रुपये बताया जा रहा है। वीडियो में दिखाया गया कि सफेद टी-शर्ट में एक व्यक्ति ओला इलेक्ट्रिक शोरूम के सामने ही स्कूटर को तोड़ रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में भीड़ भी शोरूम के बाहर जमा है।



रांची स्थित राजभवन में रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो, कांग्रेस, राजद एवं भाकपा (माले) का शिष्टमंडल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला और उन्हें झारखंड में सरकार गठन के लिए निर्वाचित विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है।

## जनता जनार्दन ने विपक्ष की भूमिका दी है अच्छे से निभाएंगे : सीपी सिंह



**रांची।** रांची से सातवीं बार विधायक बने सीपी सिंह ने कहा कि जनता जनार्दन ने उन्हें विपक्ष की भूमिका दी है, वे इसे अच्छे से निभाएंगे। वे सरकार को आगाह करने का काम करते रहेंगे। वर्ष 2019 के अलावा, अभी जनता से किए वायदों को पूरा करने के लिए सरकार को सचेत करते रहेंगे।

## नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय को कई लोगों ने दी जीत की बधाई



**रांची/धनबाद।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय की शानदार जीत दर्ज पर वियाडा के अध्यक्ष विजय झा, टुंडी विधायक प्रत्याशी गौतम मंडल, मारवाड़ी समाज के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज सिन्हा आदि ने उन्हें बधाई दी है। सरयू राय के रांची आवास पहुंच कर लोगों ने उन्हें जीत की बधाई दी।

## 42 विधायक चुनाव जीत कर फिर पहुंचे विधानसभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में छठी विधानसभा कई मायनों में 5वीं विधानसभा से अलग है। वैसे, 5वीं विधानसभा के 82 विधायकों में से 42 विधायक फिर से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचने में कामयाब रहे हैं। लेकिन, 5वीं विधानसभा के 40 विधायक इस बार सदन में नहीं दिखेंगे।

इनमें से 29 विधायकों को विधानसभा चुनाव 2024 में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, 04 विधायक इसी साल हुए लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बन चुके हैं। 06 विधायक इस बार चुनाव मैदान में उतरे ही नहीं थे। दूसरी बात यह है कि इस बार विधानसभा में सदस्यों की संख्या 82 से घटकर 81 होगी। क्योंकि, मनोनयन द्वारा एंग्लो इंडियन समुदाय को प्रतिनिधित्व देने की व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। ज्ञात हो कि 81 विधायक विभिन्न विस क्षेत्रों से निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचते हैं।

## कांग्रेस कोटे से सुरेश कुमार बैठा को मंत्री बनाया जाए : महेश कुमार मनीष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/कांके**

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने कांके विधानसभा सीट से जीते सुरेश कुमार बैठा को कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाए जाने की मांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से की है। उन्होंने कहा है कि सुरेश कुमार बैठा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अपना मुकाम बनाया है और कांके विस की यह सीट कांग्रेस पार्टी के झोली में डाली है।



महेश कुमार मनीष

उन्होंने कहा है कि सुरेश कुमार बैठा ने कांके विधानसभा क्षेत्र, जो भाजपा का अभेद्य किला था, उसे ध्वस्त किया है। इसलिए उन्हें मंत्री जरूर बनाया जाए। साथ ही, सुरेश कुमार बैठा अनुसूचित जाति से आते हैं, इसलिए भी उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना आवश्यक है।

महेश कुमार मनीष ने इस ऐतिहासिक जीत पर कांके की जनता को बधाई देते हुए कहा है कि यह जीत जनता को समर्पित है। सुरेश कुमार बैठा जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा आगे रहेंगे। उनके नेतृत्व में कांके विधानसभा क्षेत्र का स्वर्णिम विकास होगा। जीत की खुशी में महेश कुमार मनीष ने कांग्रेस कार्यकताओं, आम जनता के बीच अबीर गुलाल लगाकर मिठाइयां भी बांटी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मदन मोहन शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस भवन रांची में रविवार को प्रदेश महासचिव स्वर्गीय मदन मोहन शर्मा के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी बेला प्रसाद और सप्तगिरी उल्का, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस के कई नेता मौजूद थे।

## खूंटी में मतगणना केंद्र की सुरक्षा में तैनात जवान की हार्ट अटैक से मौत

**रांची/खूंटी (हि. स.)।** खूंटी के बिरसा कॉलेज में विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए मतगणना केंद्र की सुरक्षा में तैनात खूंटी पुलिस के एक जवान जोहन होरो (59) की शनिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे पुलिस लाइन ले जाया गया। वहां सलामी देने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि जोहन होरो मतगणना के दिन सुरक्षा के लिए बिरसा कॉलेज परिसर में तैनात थे।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की हुई बैठक

# कांग्रेस का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर झामुमो पर कोई दबाव नहीं : मीर

- दो प्रस्ताव पारित
- विधायक दल का नेता चुनने को आलाकमान अधिकृत
- गठबंधन के साथी झामुमो को दिया जाएगा बिना शर्त समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची स्थित कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को विधानसभा चुनाव के बाद नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सहप्रभारी बेला प्रसाद और सप्तागिरी उल्का, स्पेशल ऑब्जर्वर मल्लू भट्टी विक्रमार्क, तारिक अनवर, अल्लावुरू अजय शर्मा भी मौजूद थे। बैठक में नवनिर्वाचित सभी विधायकों को जीत की बधाई दी गई।

बैठक में सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला, विधायक दल का नेता चुनने के लिए आलाकमान को अधिकृत किया गया और दूसरा, गठबंधन के साथी हेमंत सोरेन को बिना शर्त समर्थन दिया गया।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आज हमने दिवंगत मदन मोहन शर्मा को श्रद्धांजलि दी, जो पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उनका अंतिम संस्कार भी आज ही होना है। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सहयोगी झामुमो के साथ बैठक के बाद शपथ ग्रहण और मंत्रिमंडल को लेकर सारी बातें साफ हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से उन पर उपमुख्यमंत्री बनाने का कोई दबाव नहीं है, वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द नई सरकार का गठन हो।

**कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित विधायक थे मौजूद :**

कांग्रेस के कांके विधायक सुरेश बैठा, बेरमो विधायक अनूप सिंह, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी, महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, कोलेबिरा विधायक नमन विकास कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर और जगरनाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू ने बैठक में भाग लिया।

### गत पांच साल के काम को देखकर जनता ने फिर से चुना : रामेश्वर उरांव

लोहरदगा से कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक से पहले कहा, सरकार के पांच साल के काम को देखकर जनता ने फिर से हमें मौका दिया है। यह सच्चाई है कि हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से वित्तीय लोड बढ़ेगा, लेकिन हम रेवेन्यू बढ़ाएंगे और केंद्र के पास से अपनी बकाया राशि की मांग करेंगे। रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम अभी केवल इतना कहेंगे कि हमारी सरकार ने राज्य की जरूरतमंद जनता का ध्यान रखा और जनता ने भी हमें भरपूर आशीर्वाद दिया।

### चुनाव के बाद की एक प्रक्रिया है विधायकों की बैठक : राजेश ठाकुर

कांग्रेस विधायक दल की बैठक को लेकर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद की यह एक प्रक्रिया है, जिसके तहत आज नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई गई है।

### यह पार्टी के समर्पित कार्य की जीत : भूषण बाड़ा

सिमडेगा से नवनिर्वाचित कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा ने कहा कि यह जनता की जीत है। कांग्रेस ने जिस तरह से जनता पर अपना भरोसा जताया है, जनता ने उस भरोसे को पूर्ण रूप से निभाया भी है।

## निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को सौंपी सभी विजयी प्रत्याशियों की सूची



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भेंट की। उनहोंने विधानसभा निर्वाचन-2024 में विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को समर्पित की।

### चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन को बताया सामाजिक अभियान, कहा

## जन सांस्कृतिक धरोहर नहीं बची तो एक बार फिर होगा उलगुलान

- पाकुड़ और साहिबगंज जैसे जिलों में आदिवासी हो चुके हैं अल्पसंख्यक
- यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं, झारखंड की धरोहर की रक्षा की है पहल



चांपई सोरेन

**रांची (हि.सं.)।** भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ह्यएक्सह्ण पर रविवार को बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को एक सामाजिक अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनैतिक या चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर की रक्षा के लिए एक सशक्त पहल है।

चंपाई सोरेन ने चिंता व्यक्त की कि पाकुड़ और साहिबगंज जैसे जिलों में आदिवासी समाज आज अल्पसंख्यक बन चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि हम भूमिपुत्रों की जमीन और वहां रहने वाली बहू-बेटियों की सुरक्षा नहीं कर सके, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने भविष्य में संथाल परगना की वीर भूमि पर अपने अभियान के अगले चरण की शुरूआत करने की घोषणा की। इसमें वीर सिदो-कान्हू और वीरांगना फूलो-झानो को याद किया जाएगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकारें बदलती रहेंगी, लेकिन आदिवासी समाज की पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए यह प्रयास जारी रहना चाहिए।

## पासवा ने हेमंत सोरेन और रामेश्वर उरांव को दी जीत की बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के निजी विद्यालय इस बात के लिए आशान्वित हैं कि नई जनप्रिय सरकार राज्य के निजी स्कूलों के प्रति संवेदनशील रहेगी। रविवार को पासवा के संरक्षक एवं निवर्तमान वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के आवास पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने झारखंड विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए की जीत पर बधाई देते हुए यह बात कही।

आलोक दुबे ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पासवा के संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव यह शुरू से मानते हैं कि झारखंड के निजी विद्यालय राज्य की शिक्षा व्यवस्था की नींव हैं और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। यही कारण है कि पिछली सरकार में भी झारखंड के निजी विद्यालयों को आरटीई की कठिन शर्तों से कभी कोई परेशानी नहीं हुई।

### गवर्नर ने उपभोक्ता संरक्षण कानून के समापन सत्र को किया संबोधित

## उपभोक्ता संरक्षण कानून से जुड़ा है हर नागरिक : राज्यपाल

- अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना सभी का कर्तव्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण कानून हमारे समाज के हर नागरिक से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या आयु का हो, उपभोक्ता है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना उसका कर्तव्य है। इसके प्रावधानों ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल रविवार को रांची के एनयूएसआरएल में आयोजित राष्ट्रीय म्यूट कोर्ट प्रतियोगिता के तहत ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानूनह्ण के समापन सत्र में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इन कानूनों ने उपभोक्ताओं को न्याय प्राप्ति के लिए सुलभ माध्यम प्रदान किए हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विधि व्यवसाय को सदैव एक पवित्र और नैतिक पेशा माना गया है। उन्होंने विधि के क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए विधिशास्त्र के विद्यार्थियों को नैतिकता और न्याय के उच्च मानदंड स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने कहा कि वे भी विधि के छात्र रहे हैं। लेकिन, आपातकाल में जेल चले गए और वकालत नहीं कर सके। इसके बाद राजनीति में आगमन हो गया। उन्होंने कहा, जनता से अपार स्नेह से आठ बार लोकसभा सांसद रहा। अब नए दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले, ये आप सभी की जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनयूएसआरएल, रांची न केवल विधिक शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान कर रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को न्याय और नैतिकता के मूलभूत सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रतियोगिता से प्राप्त अनुभव और ज्ञान विधि छात्रों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सहायक होगा।

### झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं हेमंत सोरेन

## छात्र राजनीति से की थी सार्वजनिक जीवन की शुरुआत

**पहली बार 13 जुलाई 2013 को बने थे सीएम**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीति विरासत में मिली। हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के पुत्र हैं और एक जाने-माने भारतीय राजनेता हैं। वे इंजीनियर बनना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के कारण राजनीति में आ गए। हेमंत सोरेन अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए पार्टी और राज्य में उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी बने।

हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को बिहार (अब झारखंड में) के रामगढ़ जिले के नेमारा में रूपी सोरेन और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के घर हुआ था। हेमंत के दो भाई और एक बहन है। उनकी शैक्षणिक योग्यता पटना हाई स्कूल, बिहार से इंटरमीडिएट है। सोरेन की शादी कल्पना सोरेन से हुई है और उनके दो बेटे हैं। उनकी एक बड़ी बहन अंजलि सोरेन और एक छोटा भाई बसंत सोरेन हैं। चुनाव आयोग के समक्ष दायर हलफनामे के अनुसार, हेमंत ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीआईटी मेसरा, रांची में दाखिला लिया, लेकिन बाहर हो गए।

हेमंत सोरेन ने छात्र राजनीति से सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की। हेमंत सोरेन ने सबसे पहले झामुमो में छात्र संगठन की जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने दुमका सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 24 जून 2009 को वे राज्यसभा के लिए चुने गए। बाद में वे इसी साल दुमका विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद 2014 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने दुमका और बरहेट दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ बरहेट सीट से जीत मिली। दुमका सीट से उन्हें बीजेपी की लुईस मरांडी से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भी हेमंत सोरेन ने दुमका और बरहेट दोनों सीटों से चुनाव लड़ा। इस बार दोनों सीट से उन्हें जीत मिली। इसके बाद उन्होंने दुमका सीट से त्यागपत्र दे दिया। फिर इस क्षेत्र में हुए उपचुनाव में उनके छोटे भाई बसंत सोरेन ने दुमका से जीत हासिल की।

हेमंत सोरेन ने अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लेकर कांग्रेस-राजद के साथ मिलकर सरकार बनाई और पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन, 2014 के चुनाव में हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों को बहुमत नहीं मिला, जिसके बाद हेमंत सोरेन सात जनवरी 2015 से 28 दिसंबर 2019 तक झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को कांग्रेस और राजद के समर्थन से मुख्यमंत्री बने थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com





# संभल जामा मस्जिद विवाद में आगजनी व फायरिंग, 3 की मौत

एजेंसी

**संभल।** जनपद में जामा मस्जिद के दोबारा सर्वे के दौरान रविवार को पथराव, आगजनी और फायरिंग में तीन युवकों की मौत हुई है और कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने इलाके का भ्रमण किया है। पत्थरबाजी करने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रविवार की सुबह सात बजे से 11 बजे तक सर्वे किया जाना था। शांतिपूर्ण तरीके से टीम सर्वे का काम कर रही थी। इस दौरान कुछ लोग एकत्रित होकर जामा मस्जिद के बाहर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ की ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद आगजनी और फायरिंग हुई। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन युवकों की मौत हुई है, जिनमें कोट कर्वी निवासी नईम, सराय तरीम निवासी बिलाल और हयात नगर निवासी नुमान हैं। पुलिस इनके पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना में पुलिस जवान भी घायल हुए हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है और सब कुछ ठीक चल रहा है। भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि उपद्रवियों ने पुलिस प्रशासन को चिन्हित कर पत्थरबाजी की है और पुलिस वाहनों में आग लगाई है। पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। हालात अब नियंत्रण में हैं। उपद्रवियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। इस घटना के बाद यूपी की सियासत में भी हलचल मच गयी है। बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा भी मौके पर भेजे गये हैं। लखनऊ पुलिस मुख्यालय भी पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सम्भल जनपद की जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची एएसआई टीम पर पथराव किया गया। पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े गए। क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।




### सर्वे में लिए गए जरूरी फोटो और वीडियो : विष्णु शंकर जैन

जामा मस्जिद में रविवार को सर्वे का काम पूरा हो गया। सर्वे टीम के वकील विष्णु शंकर जैन ने पत्रकारों से बात करते हुए इस बात की पुष्टि की कि सर्वे पूरी तरह से सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। सर्वे की रिपोर्ट 29 तारीख को न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर याचिका पर कोर्ट ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें कहा गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने मस्जिद बनाने के लिए हरिहर मंदिर को ढहाया था। अधिवक्ता जैन ने मीडिया को बताया कि सर्वे सुबह 7.30 बजे से शुरू हुआ और 10 बजे तक चला। सभी आवश्यक तस्वीरें और वीडियो ले लिए गए हैं।

### क्या है जामा मस्जिद विवाद?

वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने अपने पिता व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन सहित आठ लोगों की ओर से 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर किया। उनका दावा है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट ने सर्वे का वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी का भी आदेश दिया। यह 29 नवंबर तक कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

## इजरायली दूतावास के पास पुलिस पर गोलीबारी एक 'आतंकी हमला' : जॉर्डन

**अम्मान।** जॉर्डन के संचार मंत्री मुहन्नाद मुबैदीन ने कहा कि रविवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना सार्वजनिक सुरक्षा बलों के खिलाफ एक 'आतंकवादी हमला' है। सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय के मुताबिक राजधानी अम्मान में इजरायली दूतावास के पास रबीह क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पुलिस पेट्रोलिंग दल पर गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने हमलावर का पीछा किया और उसे घेर लिया, जिसके बाद उसने गोली चलानी शुरू कर दी।

## यूएई में लापता रब्बी का मिला शव, इजरायल ने कहा- यह आतंकी कृत्य



**अबू धाबी।** अबू धाबी की यहूदी धार्मिक संस्था चबाड चैप्टर के दूत रब्बी जवी कोगन का शव अमिराती अधिकारियों ने बरामद किया। वह गुरुवार से लापता थे। इजरायली पीएम ऑफिस और विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' के मुताबिक अबू धाबी स्थित इजरायली दूतावास यूएई में कोगन के परिवार के संपर्क में है और इजरायल में रहने वाले परिवार के सदस्यों को इस बारे में जानकारी दी गई है।

## इजरायली हमलों में 1 सैनिक समेत 4 की मौत, 40 घायल

**बेरूत।** लेबनानी सेना और लेबनानी रेड क्रॉस के एक सूत्र के अनुसार रविवार को दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक जवान सहित चार लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। दक्षिण-पश्चिमी लेबनान में, रविवार की सुबह इजरायली एयर स्ट्राइक में लेबनानी सेना के एक जवान की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। लेबनानी सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा, "अमेरिया में क्यूलीलेह-टायर रोड पर लेबनानी आर्मी की पोस्ट को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में चौकी को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

## इराकी सुरक्षा बलों ने कुर्दिस्तान में नष्ट किया 'आईएस' सेल

एजेंसी



**बगदाद।** इराक की 'नेशनल सिक्योरिटी सर्विस' (आईएनएसएस) ने घोषणा की कि उसने देश के उत्तरी प्रांत किरकुक में 'इस्लामिक स्टेट' (आईएस) के एक सेल को नष्ट कर दिया। इस दौरान छह 'आईएस' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र का ग्रुप लीडर भी शामिल हैं। कुर्द सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इराकी सुरक्षा कर्मियों ने शनिवार को एक घर पर छापा मारा। सात 'आईएस' आतंकवादी बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में स्थित प्रांतीय राजधानी किरकुक में इकट्ठे हुए थे। छापेमारी के दौरान दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिसके चलते एक आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली और अन्य छह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नेपाल के साथ रणनीतिक व रक्षा सहयोग पर सार्थक चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के बाद रविवार को भारत लौट आए। इस दौरान उन्होंने नेपाली सेना के साथ रणनीतिक चर्चा की। सेनाध्यक्ष ने यहां गोरखा दिग्गजों के साथ बातचीत की। उन्होंने नेपाली सेना प्रमुख को भारत आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि सेनाध्यक्ष की यह नेपाल यात्रा काफी सफल रही। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों और आपसी सम्मान को मजबूत किया है। दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती के संकेत के रूप में, भारतीय सेना ने नेपाली सेना को वेलोर माउंट घोड़े और सेंटिनल डॉग भेंट किए हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा शीतल निवास, काठमांडू में नेपाली सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया गया। यह अनूठी परंपरा भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित करती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये चचाएं वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करने, सैन्य संबंधों, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सहयोग और क्षमता विकास को बढ़ाने पर केंद्रित थीं। अपनी यात्रा के दौरान, सीओएएस ने नेपाल के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक स्तर पर बातचीत की। उन्होंने नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। इसके साथ ही सेनाध्यक्ष ने नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के साथ भी महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस यात्रा में उन्होंने नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय से भी बातचीत की। सीओएएस ने पोखरा में पूर्व सैनिक रैली में भाग लिया, और गोरखा दिग्गजों के साथ बातचीत की। सीओएएस ने विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए उनकी भूमिका की सराहना की। रैली के दौरान एक भावुक क्षण 18वीं बटालियन, जम्मू और कश्मीर राइफल्स के सूबेदार मेजर और मानद कैप्टन गोपाल बहादुर थापा (सेवानिवृत्त) के साथ उनकी बातचीत थी, जो उनकी अपनी इकाई के सूबेदार मेजर थे।

## कानून बनाती है संसद, लागू करने का अधिकार न्यायपालिका के पास: पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायिक पद से 15 दिन पहले सेवानिवृत्त हुए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानून संसद बनाती है लेकिन उसे लागू कराने का अधिकार न्यायपालिका के पास होता है। एनडीटीवी के खास कार्यक्रम एनडीटीवी इंडिया संवाद- संविधान एट 75' में खास मेहमान के रूप में पहुंचे पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जज को हमेशा धैर्य से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून बनाना संसद का काम है, लेकिन उसे लागू करने का अधिकार पूरी तरह से न्यायपालिका के हाथों में है। यह न सिर्फ अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया के मुद्दे पर कहा कि ऐसा नहीं है कि सोशल मीडिया में चलने वाली बातों का हम लोगों के ऊपर असर नहीं होता है। इसका समाज के ऊपर बहुत ही असर पड़ता है। चंद्रचूड़ ने कहा कि जब मैं जज था तो मुझे अपनी अदालत के कामकाज पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होता था।

## फिलीपींस: राजधानी 'मनीला' में लगी भीषण आग, 2,000 परिवार हुये बेघर

एजेंसी

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी में रविवार को भीषण आग लगने से कम से कम 2,000 परिवार बेघर हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। 'मनीला सिटी फायर डिपार्टमेंट' के फायर फाइटर एलेजांद्रो रामोस ने संवाददाताओं को बताया कि मनीला सिटी में सुबह लगी आग ने हल्के और ज्वलनशील पदार्थों से बने करीब 1,000 घरों को नष्ट कर दिया। फिलीपींस वायु सेना ने मनीला खाड़ी के किनारे अवैध रूप से बसे लोगों की जलती हुई कॉलोनी पर पानी गिराने के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया। फिलीपीन तट रक्षक ने भी आग पर काबू पाने में मदद के लिए चार फायर बोट भेजीं। करीब 30 फायर ट्रक घटनास्थल पर पहुंचे।

हालांकि, रामोस ने कहा कि खाड़ी से चल रही तेज हवाओं ने आग को तेजी से फैलने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पतली गलियों ने आग पर काबू पाने के प्रयासों में बाधा डाली।

## एजुकेशन/करियर

# इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड में निकाली कई पदों पर भर्ती

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने कई पदों पर भर्ती निकाली है। जिनके लिए उम्मीदवार आधिकारिक साइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। भारत में सरकारी नौकरियों की तलाश करने वाले युवाओं के लिए एक और सुनहरा अवसर सामने आया है. इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने विभिन्न उच्च पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है. यह भर्ती अभियान न केवल तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों के लिए एक बेहतरीन अवसर है. उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए यहां दिए गए स्टेप्स के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत इंजीनियर, उप प्रबंधक, प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक के कुल 58 पदों को भरा जाएगा। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 19 नवंबर से इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 2 दिसंबर, 2024 है।

### ये तरीके से कर सकते है अपील

### ये है रिक्ति विवरण

| | |
|---|---|
| इंजीनियर | 6 पद |
| उप प्रबंधक | 24 पद |
| प्रबंधक | 24 पद |
| वरिष्ठ प्रबंधक | 3 पद |
| सहायक महाप्रबंधक | 1 पद |

### ऐसे होगा चयन

इन पद पर आवेदकों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा. ज्यादा डिटेल्स के लिए उम्मीदवार आधिकारिक साइट की मदद ले सकते हैं।



### जरूरी शैक्षिक योग्यता

- **इंजीनियर :** संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
- **उप प्रबंधक (रॉक इंजीनियरिंग) :** बीई/ बी.टेक/बीएससी (इंजीनियरिंग)
- **प्रबंधक:** बीई/बी.टेक/बीएससी (इंजीनियरिंग)
- **वरिष्ठ प्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक :** स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री
- **इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड :** आयु सीमा
- नोटिफिकेशन के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 32 से 36 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

### किस तरह कर सकते हैं अप्लाई

- **स्टेप 1:** इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट recruitment.eil.co.in पर जाएं.
- **स्टेप 2:** होम पेज पर "कैरियर" सेक्शन में दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
- **स्टेप 3:** अपनी पात्रता की पुष्टि करें और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें।
- **स्टेप 4:** मांगी गई जानकारी और दस्तावेज अपलोड करें।
- **स्टेप 5:** आवेदन शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म सबमिट करें।
- **स्टेप 6:** भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लें।